भोपाल
रविवार, 8 फरवरी 2026
फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष-12
वर्ष : 12, अंक : 309
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 26
न्यून. 13

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा

# मध्यप्रदेश में दलहन फसलों का उत्पादन तेजी से बढ़ाएंगे



केंद्र के साथ मिलकर काम करेगी राज्य सरकार

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि सीहोर का यह राष्ट्रीय सम्मेलन दलहन क्षेत्र की वर्तमान चुनौतियों, मूल संवेदनाओं और भविष्य की संभावनाओं पर गहन विमर्श का सशक्त मंच बनेगा और नीति निर्धारण व अनुसंधान के क्षेत्र में मील का पत्थर सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में दलहन फसलों का उत्पादन तेजी से बढ़ाएंगे। इसके लिए हम केंद्र सरकार के साथ शेष पेज 6 पर

### प्रशासनिक भवन व प्रयोगशाला का लोकार्पण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय शुष्क क्षेत्र कृषि अनुसंधान केंद्र (इकार्डा) सीहोर के नवनिर्मित प्रशासनिक भवन, प्रशिक्षण केंद्र तथा अत्याधुनिक प्लांट टिशू कल्चर शेष पेज 6 पर

## केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान की घोषणा

# आदर्श किसानों को 1 हेक्टेयर में दलहन उत्पादन के लिए सरकार से 10 हजार रुपए का प्रोत्साहन

सीहोर के अमलाहा स्थित खाद्य दलहन अनुसंधान केंद्र में दलहन आत्मनिर्भरता राष्ट्रीय मिशन के अंतर्गत आयोजित राष्ट्रीय परामर्श एवं रणनीति सम्मेलन में देश भर से आए कृषि मंत्री

- *अरहर, उड़द और मसूर की होगी शत-प्रतिशत खरीदी, प्रदेश में खुलेंगी 55 दाल मिलें*
- *सम्मेलन में आए कृषि मंत्रियों को सौंपा दलहन मिशन की बजट राशि का स्वीकृति-पत्र*
- *अगर कोई दाल मिल शुरू करना चाहता है तो इसके लिए केंद्र सरकार 25 लाख रुपए का अनुदान देगी*

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि दलहन आत्म निर्भरता मिशन के अंगर्तग दालों के कलस्टर बनाए जाएंगे। इकार्डा (इंटरनेशनल सेंटर फॉर एग्रीकल्चरल रिसर्च इन द ड्राई एरिया) के सहयोग से बीज ग्राम और बीज हब बनाए जाएंगे।

प्रगतिशील और आदर्श किसानों को एक हेक्टेयर में दलहन उत्पादन शेष पेज 6 पर



सीएम और शिवराज इकार्डा भवन का लोकार्पण करते हुए

### सम्मेलन में ये रहे मौजूद

राष्ट्रीय सम्मेलन में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री द्वय रामनाथ ठाकुर एवं भागीरथ चौधरी, प्रदेश के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं सीहोर जिले की प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर, राज्यों के कृषि मंत्रियों में ओडिशा के उप-मुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री केवी सिंहदेव, उप्र से सूर्य प्रताप शाही, हरियाणा से श्याम सिंह राणा, गुजरात से रमेशभाई भूराभाई कटारा, छग से रामविचार नेताम, महाराष्ट्र से आशीष जायसवाल, राजस्थान से डॉ. किरोड़ी लाल मीणा, बिहार से शेष पेज 6 पर ▶▶ पढ़ें पेज 03 भी







## खबर संक्षेप

### बाघ के हमले से युवक की मौत, लोगों में गुस्सा



**नर्मदापुरम।** पिपरिया सटे झिरिया डेम के पास बारहदेवी के रास्ते घर लौट रहे युवक पर बाघ ने हमला कर दिया। बाघ उस दूर झाड़ियों में घसीटकर ले गया, जहां उसका पेट और शरीर का कुछ हिस्सा बाघ ने खा लिया।

### भारत का विजयी आगाज यूएसए को 29 रन से हराया



**मुंबई।** भारत ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 के पहले ग्रुप मैच में गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन की बदौलत यूएसए को 29 रन से हरा दिया और जीत के साथ टूर्नामेंट का आगाज किया। पढ़ें पेज 13 भी

### नाबालिग छात्रा को अश्लील वीडियो दिखाया, केस दर्ज



**नर्मदापुरम।** पिपरिया के सरकारी स्कूल के शिक्षक टीकाराम पर नाबालिक छात्रा को मोबाइल में अश्लील वीडियो दिखाने का आरोप है। छात्रा ने अपनी मां को यह घटना बताई। मां की शिकायत पर केस दर्ज हुआ है।

## पीएम मोदी के स्वागत में लगे 'मोदी-मोदी' के नारे

### प्रधानमंत्री मोदी 2 दिन के मलेशिया दौरे पर, नए साल में उनकी यह पहली विदेश यात्रा, भव्य तरीके से हुआ स्वागत

# भारत का यूपीआई जल्द ही मलेशिया में होगा लॉन्च, तिरुवल्लुवर सेंटर भी खुलेगा

*पीएम ने कहा कि हमारा प्रवासी समुदाय भारत और मलेशिया के बीच एक मजबूत सेतु का काम करता है। यहां मिला अपनापन और स्नेह भारत और मलेशिया की साझा सांस्कृतिक विविधता को खूबसूरती से दर्शाता है*



भारतीय समुदाय ने किया स्वागत

एजेंसी ▶▶ कुआलालंपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिन के मलेशिया दौरे पर पहुंच गए हैं। पीएम अनवर इब्राहिम ने कुआलालंपुर पहुंचने पर खुद एयरपोर्ट जाकर प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया। पीएम मोदी ने एक बार फिर किसी राष्ट्राध्यक्ष के साथ एक ही कार में सवार होकर यात्रा की, जिससे उनकी कार डिप्लोमेसी नए सिरे से चर्चा में आ गई। पीएम मोदी ने अपने एक्स हैंडल पर तस्वीरें भी साझा कीं। पीएम मोदी ने लिखा- मैं कुआलालंपुर पहुंच गया हूं।

हवाई अड्डे पर मेरे मित्र, प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम की तरफ से किए गए हार्दिक स्वागत के लिए शेष पेज 6 पर

### प्रवासी भारतीयों से पीएम ने कहा कुआलालंपुर से कोच्चि तक एक जैसा खाना मलेशिया तक है भारत की फिल्में और संगीत की धाक



पीएम मोदी और मलेशिया के पीएम इब्राहिम एक ही कार में

### पीएम अनवर इब्राहिम ने कुआलालंपुर पहुंचने पर खुद एयरपोर्ट जाकर प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया

- पीएम मोदी ने एक बार फिर किसी राष्ट्राध्यक्ष के साथ एक ही कार में सवार होकर यात्रा की
- पीएम मोदी मलेशिया में प्रवासी भारतीय समुदाय के साथ भी संवाद किया
- पीएम अनवर इब्राहिम से रक्षा, आर्थिक, नवाचार सहयोग पर होगी मुख्य चर्चा

### मैं अपना वादा निभाने आया हूं

पीएम मोदी ने यह भी याद दिलाया कि पिछले वर्ष वे आसियान शिखर सम्मेलन के लिए मलेशिया नहीं आ सके थे, लेकिन उन्होंने अपने मित्र से वादा किया था कि वे जल्द ही यहां आएंगे। उन्होंने कहा मैं अपना वह वादा निभाने यहां आया हूं। उन्होंने कहा कि भारत और मलेशिया एक-दूसरे को इतनी आसानी से समझते हैं, शेष पेज 6 पर ▶▶ पढ़ें पेज 11 भी

### आजाद हिंद फौज में थे भारतीयों के पूर्वज

उन्होंने यह भी याद दिलाया कि भारत की आजादी से बहुत पहले, यहां बसे भारतीयों के हजारों पूर्वजों ने स्वतंत्रता संग्राम में बलिदान दिए। इनमें से कई लोग भारत में अपने परिवार और पड़ोसियों से जुड़े थे, फिर भी वे नेताजी सुभाष चंद्र बोस की आजाद हिंद फौज से जुड़ने वाले शुरुआती शेष पेज 6 पर

### भारत की सफलता मलेशिया की सफलता

पीएम ने अपने संबोधन में दुनिया में बढ़ती भारत की ताकत बताते हुए कहा कि हम दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था हैं। हम एक-दूसरे की सफलता का जश्न मनाते हैं। जब प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने चंद्रयान-2 की सफलता पर अपनी शुभकामनाएं दीं, तो मुझे बहुत अच्छा शेष पेज 6 पर

## ट्रेड डील के बाद पाक को बड़ा झटका

# ट्रंप ने कश्मीर पर भी दिया साफ संदेश, पूरा पीओके भारत के नक्शे में दिखाया

*भारत के नक्शे में ऑक्साई चीन भी*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



जम्मू और कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। लेकिन पाकिस्तान इस आसान से तथ्य पर चाहे जितनी बहस करे या कितना ही प्रोपेगेंडा चलाए, लेकिन सच्चाई पूरी दुनिया को पता है। अब इस कड़ी में अमेरिका ने पाकिस्तान को बड़ा झटका दिया है। दरअसल, ट्रेड डील पर रूपरेखा तय होने के बाद अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय (यूएसटीआर) ने भारत का नक्शा जारी किया, जिसमें भारतीय क्षेत्र को स्पष्ट रूप से सीमांकित किया गया है। इस नक्शे में उत्तरी केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर को भारत के हिस्से के रूप में दिखाया गया है, जिसमें पाकिस्तान द्वारा अवैध रूप से कब्जा किया गया हिस्सा यानी पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) भी शामिल है। साथ में ऑक्साई चीन भी दिख रहा है। इस पोस्ट के जरिए बताया गया कि अमेरिकी उत्पादों की अब नए बाजार तक पहुंच बनेगी। भारत का नक्शा अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय द्वारा शेष पेज 6 पर

### अमेरिका भारत के मानचित्र से सहमत

यह पोस्ट पाकिस्तान के प्रोपेगैंडा के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। जो कि बार-बार कश्मीर राग अलापने पर करार जवाब है। क्योंकि आमतौर पर इसमें साफ तौर पर बॉर्डर दिखाया जाता है। ऐसे में इस नक्शे के लिए वॉशिंगटन का रुख स्पष्ट है, जिसमें कोई बनावटी बात नहीं बल्कि ठोस तथ्य हैं। अमेरिका ने संकेत दिया है कि अमेरिकी नेतृत्व भारत के राजनीतिक मानचित्र से सहमत है, जो कि वास्तविकता का समर्थन करता है और निराधार क्षेत्रीय दावों के समर्थन में नहीं है। पढ़ें पेज 10 भी

### इन उत्पादों पर शून्य टैरिफ

रत्न व आभूषण, फार्मास्युटिकल उत्पाद, विमान के पुर्जे, इलेक्ट्रॉनिक्स, मसाले, पेय पदार्थ जैसे चाय कॉफी, नारियल, नारियल का तेल, सुपारी, ड्राय फ्रूट्स, ब्राजील का अखरोट, काजू, शाहबलूत, वनस्पति मोम, फल एवोकाडो, केला, आम, अनानास, सब्जी मशरूम, कुछ बेकरी उत्पाद शामिल हैं। अब हमारे एक्सपोर्टर जब अमेरिका सामान भेजेंगे तो जीरो ड्यूटी लगेगी।

## कूनो नेशनल पार्क से आई खुशखबर

# चीता 'आशा' दूसरी बार बनी मां, 5 शावकों को दिया जन्म

सीएम डॉ. मोहन यादव ने जताई खुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कूनो नेशनल पार्क में नामीबियाई चीता आशा ने पांच शावकों को जन्म दिया है।

यह प्रोजेक्ट चीता के लिए एक बड़ी उपलब्धि है, जिससे भारत में जन्मे जीवित शावकों की संख्या बढ़कर 24 हो गई है। इसी के साथ देश में चीतों की कुल आबादी अब 35 हो गई है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने इस खबर की घोषणा की और इसे 'प्रोजेक्ट चीता' के लिए अपार गर्व और खुशी का क्षण बताया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कूनो शेष पेज 6 पर



शावकों के साथ 'आशा'

## दूल्हे के पिता ने लौटाया 51 लाख का दहेज

# शगुन में 1 रुपया स्वीकार कर बोले- धन नहीं, बेटी चाहिए

कहा- शादी कर रहे हैं कोई सौदा नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिंड



यहां में एक ऐसा मामला सामने आया है जिसने दशकों से चली आ रही कुरीति पर करारा प्रहार किया है। यहां एक शादी समारोह में दूल्हे के पिता ने दुल्हन पक्ष द्वारा दिए गए 51 लाख रुपए के दहेज को लौटा दिया और सिर्फ 1 और एक नारियल में इस शादी को पूरा करवाया।

खिड़किया मोहल्ले में रहने वाले अनोज पाठक के बेटे आकर्ष पाठक का 5 फरवरी को भिंड शहर के जगदीश मैरिज गार्डन में शादी समारोह आयोजित किया गया था। इस शादी समारोह में दुल्हन पक्ष के लोग जबलपुर शेष पेज 6 पर

## शादी का पहला कार्ड मंदिर में चढ़ाने जा रहा था परिवार

# तेज रफ्तार ऑडी ने बाइक सवार परिवार को रौंद डाला , 3 की मौत

मातम में बदली खुशियां, ऑडी कार जब्त ड्राइवर फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रीवा

रीवा-रायपुर मार्ग पर एक तेज रफ्तार ऑडी कार ने बाइक सवार परिवार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। तीनों सवार उछलकर दूर जा गिरे। हादसे में पिता, छोटे बेटे और भांजी की मौके पर मौत हो गई। यह दर्दनाक हादसा शनिवार दोपहर कोष्टा गांव के पास हुआ। हादसे में जान गंवाने वालों की पहचान भागवत विश्वकर्मा, शिवम विश्वकर्मा और शीतल शेष पेज 6 पर



हादसे के वक्त भीड़ जमा हो गई

### रैलिंग तोड़ती हुई गहरी नहर में गिरी कार

### लॉक हो गई गाड़ी, तीन युवकों की डूबकर मौत

**नर्मदापुरम/इटारसी।** पथरोटा मार्ग शुक्रवार देर रात मौत का रास्ता बन गया। तेज रफ्तार ग्रे रंग की कार अनियंत्रित होकर पथरोटा की बड़ी नहर की रैलिंग तोड़ती हुई सीधे गहरे पानी में जा गिरी। हादसे में कार सवार तीन युवकों की जिंदा डूबकर दर्दनाक मौत हो गई। हादसा रात करीब 12 बजे शेष पेज 6 पर

## अवैध खनन रोकने गई खनिज विभाग की टीम पर हमला

# इंस्पेक्टर का सिर फोड़ा, ट्रैक्टर छुड़ाने के लिए की गई मारपीट

5 लोगों के खिलाफ सरकारी काम में बाधा डालने का केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

यहां अवैध मुरम खनन रोकने पहुंची खनिज विभाग की टीम पर हमला हो गया। पुलिस ने 5 लोगों के खिलाफ सरकारी काम में बाधा डालने सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है।

दूसरे पक्ष के दो मजदूरों ने भी खनिज टीम पर मारपीट के आरोप लगाए हैं, जिस पर फिलहाल कोई कार्रवाई नहीं हुई है। घटना शुक्रवार शाम की है। खनिज अधिकारी विपुल रावत के अनुसार मिनौरा गांव में भेड़ फार्म की पहाड़ी पर अवैध खनन की सूचना मिली थी। टीम मौके पर पहुंची तो एक ट्रैक्टर से मुरम का अवैध खनन किया जा रहा था। टीम को देखते ही खनन कर रहे लोग ट्रैक्टर छोड़कर भागे। भागते समय एक मजदूर गिर गया। उसके सिर में चोट आई। खनिज टीम जब जब्त किए गए ट्रैक्टर को लेकर लौट रही थी, तभी बाइक और स्कूटर से पहुंचे चार लोगों ने ट्रैक्टर के सामने अपने वाहन लगाकर उसे छुड़ाने का प्रयास किया। इस दौरान विवाद बढ़ गया। लोगों ने मारपीट शुरू कर दी। इसमें खनिज निरीक्षक कुलदीप जैन के सिर में चोट आई। कोतवाली थाना पुलिस ने इस मामले में अरविंद राय, रवि राय, जितेंद्र राय शेष पेज 6 पर



हाथ में डंडे लेकर दिखे युवक

## बोले-इस घटना से मैंने आत्ममंथन कर सबक लिया

# मंत्री शाह ने चौथी बार मांगी माफी कहा- भविष्य में नहीं होगी 'गलती'

### वीडियो जारी किया: मेरी भावना के अनुरूप नहीं थे मेरे शब्द देशभक्ति के आवेश में निकले थे

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



विजय शाह

प्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह ने कर्नल सोफिया मामले में चौथी बार माफी मांगी है। उन्होंने एक वीडियो जारी कर कहा कि मैंने पहले भी कई बार कहा है, आज फिर दोहरा रहा हूं, मेरा ऐसा कोई उद्देश्य नहीं था कि किसी महिला अधिकारी, भारतीय सेना या समाज के किसी भी वर्ग का अपमान हो। निस्संदेह मेरे शब्द, मेरी भावना के अनुरूप नहीं थे। शब्द देशभक्ति के उत्साह, उत्तेजना और आवेश में निकले थे। आप सब जानते हैं कि मेरी कोई दुर्भावना नहीं थी। मैंने अंतःकरण से क्षमा याचना की है, कई बार की है, अब फिर कर रहा हूं। शाह ने कहा कि सार्वजनिक जीवन में शब्दों की मर्यादा और संवेदनशीलता अत्यंत आवश्यक है। इस घटना से मैंने आत्ममंथन कर सबक शेष पेज 6 पर

## दिन भर थमे रहे ओला-उबर के पहिए

# दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और हैदराबाद जैसे महानगरों में हुई भारी दिक्कत

### आरोप कंपनियां अपनी मनमर्जी से किराया तय कर रहीं दूसरा बड़ा शक्ति प्रदर्शन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



देश की डिजिटल अर्थव्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले एप-आधारित कैब और डिलीवरी ड्राइवर देशव्यापी में हड़ताल पर रहे। ओला, उबर, रैपिडो और पोर्टर जैसे बड़े प्लेटफॉर्म्स से जुड़े लाखों ड्राइवरों ने देशव्यापी हड़ताल का आह्वान किया था। शनिवार की सुबह से ही दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और हैदराबाद जैसे महानगरों में यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। तेलंगाना गिग एंड प्लेटफॉर्म वर्कर्स यूनियन और इंडियन फेडरेशन ऑफ एप-आधारित ट्रांसपोर्ट वर्कर्स के नेतृत्व में हुई यह हड़ताल पिछले साल 31 दिसंबर को हुई डिलीवरी बॉयज की हड़ताल के बाद गिग वर्कर्स का दूसरा बड़ा शक्ति प्रदर्शन है। हड़ताल का सबसे प्रमुख कारण केंद्र शेष पेज 6 पर

# अगले दो से तीन दिन हल्की गर्मी, रात में गुलाबी ठंडक, दो दिन बाद फिर बदलाव की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में शनिवार को दिन और रात के तापमान में मामूली घट-बढ़ के साथ पारा सामान्य के आसपास रहा। भोपाल सहित पश्चिमी मप्र में रात का पारा मामूली बढ़त के साथ सामान्य से अधिक रहा। पूर्वी हिस्से में कुछ गिरावट के साथ सामान्य से नीचे दर्ज हुआ है। भोपाल में दिन में दशमलव 4 डिग्री की बढ़त के साथ 27.4 डिग्री रहा, जबकि रात में दशमलव 8 डिग्री की वृद्धि के साथ 11 डिग्री दर्ज हुआ है। मौसम केंद्र के अनुसार दो दिन तापमान में ज्यादा बदलाव नहीं होगा। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी पाकिस्तान और आसपास सकुर्लेशन के रूप में सक्रिय है। जेट स्ट्रीम की हवाएं करीब 240 किमी प्रति घंटे की रफ्तार पर हैं। अब एक नया डब्ल्यूडी 9 फरवरी को पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में सक्रिय होगा। इसके बाद प्रदेश के मौसम में कुछ बदलाव हो सकता है।

**भोपाल सहित पश्चिमी मप्र में दिन-रात का पारा एक डिग्री तक बढ़ा, पूर्वी मप्र में रात के तापमान में मामूली गिरावट**



शाम 6 बजे चेतक ब्रिज पर कुछ ऐसा था मौसम।

### कटनी में 3.5 डिग्री पारा

*शनिवार को पांच जिलों में रात का तापमान 8 डिग्री के नीचे रहा। सबसे कम रात का पारा कटनी में 3.5 डिग्री दर्ज हुआ। शहडोल 4.9,उमरिया 7, रीवा, खजुराहो (छतरपुर) 7.4 और मंडला में 7.9 डिग्री तक रहने से इन जिलों में सबसे अधिक ठंडक महसूस की गई।*

### कल के बाद बढ़ेगा पारा

विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार सोमवार तक तापमान में ज्यादा बदलाव नहीं होगा। इसके बाद नए पश्चिमी विक्षोभ के असर से बादलों का असर रहेगा। इससे रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री तक फिर बढ़त होगी। कुछ जिलों में बादल और बौछारों का दौर भी चल सकता है। भोपाल में भी मौसम में बदलाव की प्रवल संकेत हैं।


### यहां सबसे ज्यादा घट-बढ़

शनिवार को प्रदेश में सबसे ज्यादा दिन के तापमान में बढ़त और रात के पारे में कमी शिवपुरी में रही। यहां दिन का पारा 2.8 डिग्री बढ़ा, जबकि रात में 4 डिग्री की गिरावट रही। दिन में 28 और रात का तापमान 9 डिग्री तक रहा। खजुराहो और टीकमगढ़ में भी 2.8 डिग्री तक बढ़त रही। छिदवाड़ा, मंडला और खजुराहो में 2 डिग्री तक न्यूनतम पारा गिरा। प्रदेश में औसत अधिकतम तापमान 28 और न्यूनतम 12 डिग्री रहा है।

---

श्रीराम जानकी मंदिर में पांचवें दिन श्रीराम वनगमन और भरत प्रसंग का वर्णन

## भरत का एक ही मंत्र था मेरे तो राम दूसरा न कोई.. पं. सुशील महाराज



**भोपाल।** श्रीराम कथा में भरत त्याग, प्रेम और आदर्श भ्रातृत्व की सर्वोच्च प्रतिमूर्ति हैं, जिन्होंने राजभोग का त्याग कर 14 वर्षों तक नंदीग्राम में तपस्वी जीवन व्यतीत किया। उन्होंने माता कैकेयी द्वारा दिए गए राज्य को अस्वीकार किया, राम को मनाने वन गए और लौटकर चरण पादुकाओं को सिंहासन पर रखकर एक सेवक की भांति राज्य चलाया। त्याग और भ्रात प्रेम की मूर्ति भरत का एक ही मंत्र था मेरे तो राम दूसरा न कोई..। यह उद्गार श्रीराम जानकी मंदिर शिक्षक कांग्रेस कॉलोनी बाग मुगलिया में आयोजित संगीतमय श्रीराम कथा के पाचवें दिन श्रीराम वनगमन और भरत प्रसंग सुनाते हुए कथावाचक पंडित सुशील महाराज ने व्यक्त किए। पं सुशील महाराज ने रामायण में भरत की विशेषता बताई गई है। उन्होंने कहा कि भरत त्याग व भ्रात प्रेम की मूर्ति है। राम के प्रति भरत का प्रेम लक्ष्मण से कम नहीं था। शास्त्रों में कहा गया है कि भरत जैसा भाई न कभी हुआ है और शायद न कभी होगा। श्रीराम कथा के साथ ही चल रहे श्री अनंत बलवंत हनुमंत श्रीहनुमान प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम में आचार्य दयानंद द्विवेदी, आचार्य सुबोध शास्त्री, आचार्य अनूप अवस्थी, आचार्य अनुराग द्विवेदी ने अधिवास कर याज्ञिक कार्यक्रम विधिवत संपन्न करवाया। कथावाचक पं सुशील महाराज ने राम-भरत मिलाप का प्रसंग सुनाया। कथा सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। कथा वाचक ने राम केवट, भरत-राम मिलाप के प्रसंग को विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा पहले संस्कार ऐसे हुआ करते थे कि एक ही छत के नीचे 25 परिवार मिलकर एक साथ जीवन यापन करते थे।

---

पीठ ने संकेत दिए कि समाधान ऐसा हो जिससे छात्र का शैक्षणिक वर्ष और परीक्षा प्रभावित न हों

# एससीः आईसीएसई बोर्ड, मप्र शासन सहित सभी पक्षों को नोटिस, 13 फरवरी तक देना होगा जवाब

**इंदौर के एक 14 वर्षीय छात्र के भविष्य पर सवाल**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

इंदौर के एक निजी स्कूल से निष्कासित 14 वर्षीय छात्र के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अहम हस्तक्षेप करते हुए मध्यप्रदेश सरकार के स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव, आईसीएसई बोर्ड, लिटिल वंडर्स कॉन्वेंट स्कूल, मध्यप्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग, इंदौर कलेक्टर और जिला शिक्षा अधिकारी को नोटिस जारी किया है।

अदालत ने सभी संबंधित पक्षों से 13 फरवरी तक यह स्पष्ट करने को कहा है कि छात्र को परीक्षा में शामिल कराने की व्यवहारिक व्यवस्था कैसे की जा सकती है। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्जल भुयान की पीठ ने सुनवाई के दौरान स्पष्ट किया कि बच्चे की शिक्षा बाधित नहीं होनी चाहिए और यह मामला केवल अनुशासन का नहीं, बल्कि छात्र के शैक्षणिक भविष्य से सीधे जुड़ा है। इसलिए त्वरित समाधान आवश्यक है। अदालत ने सभी प्राधिकरणों से पूछा है कि छात्र को बोर्ड परीक्षा में शामिल कराने का तरीका क्या होगा। किस संस्था की क्या जिम्मेदारी होगी। शिक्षा जारी रखने के लिए कौन-सी वैकल्पिक व्यवस्था संभव है। पीठ ने संकेत दिए कि समाधान ऐसा हो जिससे छात्र का शैक्षणिक वर्ष और परीक्षा प्रभावित न हों।



### यह है पूरा मामला

प्रकरण एक 14 वर्षीय छात्र से जुड़ा है। स्कूल प्रबंधन का कहना है कि छात्र और उसके साथियों द्वारा सोशल मीडिया पर शिक्षकों से संबंधित आपत्तिजनक सामग्री साझा की गई थी। हालांकि याचिका में आरोप लगाया गया है कि, स्कूल ने किसी स्वतंत्र या औपचारिक जांच का संचालन नहीं किया। न छात्र को अपना पक्ष रखने का अवसर दिया गया। न अभिभावकों की सुनवाई की गई। सीधे निष्कासन की कार्रवाई कर दी गई। इंदौर हाई कोर्ट से राहत नहीं मिलने के बाद याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। मामले में बोर्ड परीक्षा और शैक्षणिक सत्र को देखते हुए यह सुनवाई अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

### याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने दी दलील

*याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता निपुण सक्सेना ने दलील दी कि कथित कदाचार की तुलना में दी गई सजा पूरी तरह असंगत और अनुपातहीन है। उन्होंने कहा कि आरोप विधिवत सिद्ध नहीं हुए, फिर भी यह मान लिया गया कि सामग्री उसी छात्र ने साझा की। 13-14 वर्ष के बच्चे पर आपराधिक मंशा नहीं थोपी जा सकती। ऐसी कार्रवाई से स्कूलों को बच्चों के निजी जीवन पर असीमित नियंत्रण का अधिकार मिल जाएगा उन्होंने यह भी बताया कि हाईकोर्ट ने बच्चे के पश्चाताप को स्वीकार किया, लेकिन "समाज को सख्त संदेश" देने की बात कहते हुए राहत नहीं दी।*

### फैसला कई मामलों में दिशा तय करेगा



*किशोर न्याय अधिनियम की मूल भावना बच्चों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ना एवं उनमें सुधार हेतु प्रयास करना है, न कि दंडित करना है। इस प्रकरण में बालक द्वारा कुछ आपत्तिजनक मैसेज समूह में भेजे जाने का आरोप लगाकर स्कूल द्वारा बालक को निकाला गया था, जो कि किशोर न्याय अधिनियम की धारा 24 के विरुद्ध है। यह धारा स्पष्ट कहती है कि बालकों के किसी भी अपराध के लिए उनके भविष्य को दांव पर नहीं लगाया जा सकता है। सर्वोच्च न्यायालय का इस मामले में जो भी निर्णय होगा, वह ऐतिहासिक होगा और बच्चों के हित में होने के साथ कई मामलों में दिशा तय करेगा।*

**डॉ. कृपा शंकर चौबे**
*सदस्य, किशोर न्याय बोर्ड भोपाल एवं सामाजिक कार्यकर्ता*

---

जागरण लेकसिटी विश्वविद्यालय में ब्राउन मोस्टेन अंतरराष्ट्रीय क्लाइंट काउंसलिंग प्रतियोगिता का आयोजन

## प्रभावी वकालत केवल तर्क तक सीमित नहीं, बल्कि सुनने और विश्वास स्थापित करने से आरंभः पूर्व न्यायमूर्ति आर्य

**भोपाल।** जागरण लेकसिटी विश्वविद्यालय में ब्राउन मोस्टेन अंतरराष्ट्रीय क्लाइंट काउंसलिंग प्रतियोगिता – राष्ट्रीय चयन दौर (भारत) का विधिवत शुभारंभ किया गया। यह अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित क्लाइंट काउंसलिंग प्रतियोगिता अंतरराष्ट्रीय बार एसोसिएशन (आईबीए) के संरक्षण में आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में देश के प्रमुख राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों, केंद्रीय एवं राज्य विश्वविद्यालयों तथा अन्य अग्रणी विधि संस्थानों की भागीदारी है। उद्घाटन समारोह की शुरुआत



दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। विधि संकाय के अधिष्ठाता प्रो. (डॉ.) सचिन रस्तोगी ने उपस्थित जनसमूह का स्वागत किया तथा प्रतिभागी टीमों को प्रोत्साहित करते हुए आधुनिक विधिक अभ्यास में अनुभवात्मक अधिगम एवं क्लाइंट-केंद्रित विधि कौशल के महत्व पर बल दिया। मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति रोहित आर्य, पूर्व न्यायाधीश, मप्र हाईकोर्ट, ने अपने संबोधन में क्लाइंट काउंसलिंग को सहानुभूति, नैतिकता और संवाद पर आधारित एक मूलभूत विधिक कौशल बताया। उन्होंने कहा कि प्रभावी वकालत केवल तर्क तक सीमित नहीं है, बल्कि सुनने और विश्वास स्थापित करने से आरंभ होती है, तथा क्लाइंट को उन्होंने "वकालत की जीवनरेखा" बताया। कार्यक्रम में ब्राउन मोस्टेन अंतरराष्ट्रीय क्लाइंट काउंसलिंग प्रतियोगिता के राष्ट्रीय समन्वयक प्रो. (डॉ.) एमआरके प्रसाद एवं डॉ. संध्या राम की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रो. प्रसाद ने संबोधन में प्रतियोगिता के महत्व एवं इसकी वैश्विक विरासत पर प्रकाश डाला।

### आज अंतिम दिन

*कार्यक्रम की रूपरेखा सैफ हुसैन द्वारा प्रस्तुत की गई तथा सत्र का समापन संयोजक डॉ. यश तिवारी द्वारा प्रस्तुत धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। उन्होंने गणमान्य अतिथियों, आयोजन समिति की सदस्याओं पारुल अस्थाना, मीनाक्षी डांगी एवं नीरज सिंह, प्रतिभागियों, विद्यार्थियों तथा विश्वविद्यालय प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। उद्घाटन समारोह में विश्वविद्यालय के प्रति-कुलपति, कुलसचिव एवं अन्य विशिष्ट गणमान्यजन उपस्थित रहे। यह प्रतियोगिता 6 से 8 फरवरी तक आयोजित की जाएगी, जिसमें विजेता टीम क्रोएशिया के जाग्रेब में होने वाले अंतरराष्ट्रीय दौर में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी।*

---

विधायक रामेश्वर शर्मा ने किया कालीबाड़ी ब्रिज के निर्माण कार्य का भूमिपूजन

## विकास का ब्रांड बना कोलार जागरुक जनता ही कोलार की सच्ची ब्रांड एंबेसडरः रामेश्वर



**विकास की तारीफ सुनकर प्रसन्न होती है कोलार की जनता**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कोलार का विकास अब एक ब्रांड बन चुका है, और यहां की जागरुक जनता ही कोलार की सच्ची ब्रांड एंबेसडर है। भोपाल या मध्यप्रदेश में कहीं भी जाओ, लोग कोलार के विकास की तारीफ करते हैं। कोलार के विकास की तारीफ सुनकर सुनकर प्रसन्नता होती हैं। यह बात विधायक रामेश्वर शर्मा ने शनिवार को मुखर्जी नगर कोलार के कालीबाड़ी ब्रिज के निर्माण कार्य का भूमिपूजन करते हुए कही। रामेश्वर शर्मा ने कहा कि सिक्स लेन रोड से लेकर नेताजी सुभाष चंद्र बोस रिंग रोड, कोलार तहसील कार्यालय, मुखर्जी स्टेडियम, विद्युत का डिवीजन कार्यालय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज, अशोक सिंहल पॉवर हाउस, अवध मार्ग, मुखर्जी दीनदयाल लिंक मार्ग जैसे अनेकों कार्यों से कोलार को विकसित नगर की पहचान मिली है। इन कार्यों के परिणामस्वरूप कोलार में रोजगार और व्यापार के नए-नए संस्थान स्थापित हो रहे है। रामेश्वर शर्मा ने कहा कि अपने मुखर्जी नगर कोलार को चौतरफा सड़क कनेक्टिविटी से जोड़ना मेरा प्राथमिक उद्देश्य है।

### पांच करोड़ से कोलार में होगा कालीबाड़ी ब्रिज का निर्माण

*फोरलेन अवध मार्ग कलियासोत नदी पर पांच करोड़ से बनने वाले इस कालीबाड़ी ब्रिज की लंबाई 75 मीटर एवं चौड़ाई 10 मीटर होगी। ब्रिज का निर्माण लोक निर्माण विभाग द्वारा आगामी आठ महीने में पूर्ण कर लिया जाएगा। इस ब्रिज के निर्माण से लगभग पांच लाख आबादी सीधे तौर पर फायदा होगा। फिलहाल यहां टू लेन ब्रिज है जिस वजह से यहां अक्सर जाम की स्थिति निर्मित होती है।*

### सलैया में पीएनजी ड्राइव 2.0 जागरुकता अभियान का शुभारंभ

*इसके साथ ही विधायक रामेश्वर शर्मा ने सलैया के आकृति ग्रीन सोसाइटी में नेशनल पीएनजी ड्राइव 2.0 जागरुकता अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक शर्मा ने नागरिकों से अपील की कि वे प्रदूषण रहित पाइप्ड गैस प्रणाली को अपनाएं। अभियान की शुरुआत के मौके पर अंजनी कुमार तिवारी, मेंबर (कमर्शियल), पीएनजीआरबी मौजूद रहे। अंजनी कुमार तिवारी ने लिंक रूट 3 से एक सीएनजी ऑटो रैली को भी हरी झंडी दिखाई। इस ड्राइव के तहत, थिंक गैस ने ट्रांसपोर्ट सेक्टर से बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए क्षेत्र में तीन नए सीएनजी स्टेशंस शुरू करने की प्रतिबद्धता जताई है।*

---

ट्रांसलेशनल रिसर्च की भूमिका पर रहा विशेष जोर

## राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में फार्मास्यूटिकल कॉन्फ्रेंस का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय भोपाल के स्कूल ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज़ द्वारा दिनांक 6 एवं 7 फरवरी 2026 को हाइब्रिड मोड पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय फार्मास्यूटिकल कॉन्फ्रेंस का आयोजन विश्वविद्यालय के सीनेट हॉल में किया गया। कॉन्फ्रेंस का विषय "इमैजिनरी लॉजिकः क्रिएटिव इनोवेशन और ट्रांसलेशनल ड्रग डिलीवरी के बीच की दूरी को पाटना" था। कॉन्फ्रेंस में विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा करते हुए ट्रांसलेशनल रिसर्च की भूमिका पर विशेष जोर दिया, जो प्रयोगशाला से समाज तक स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने में महत्वपूर्ण मानी जाती है। दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस के दौरान विभिन्न तकनीकी सत्र, शोध पत्र प्रस्तुतियां एवं परिचर्चाएं आयोजित की गईं। इनमें नैनोटेक्नोलॉजी आधारित ड्रग डिलीवरी सिस्टम, आधुनिक फार्मास्यूटिकल नवाचार एवं उभरते शोध क्षेत्रों पर गहन चर्चा की गई। कॉन्फ्रेंस में कुल 63 प्रतिभागियों ने अपने शोध कार्य प्रस्तुत किए, जिनमें उत्कृष्ट प्रस्तुतियों के लिए प्रथम एवं द्वितीय पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रथम स्थान डॉ अश्विनी मिश्रा नरसी मुंजी इंस्टिट्यूट इंदौर द्वितीय स्थान डॉ गोपाल पटेल एलएनसीपी भोपाल तृतीय स्थान संयुक्त रूप से रुचि जैन, अरबिंदो इंस्टिट्यूट, इंदौर एवं राहुल सिंह, एसओपीएस, आरजीपीवी, भोपाल ने प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान आरजीपीवी के कुलपति डॉ. एससी चौबे ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए वैश्विक अनुसंधान सहयोग एवं गुणवत्तापूर्ण शोध की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। सम्मेलन का समापन आयोजन संयोजक डॉ. दीप्ति जैन, डीन एवं डायरेक्टर, स्कूल ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज़, आरजीपीवी द्वारा धन्यवाद किया गया।

---

मुख्य अतिथि के रूप में सर्वोच्च न्यायालय में एडवोकेट-ऑन-रिकॉर्ड अनस तनवीर रहे उपस्थित

## एनएलआईयू एग्रीमेंट ड्रॉफ्टिंग एंड प्रजेंटेशन प्रतियोगिता में देशभर से 300 से अधिक टीमों ने की भागीदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी स्थित नेशनल लॉ इंस्टीट्यूट यूनिवर्सिटी (एनएलआईयू) में एनएलआईयू लॉ रिव्यू द्वारा तीसरी एनएलआईयू एग्रीमेंट ड्राफ्टिंग एंड प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता का आयोजन 7-8 फरवरी 2026 को किया जा रहा है।

इस आयोजन के लिए सराफ एंड पार्टनर्स और (साज) एसएएजेड पाटनर्स आधिकारिक सहयोगी के रूप में जुड़े हैं। प्रतियोगिता में देशभर से 300 से अधिक टीमों ने भाग लिया, जिनमें से 15 टीमों का चयन निर्णायकगण के पैनल के सामने अपने तर्क प्रस्तुत करने के लिए



किया गया है। शुरुआत उद्घाटन समारोह से हुई, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में एडवोकेट अनस तनवीर (सर्वोच्च न्यायालय में एडवोकेट-ऑन-रिकॉर्ड) उपस्थित रहे। साथ ही सराफ एंड पार्टनर्स के प्रिंसिपल एसोसिएट केशव पारेख ने भी समारोह में शिरकत की। उद्घाटन समारोह को प्रो. (डॉ.) एस सूर्य प्रकाश (वीसी, एनएलआईयू, भोपाल), सीनियर प्रो. (डॉ.) गयूर आलम (फैकल्टी-इन-चार्ज, एनएलआईयू लॉ रिव्यू), प्रो. (डॉ.) अतुल पांडे (डीन, अंडरग्रेजुएट) तथा मुख्य अतिथि एडवोकेट अनस तनवीर ने संबोधित किया। वक्ताओं ने विधि क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के बढ़ते प्रभाव पर चर्चा करते हुए, ड्राफ्टिंग में एआई की भूमिका को रेखांकित किया, साथ ही मानवीय हस्तक्षेप और समझ को अनिवार्य बताया।

---

## भेल कॉलेज के विद्यार्थियों ने किया पीपुल्स विवि का शैक्षणिक भ्रमण




हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बाबूलाल गौर शासकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय भेल के छात्र छात्राओं ने पीपुल्स विश्वविद्यालय एवं मॉल का शैक्षणिक भ्रमण पर्यटन विशेषज्ञ प्रो ललित गौड़, प्रो अनुपमा गीते और डा ऊषा परिहार के मार्गदर्शन में किया। इसमें शैक्षणिक, व्यावसायिक और पर्यटन संबंधित रोजगारोन्मुखी जानकारियां प्राप्त की। गईं।

---

एम्स में माइक्रोसर्जिकल फ्री-फ्लैप रिकंस्ट्रक्शन तकनीक से इलाज

## माइक्रोसर्जिकल फ्री-फ्लैप रिकंस्ट्रक्शन से बचेंगे करंट से झुलसे अंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

हाई-वोल्टेज बिजली की चपेट में आने के बाद गंभीर रूप से झुलस जाना कई बार जिंदगी भर की अपंगता या अंग कटने तक की वजह बन जाता है। ऐसे मुश्किल हालात में मरीज और उनके परिजन अक्सर उम्मीद खो बैठते हैं। लेकिन अब एम्स भोपाल के डॉक्टरों ने एक ऐसी राह दिखाई है, जो इन गंभीर मामलों में भी अंग बचाने की संभावना बढ़ा रही है। 23 ऐसे मरीजों का इलाज माइक्रोसर्जिकल फ्री-फ्लैप रिकंस्ट्रक्शन तकनीक से किया गया। करंट से झुलसने के कारण एक 23



साल के युवक का हाथ काटने की नौबत आ गई थी। डॉक्टरों ने नई तकनीक से हाथ की हड्डी से लेकर मांसपेशियों को जांघ की हड्डी और मांसपेशियों से बनाया गया। माइक्रोसर्जिकल फ्री-फ्लैप रिकंस्ट्रक्शन मॉर्डन सूक्ष्म सर्जरी की तकनीकी है। इसका इस्तेमाल शरीर के उन हिस्सों को दोबारा बनाने के लिए किया जाता है, जहां गंभीर चोट, जलन या संक्रमण के कारण त्वचा, मांसपेशियां या नसें नष्ट हो गई हो। एम्स भोपाल के बर्न्स एवं प्लास्टिक सर्जरी विभाग की रिसर्च टीम का इन नई तकनीक पर किया गया अध्ययन अमेरिका की मेडिकल जर्नल एनल्स ऑफ प्लास्टिक सर्जरी में प्रकाशित हुआ है। इस अध्ययन का नेतृत्व डॉ. गौरव चतुर्वेदी ने किया। उनके साथ डॉ. अभिनव सिंह, डॉ. वेद प्रकाश राव चेरुवु और बर्न्स एवं प्लास्टिक सर्जरी विभाग के प्रमुख प्रोफेसर डॉ. मनाल मोहम्मद खान भी रिसर्च टीम का हिस्सा रहे।

### क्यों खास है यह तकनीक

- *अंग बचाने में मददगारः जहां पहले अंग काटने की नौबत आ जाती थी, वहां अब अंग को बचाया जा सकता है।*
- *बेहतर रक्त संचारः नई रक्त वाहिकाएं जुड़ने से लगाए गए ऊतक जीवित रहते हैं।*
- *कार्यक्षमता बनी रहती हैः सिर्फ दिखावट ही नहीं, बल्कि अंग की कार्य करने की क्षमता भी काफी हद तक लौट आती है।*
- *गंभीर मामलों में कारगरः हाई-वोल्टेज इलेक्ट्रिकल बर्न, एक्सीडेंट या कैंसर सर्जरी के बाद यह तकनीक बेहद उपयोगी है।*
- *जीवन की गुणवत्ता बेहतरः मरीज दोबारा सामान्य जीवन की ओर लौट पाता है।*

---

## बीयूः श्रीपंचदेव दुर्गा मंदिर में श्रीशनिदेव के श्रीविग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय परिसर स्थित श्रीपंचदेव दुर्गा मंदिर में शिव परिवार, नर्मदेश्वर शिवलिंग, श्रीमहागणेश, देवी लक्ष्मी एवं सरस्वती के साथ ही नवनिर्मित मंदिरों में श्रीशनिदेव के श्रीविग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा का समारोह शनिवार को प्रारंभ हुआ। आज पीठ पूजन के साथ श्रीविग्रहों का जलाधिवास, अन्नाधिवास के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली गइ, जिसमें बड़ी संख्या में विवि के छात्रों सहित श्रद्धालु शामिल हुए। रविवार को प्रातः 10 बजे से श्रीविग्रहों का सर्व औषधि स्नान, दोपहर 12 बजे मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा, हवन, आरती तत्पश्चात भोजन प्रसादी भंडारे का आयोजन किया गया है।

4 उबैस ने राजा बनकर युवती से किया दुष्कर्म...



5 मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज करेंगे सीतामढ़ी धाम में ...





## प्रॉपर्टी के दाम बढ़ाने अफसरों ने निकाला नया फॉर्मूला

# पांच सौ लोकेशन मर्ज करने से बढ़ जाएंगे प्रॉपर्टी के दाम, महंगी होगी रजिस्ट्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जिले में दो हजार 882 लोकेशन में से 1580 लोकेशन पर हायर रेट की रजिस्ट्रियों की पड़ताल का काम जारी है। इधर पंजीयन विभाग के अफसरों ने कॉलोनियों में प्रॉपर्टी के दाम बढ़ाने के लिए नया फार्मूला इजाद किया है, जिसके तहत ऐसी कॉलोनियों की तलाश की जा रही है, जो आसपास हैं, लेकिन उनके रेट में विसंगति है। ऐसे में कम दाम वाली करीब 500 लोकेशन को अधिक दाम में मर्ज कर दिया जाएगा, जिससे इन जगहों पर प्रॉपर्टी के दाम बढ़ जाएंगे। ऐसे में यहां रजिस्ट्री कराना भी महंगा हो जाएगा।

इन लोकेशनों को मर्ज करने का प्रस्ताव उपजिला मूल्यांकन समिति की बैठक रखी गई, जिसमें पंजीयन विभाग के अफसरों ने समिति के अध्यक्ष और हुजूर एसडीएम विनोद सोनकिया को बताया कि एक लोकेशन पर अलग-अलग रेट खोले गए हैं, जिससे यहां पर दामों में विसंगति है। जिसको दूर करने के लिए इन लोकेशनों को मर्ज करने से आसानी होगी। जिसको लेकर एसडीएम ने कहा कि प्रस्ताव को इस तरह से तैयार क्यों किया गया है। इसके तर्क के साथ नए प्रस्ताव को अगली बैठक में पेश करें। अध्यक्ष ने प्रस्ताव में सुधार कर पेश करने के लिए लौटा दिया गया। अब अगले सप्ताह होने वाली बैठक में नए सिरे से प्रस्ताव को रखा जाएगा। जिसके बाद प्रस्ताव को फाइनल कर जिला मूल्यांकन समिति को भेजा जाएगा।

### *अधिक दामों वाली लोकेशन में मर्ज होंगी कम दाम वाली कॉलोनियां*



### प्रस्ताव विसंगति का रखेंगे, ऑटोमेटिक बढ़ जाएंगे दाम

आसपास की लोकेशन को मर्ज करने का फार्मूला नया नहीं है। पंजीयन विभाग के अफसर तीन साल पहले भी एक हजार से अधिक लोकेशन को मर्ज कर चुके हैं। पिछले साल भी जिससे कम दाम वाली लोकेशन पर ऑटोमेटिक दाम बढ़ गए थे। इसका अफसरों को सीधा फायदा यह होता है कि विसंगति दूर करने के प्रस्ताव पर दाम बढ़ जाते हैं, जिससे पंजीयन विभाग को राजस्व का फायदा होता है।

### रजिस्ट्री के लिए चुकाना होगी अधिक स्टांप ड्यूटी

कम दाम वाली कॉलोनियों को अधिक दाम वाली कॉलोनियों में मर्ज करने से कम दाम वाली कॉलोनियों में दाम दो बढ़ जाएगे। ऐसे में जब लोग यहां पर रजिस्ट्री कराने पंजीयन विभाग जाएंगे, तो उन्हें रजिस्ट्री के लिए अधिक स्टांप ड्यूटी चुकाना पड़ेगी। इसका नुकसान आम लोगों को उठाना पड़ेगा।

### 1580 लोकेशन पर हायर रेट की रजिस्ट्री को लेकर चल रही पड़ताल

### दो सौ रुपए वर्गफीट तक का आएगा अंतर

*आसपास की कम दाम वाली कॉलोनियों को महंगे दाम वाली कॉलोनियों में मर्ज करने से वर्गफीट के हिसाब से दो सौ रुपए तक का अंतर आ जाएगा। ऐसे में एक हजार वर्गफीट के प्लॉट या मकान की रजिस्ट्री कराने पर दो लाख रुपए का अंतर आएगा। इसके साथ रजिस्ट्री कराने पर महिला के 10.5 और पुरुष को 12.5 फीसद स्टांप ड्यूटी चुकाना पड़ेगी। जैसे बायपास रोड स्थित वार्ड नंबर 80 ग्राम अकबरपुर का रेट 1672 रु प्रति वर्ग फीट है। जबकि उसी के पास की कॉलोनी का रेट 1394 रु प्रति वर्ग फीट आ रहा है, अब मर्ज करने पर महंगे रेट वाली कॉलोनी के रेट अप्लाई कर दिए जाएंगे।*

## खबर संक्षेप

### बाइक टैक्सी पर रोक लगाने और किराया तय करने गिग वर्कर्स हड़ताल पर

**भोपाल।** एप बेस्ड ट्रांसपोर्ट वर्कर्स (गिग वर्कर्स) के तत्वाधान में शनिवार को राजधानी के ओला उबर चालकों ने बाइक टैक्सी बंद करने की मांग को लेकर हड़ताल शुरू कर दी। हालांकि इस हड़ताल में राजधानी के चुनिंदा ओला उबर चालक ही शामिल हुए अधिकांश चालकों ने इस हड़ताल का समर्थन नहीं किया। हड़ताल कर रहे चालकों ने नाम न बताने की शर्त पर कहा कि यह हड़ताल ड्राइवरों की घटती कमाई, बढ़ते शोषण और सरकार की ओर से न्यूनतम बेस फेयर तय न किए जाने के विरोध में की जा रही है। इसमें ओला, उबर, रैपिडो, पोर्टर समेत अन्य एप-बेस्ड ट्रांसपोर्ट सेवाओं से जुड़े ड्राइवर शामिल होंगे। चालकों के के अनुसार देश भर में संचालित हो रही बाइक टैक्सी सेवाएं अवैध हैं। इन पर पूरी तरीके से प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। चालकों का कहना है कि मोटर व्हीकल एग्रीगेटर गाइडलाइंस-2025 मौजूद होने के बावजूद केंद्र और राज्य सरकारों ने अब तक न्यूनतम बेस फेयर को नोटिफाई नहीं किया है। इसका फायदा उठाकर एग्रीगेटर कंपनियां मनमाने तरीके से किराया तय कर रही हैं।

## कहीं एक रस्सी और दो ड्रम के सहारे सुरक्षा, तो कहीं बिजली के पोलों पर लगा दिए ड्रम

# भोपाल मेट्रो: प्लास्टिक के ड्रम रोकेंगे हादसे ? सुरक्षा की अनदेखी, बड़ी आबादी परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में इन दिनों मेट्रो का काम तेजी से चल रहा है, लेकिन कुछ जगहों पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं। एमपी नगर मेट्रो स्टेशन पर बाहरी काम रोड किनारे हैवी मशीन से किया जा रहा है, लेकिन सुरक्षा के नाम पर दोनों तरफ प्लास्टिक के ड्रम और उसके सहारे बांधी गई रस्सी है।

ऐसे में वाहन चालक की मामूली चूक से हादसा हो सकता है। जबकि दूसरी बड़ी लापरवाही डीआईजी बंगला क्षेत्र में हो रही है, जिससे दो लाख से ज्यादा लोग परेशान हैं। यहां एक दर्जन से ज्यादा रोड के बीचों-बीच लगे खंभों को शिफ्ट करवाए बिना ही निर्माण कार्य जारी है। सुरक्षा के नाम पर बिजली के पोल पर प्लास्टिक का ड्रम काटकर लगा दिया। ऐसी अव्यवस्था के बीच ही वाहनों की आवाजाही चल रही है। पुराने शहर के डीआईजी बंगला चौराहे से आरिफ नगर को जोड़ने वाली सड़क पर एक दर्जन बिजली के पोल लगे हैं। यह बड़े हादसे का कारण बन सकते हैं, लेकिन इन्हें हटाया नहीं गया उसी के बीच से यातायात को डायवर्ट कर दिया है। यहां न तो बेरिकेड्स हैं न सुरक्षाकर्मी। मेट्रो प्रशासन की ओर से यहां किसी कर्मचारी की भी डयूटी नहीं लगाई गई है। जिस रोड पर मेट्रो का काम चल रहा है वो शहर की दूसरी अधिक यातायात के दबाव वाली रोड है।

### *न ट्रैफिक रोका, न सुरक्षा के इंतजाम किए, सड़क के बीचों बीच मेट्रो स्टेशन पर बाहरी रिनोवेशन तो कहीं निर्माण कार्य*


मेट्रो प्रशासन का तर्क- सुरक्षा मानकों का रखा जा रहा ध्यान, तय सुरक्षा मानकों से होता है काम



*डीआईजी बंगला से आरिफ नगर तक की रोड के हैं ये हाल।*

### मेट्रो प्रशासन ने कहा- सुरक्षा के मानक तय हैं, लेकिन कमी है तो दूर करेंगे

मेट्रो प्रशासन का कहना है कि काम छोटा हो या बड़ा सभी के सुरक्षा मानक तय हैं। अगर कहीं कमी है तो उसे चैक करवाएंगे और सुरक्षा के इंतजाम करवाए जाएंगे।



### क्षेत्रीय विधायक अकील भी हो चुके हैं नाराज

सिंधी कॉलोनी चौराहे से डीआईजी बंगला चौराहे तक मेट्रो के निर्माणाधीन कामों में लोगों को हो रही लापरवाही को लेकर क्षेत्रीय विधायक आतिफ अकील कई बार नाराज हो चुके हैं। उन्होंने मेट्रो के अधिकारियों को लोगों की परेशानी से अवगत कराते हुए सुरक्षा मानकों को ध्यान रखने की बात कही है।

### *लोगों में नाराजगी बोले- दिनभर उड़ती है धूल, दुर्घटना का बना रहता है खतरा*

*डीआईजी बंगला क्षेत्र में रहने वाले अनिल तिवारी, सुमित कुमार, नसीम कुरैशी ने बताया कि रोड के बीचोंबीच बिजली के पोल लगे हैं। पहले इन्हें हटाया जाना था, लेकिन उसी के बीच आवाजाही चल रही है। इनसे टकराने की आशंका बनी रहती है। दिन में कई बार जाम लगता है। दिनभर धूल उड़ती है। मेट्रो प्रशासन को आम लोगों की सुरक्षा से खिलवाड़ नहीं करना चाहिए।*

### *हाइड्रोलिक मशीन से चल रहा है रिनोवेशन*

*एमपी नगर मेट्रो स्टेशन के बाहर रिनोवेशन का काम चल रहा है। इसके लिए रोड पर मशीन खड़ी की गई है, लेकिन सुरक्षा के नाम पर रोड के दोनों तरफ पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं। एमनगर जैसे व्यस्त यातायात के दबाव वाले रोड पर बिना सुरक्षा के काम किया जा रहा है।*

## पुराने व नए शहर में अतिक्रमण हटाने की हुई कार्रवाई, तीन ट्रक सामान जब्त



आनंद नगर क्षेत्र में अवैध निर्माण तोड़ने की कार्रवाई

# निगम अमले ने करोंद चौराहे पर 50 दुकानों के बाहर रखा सामान हटाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई लगातार जारी है। शनिवार को अतिक्रमण विरोधी अमले ने करोंद चौराहे पर 50 दुकानों के बाहर रखा सामान हटवाया।

वहीं चौराहे पर नियम विरुद्ध खड़े वाहनों को यातायात पुलिस की सहायता से हटवाने की कार्रवाई की। पुराने व नए शहर में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करते हुए निगम अमले ने तीन ट्रक विभिन्न सामग्री जप्त की। पुराने शहर के मारवाड़ी रोड, बुधवारा, इतवारा, आजाद मार्केट, जुमेराती, मंगलवारा सहित कोलार सर्वधर्म, ललिता नगर मंदाकिनी, डीमार्ट, भारत माता चौराहा, सूरज नगर, जवाहर चौक, लिंक रोड नंबर-1,2,3 न्यू मार्केट रंगमहल, बोर्ड आफिस चौराहा, एमपी नगर जोन-1, आईएसबीटी, चेतकब्रिज, रचना नगर, प्रभात चौराहा अशोका गार्डन, पुष्पा नगर, आनंद नगर चौकी, भानपुर कल्याण नगर, भानपुर शिव नगर, करोंद सब्जी मंडी, करोंद हाउसिंग बोर्ड, आदि क्षेत्रों में भी कार्रवाई की गई।

## नग्न कर पीटा, गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती

# लड़की भगाने के शक में युवक का फिल्मी स्टाइल में नाइलोन की रस्सी बांधकर अपहरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जिले के बिलकिसगंज थाना क्षेत्र में एक युवक के साथ बेहद सनसनीखेज घटना घटी। घटना का पीड़ित युवक अपने गेहूँ के खेत में पानी दे रहे थे कि तभी आरोपियों ने उन्हें पकड़ लिया। आरोपियों ने गंदी गालियों के साथ नायलोन की रस्सी से बांधकर उनकी हवस और क्रूरता की सारी हदें पार कर दी। यह वारदात किसी बहन या बेटी को भगाने के शक में की गई थी।

घटनास्थल से ही आरोपी युवक को जबरन सफेद बोलेरो में डालकर ले गए। युवक को गांव बिरजिसनगर ले जाकर सड़क पर नंगा कर डंडों और मुक्कों से बेरहमी से पीटा गया। आरोपियों ने उनके हाथों, पीठ और शरीर पर बेरहमी से वार किए। घटना तब तक जारी रही जब तक कि युवक बेहोश नहीं हो गया। इस दौरान आसपास के लोग हादसे का शिकार युवक को पहचानने की कोशिश कर रहे थे लेकिन आरोपी तेजी से फरार हो गए। पीड़ित की हालत गंभीर होने के कारण उसे तुरंत डायल 112 के माध्यम से इछावर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया।



### *पुलिस ने किया मामला दर्ज और जांच शुरू*

*बिलकिसगंज थाना प्रभारी संदीप मीणा ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। पीड़ित युवक के बयान पर छह आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। आरोपियों के नाम गौतम मेवाड़ा, घीसीलाल मेवाड़ा, भवानी, रोशन, पुरुषोत्तम और एक अन्य का नाम बताए गए है। एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार करने की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने प्रारंभिक जांच में कई अहम सुराग जुटाए हैं। परिजन आरोपियों की गिरफ्तारी और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लगातार दबाव बना रहे हैं।*

### क्षेत्र में दहशत और सुरक्षा की मांग

इस भयावह घटना ने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। ग्रामीणों ने कहा कि ऐसी घटनाएं समाज में असुरक्षा का माहौल पैदा करती हैं। पीड़ित परिवार ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है और पुलिस से त्वरित कार्रवाई की गुहार लगाई है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि अपराधियों को किसी भी कीमत पर पकड़ा जाएगा और न्याय सुनिश्चित किया जाएगा।

## जलकार्य विभाग, सीवेज प्रकोष्ठ एवं फायर ब्रिगेड के कार्यों की महापौर ने की समीक्षा

# जलकार्य विभाग की बैठक में महापौर बोलीं-शहर के लोगों को शुद्ध पानी मिले, जांच तय मानकों के अनुरूप ही करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शहर के लोगों को शुद्ध पानी मिले और पानी के नमूनों की जांच तय मानकों के अनुरूप करें। पानी से संबंधित विभिन्न माध्यमों से मिलने वाली शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई की जाए। यह बात महापौर मालती राय ने शनिवार को जलकार्य विभाग के सभाकक्ष में जल कार्य, सीवेज प्रकोष्ठ व फायर ब्रिगेड के कार्यों की समीक्षा बैठक के दौरान कही।

उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी पाइप लाइनों के लीकेज के साथ ही सीवेज चेम्बरों व लाइनों की साफ-सफाई एवं जरूरी मरम्मत कार्यों को भी तत्परता से किया जाए। उन्होंने जल उपभोक्ता प्रभार की राशियों की वसूली भी सख्ती के साथ करने और बकायादारों के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा हमारा उद्देश्य अपने शहर के नागरिकों को शुद्ध एवं पर्याप्त मात्रा में जल उपलब्ध कराना है। महापौर राय ने सीवेज लाइनों, चेम्बरों एवं सीवेज नेटवर्किंग संबंधी अन्य सभी कार्यों को त्वरित गति से पूर्ण कराने, सीवेज लाइनों एवं सीवेज चैम्बरों की लगातार निगरानी करने एवं नियमित रूप से इनकी साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान महापौर परिषद के सदस्य रविन्द्र यति, प्रभारी अधीक्षण यंत्री उदित गर्ग, नगर यंत्री जेडए खान, कार्यपालन यंत्री आरके त्रिवेदी सहित बड़ी संख्या में निगम के जलकार्य, सीवेज एवं फायर ब्रिगेड के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे।



### *निगम अमले ने 148 पानी के सैंपल जांच के लिए लैब भेजे*

***भोपाल।** नगर निगम के स्वास्थ्य अमले ने शनिवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों से पानी के 148 सैंपल लिए और जांच के लिए लैब भेजे। इसके अलावा निगम अमले ने 38 स्थानों पर पाइप लाइनों के लीकेज सुधारे और पांच शिकायतों का निराकरण किया। निगम अमले ने अब तक झुग्गी बस्ती क्षेत्रों के 3578 स्थानों सहित शहर में कुल 8508 जल के नमूने लेकर जांच करवा चुका है। साथ ही 1496 लीकेज सुधारे और 4610 सीवेज चेम्बरों की सफाई कराई।*

## वार्ड प्रभारियों की मौजूदगी में कार्रवाई

# शहर के 2 वार्डों में 7 बकायादारों की नगर निगम ने कुर्क की संपत्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

■ निगमायुक्त संस्कृति जैन के निर्देश पर बड़ी कार्रवाई

नगर निगम द्वारा शहरभर में संपत्तिकर के बकायादारों की संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई की जा रही है। शनिवार को जोन-4 के दो वार्डों में कार्रवाई करते हुए 7 बकायादारों की संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई की। यह कार्रवाई उत्तर विधानसभा के राजस्व अधिकारी, जोनल अधिकारी, वार्ड प्रभारियों की मौजूदगी में हुई। निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देश पर निगम अमले ने जोन-4 के वार्ड-17 के तहत 199-न्यू सिंधी कालोनी के रहवासी चेलाराम पर बकाया राशि 1 लाख 23 हजार 238 रुपए, शांति नगर कालोनी के हीरालाल पर बकाया राशि 1 लाख 10 हजार 284 रूपए, न्यू सिंधी कालोनी की परमेश्वरी बाई पर 1 लाख 40 हजार 267 रूपए, शांति नगर कालोनी के चंदर पर 91 हजार 539 रूपए व शांति नगर कालोनी की मनोरमा साहू पर 1 लाख 6 हजार 63 रूपए भुगतान न करने पर बकायादारों की संपत्तियां कुर्क की गईं। जोन-4 के वार्ड-20 में सिलावटपुरा गली के इनामुल्ला, अतीकउल्ला एवं एहयाकउल्ला पर संपत्तिकर की बकाया राशि 1 लाख 16 हजार 246 रूपए, मारवाड़ी रोड के रहवासी रामबाई पर बकाया राशि 87 हजार 699 रूपए का भुगतान नहीं करने पर उक्त दोनों बकायादारों की संपत्तियां भी कुर्क कीं। निगम के अधिकारियों ने बताया कि उक्त कार्यवाई से पूर्व संबंधित बकायादारों को नियमानुसार नोटिस आदि जारी किए गए, लेकिन बकायादारों द्वारा करों का भुगतान नहीं करने पर संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई की गई।

## शिखा होटल का खाना खाने से एक दर्जन लोगों की बिगड़ी थी तबीयत

# मिलावटी दूध पकड़ने उतरी टीम, दूध वाहन और डेयरी से लिए सैंपल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

दूध में पानी सहित हानिकारक तत्व मिलाने की आशंका को देखते हुए खाद्य विभाग की टीम ने दो महीने बाद सैंपलिंग शुरू कर दी है, जिसके तहत डेयरी और दूध वाहनों को रोककर दूध के सैंपल लिए गए हैं। इधर, भानपुर स्थित शिखा होटल में एक बर्ड-डे पार्टी के दौरान खाना खाने से एक दर्जन लोगों की तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद टीम ने पहुंचकर यहां से पनीर, मावा बाटी, पनीर की ग्रेवी, तुअर दाल, मसाले, चावल, बूंदी के सैंपल लेकर लेबोरेटरी भेजे हैं। श्रीराम कृष्ण मेडिकल कॉलेज मेस से भी दाल-चावल के सैंपल लिए गए हैं।

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि मिलावटी दूध की आशंका को देखते हुए शहरी और ग्रामीण क्षेत्र से सैंपलिंग की गई है। जिसके तहत ग्राम पंचायत पुरा छिंदवाड़ा स्थित धनगर दूध डेयरी से भैंस का दूध, दूध वाहन एमपी 04 जेडएल 8565 से गाय का दूध और श्री कान्हा डेयरी से मिक्स दूध के सैंपल लिए गए हैं।

### दूध में होगी रासायनिक जांच

अफसरों ने बताया कि दूध और दूध पदार्थों में स्टार्च, आयोडीन टेस्ट, माइक्रोबियल जांच, फैट और मॉइस्चर कंटेंट की जांच की जाएगी। इसके साथ दूध में रासायनिक जांच को लेकर भी बारीकी से जांच होगी। जिससे दूध की क्वालिटी के बारे में जानकारी मिल सके।

### दूध सहित अन्य खाद्य पदार्थों के लिए एक दर्जन सैंपल



### मेडिकल कॉलेज मैस में गड़बड़ी

खाद्य विभाग को कुछ दिन पहले श्रीराम कृष्ण मेडिकल कॉलेज मेस के खाने में गड़बड़ी की शिकायत मिली थी। जिसके आधार पर शनिवार को टीम ने पहुंचकर यहां से दाल-चावल के सैंपल लिए हैं। इसके साथ टीम ने चाय-लीला रोहित नगर से आईस टी, शाही पिण्ड से पनीर और मिक्स वेज के सैंपल लिए हैं।



# उबैस ने राजा बनकर युवती से किया दुष्कर्म, अश्लील वीडियो और फोटो से लगातार कर रहा था ब्लैकमेल

## बजरंगियों ने जमकर किया हंगामा, थाने में रात से सुबह तक चलता रहा, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कटारा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित बगरौदा औद्योगिक क्षेत्र में उबैस से राजा बनकर युवती को प्रेमजाल में फंसाने और उसका दैहिक शोषण करने का मामला सामने आया है। आरोपी करीब एक साल से अपने से बड़ी उम्र की युवती से शारीरिक संबंध बना रहा था। उसने युवती के अश्लील फोटो और वीडियो मोबाइल से बना लिए। इसके बाद फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसका दैहिक शोषण करने लगा। घटना की जानकारी बजरंगियों को लगी तो उन्हें युवक को दबोच लिया। उसे जमकर धुना फिर पुलिस के हवाले कर दिया।


थाने पहुंचकर बजरंगियों ने किया जमकर हंगामा।

पुलिस के अनुसार 23 साल की युवती मूलतः बैतूल जिले की रहने वाली है। डेढ़ साल से वह परिवार के साथ बगरौदा औद्योगिक क्षेत्र में टीनशेड वाली झुग्गी में रह रही है। उसका परिवार बगरौदा औद्योगिक क्षेत्र में काम करता है। इसी इलाके में उत्तर प्रदेश निवासी उबैस उर्फ राजा भी रहता है और फैक्ट्री में काम करता है। आसपास रहने के कारण दोनों में पहचान हो गई। करीब एक साल पहले दोनों में दोस्ती होने के कारण प्रेम प्रसंग शुरू हो गया। युवती का आरोप है कि उबैस ने उसे अपना नाम राजा बताया था। उसे लगा कि वह हिंदू है, लेकिन बाद में पता चला कि वह राजा नहीं उबैस है।

### युवती को तलाश कर लाई पुलिस

विवाद की सूचना पर पहुंची पुलिस उबैस को थाने ले आई, लेकिन युवती का पता नहीं था। बाद में पता चला कि उसका भाई एम्स में भर्ती है। पुलिस एम्स पहुंची और महिला अधिकारी की उपस्थिति में युवती को थाने लाई। वहां युवती की शिकायत पर दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर दिया। वहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### ब्लैकमेल कर दैहिक शोषण

युवती का आरोप है कि उबेश ने पहली बार उसे राजा बनकर शादी का प्रलोभन दिया और शारीरिक संबंध बनाए। इस दौरान मोबाइल पर अश्लील फोटो और वीडियो बना लिए। अश्लील फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर वह लगातार शारीरिक संबंध बना रहा था। यह बात हिंदू संगठन को कुछ दिन पहले ही पता चली। हिंदू संगठन के कार्यकर्ता युवती और युवक पर नजर रखे हुए थे। शुक्रवार रात करीब साढ़े आठ बजे युवती और युवक हिंदू संगठन को साथ नजर आए। हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने युवक को दबोच लिया और उसे जमकर पीटा। इस बीच युवती वहां से चली गई।

# मौसी के घर रह रहे युवक ने पेड़ पर लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

टीला जमालपुरा थाना क्षेत्र स्थित रेजीमेंट रोड पर अपनी मौसी के घर रहने वाले 28 साल के युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह एसबीआई बैंक में आउटसोर्स पर काम करता था। नजर पड़ते ही परिजन उसे फंदे से उतारकर हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस को घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मृतक का मोबाइल जब्त कर जांच के लिए भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार मूलरूप से इटारसी निवासी हिमांशु रायकवार पिता सुनील रायकवार (28) करीब सात-आठ साल से रेजीमेंट रोड पर रहने वाली मौसी के घर रह रहे थे और एसबीआई की बैरागढ़ ब्रांच में आउटसोर्स में काम कर रहे थे। शुक्रवार रात खाना खाने के बाद मौसी अपने बेटे और हिमांशु के साथ सो गए थे। रात करीब ढाई बजे मौसी की नींद खुली। वह हिमांशु को देखने घर के पिछले हिस्से में पहुंची। वहां पेड़ पर हिमांशु फंदे पर लटका नजर आया। पड़ोसियों के साथहिमांशु को फंदे से उतारा और हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टर ने चेक करने पर हिमांशु को मृत घोषित कर दिया।

## खबर संक्षेप



### ग्लोबल स्कूल में चांदी प्रतिमा व नकदी चोरी

**औबेदुल्लागंज।** ग्लोबल स्कूल में बीती रात को हजारों रुपए की चोरी के संबंध में टीआई बीपी सिंह ने बताया कि चोर ग्लोबल स्कूल के पीछे की खिड़की से प्राचार्य कक्ष में घुसकर फीस काउंटर से 30,000 रुपए नगद एवं एक चांदी की मूर्ति जिसकी कीमत लगभग 35,000 रुपए बताई जा रही है चुराकर ले गया है। ग्लोबल स्कूल की प्राचार्य ने औबेदुल्लागंज थाने में एफआईआर दर्ज करा कर घटना की जानकारी दी। टीआई भारत प्रताप सिंह ने बताया कि शीघ्र ही चोरों को पकड़ लिया जाएगा। पुलिस कार्यवाही कर रही है। चोरी की घटना के के बाद नगर में गस्त तेज कर दी है। इसके साथ ही पूछताछ की जा रही है।

### आज कृषि पंप फीडरों की विद्युत सप्लाई बंद

**औबेदुल्लागंज।** औबेदुल्लागंज सब स्टेशन से निकलने वाले सभी कृषि पंप फीडरों की विद्युत सप्लाई रविवार सुबह 10 से शाम 6 तक बंद रहेगी। सभी घरेलू फीडरो की विद्युत सप्लाई चालू रहेगी। यदि आवश्यक हुआ तो समय-समय पर घरेलू फीडरो को भी बंद किया जा सकता है। कार्य की स्थिति के अनुसार समय को बढ़ाया या घटाया जा सकता है।

### गांजा तस्करी के दोषी को 10 वर्ष का कारावास

**भोपाल।** मादक पदार्थ गांजा की तस्करी कर राजस्थान से मध्यप्रदेश लाकर अवैध रूप से बेचने वाले आरोपी रमेश पाल पुत्र पूरन सिंह पाल (41) निवासी टिकरा बेलखेड़ी चौराहा सलामतपुर जिला रायसेन मप्र को विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट डॉक्टर मुकेश कुमार मलिक ने एनडीपीएस एक्ट 1985 की धारा-8 (सी)सहपठित धारा-21(बी) के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए 10 वर्ष के सश्रम कारावास और 1,00000 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। विशेष न्यायाधीश ने एक आरोपी प्रेमशंकर उर्फ भल्ला को स्थायी फरार घोषित कर दिया है।

### प्रेस क्लब के चुनाव की सरगर्मी बढ़ी

**औबेदुल्लागंज।** नगर के प्रेस क्लब के चुनाव की सर गर्मी तेज हो गई है। सुरेश केवट की दुकान पर प्रेस क्लब के संस्थापक अध्यक्ष भारत निहाल की गुप्तगु हुई। प्रेस क्लब के अध्यक्ष बनने के लिए अमित श्रीवास्तव पूरी ताकत लगा रहे हैं। वहीं प्रेस क्लब के भूपेंद्र मेहरा एवं उपेंद्र मालवीय की जोड़ी भी सक्रिय है। प्रेस क्लब के सदस्यों में असली और फर्जी पत्रकारों की चर्चा जोरों पर है। अब देखना यह है कि औबेदुल्लागंज के पत्रकारों में असली और फर्जी तलाश कैसे होती है।

| शुभांक | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 1736 | | |
| दिन: | 259 | 65 | 267 |
| रात: | 259 | 62 | 778 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 234 | 97 | 278 |
| रात: | 134 | 87 | 458 |

## भोपाल-इंदौर हाइवे पर तूमड़ा जोड़ के पास खजूरी सड़क पर हुआ हादसा

# यात्री बस ने बाइक सवार एएसआई को मारी जोरदार टक्कर, अस्पताल में मौत, ड्राइवर बस लेकर फरार

- **एएसआई शुक्रवार को घर से बाइक लेकर सीहोर जाने के लिए निकले**
- **दोपहर करीब एक बजे यात्री बस ने ओवरटेक करने के प्रयास में मारी टक्कर**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

खजूरी सड़क थाना क्षेत्र स्थित इंदौर-भोपाल हाइवे पर तूमड़ा जोड़ के पास शुक्रवार दोपहर यात्री बस ने बाइक सवार एएसआई को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद एएसआई सड़क पर उछलकर गिर गए। उन्हें सिर और पैर में गंभीर चोट थी। राहगीरों ने एएसआई को भैंसाखेड़ी स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया। वहां शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात एएसआई की मौत हो गई। हादसे के बाद आरोपी ड्राइवर मौके से बस लेकर फरार हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस टक्कर मारने वाली बस ड्राइवर और बस की तलाश कर रही है।


शंकर सिंह ठाकुर, मृतक

पुलिस के अनुसार मूलतः सागर निवासी शंकर सिंह ठाकुर (61) दशमेश नगर, अशोका गार्डन में रहते थे। वह सहायक उपनिरीक्षक थे और इन दिनों सीहोर में पदस्थ थे। शुक्रवार को वह घर से बाइक लेकर सीहोर जाने के लिए निकले। इस बीच खजूरी सड़क थाना क्षेत्र स्थित फंदा-तूमड़ा जोड़ के पास दोपहर करीब एक बजे यात्री बस ने ओवरटेक करने के प्रयास में उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में एएसआई शंकर सिंह के सिर व पैरों में गंभीर चोटें आई थीं। हादसे के बाद आरोपी चालक बस लेकर मौके से फरार हो गया। वहां से गुजर रहे लोगों ने एंबुलेंस व पुलिस को हादसे की जानकारी दी। एंबुलेंस की मदद से गंभीर घायल शंकर सिंह को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे के बाद से उन्हें होश नहीं आया था। शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात दो बजे उनकी मौत हो गई।

### रिटायर होने के बाद बिजनेस का था प्लान

एएसआई शंकर सिंह ठाकुर जुलाई 2026 में रिटायर होने वाले थे। वह अक्सर अपने परिजन से कहते थे कि रिटायर्ड होने के बाद कोई अच्छा बिजनेस करेंगे। उनके परिवार में पत्नी और एक बेटा व एक बेटी है। दोनों बच्चों की वह शादी हो चुकी है। पुलिस का कहना है कि शंकर सिंह ठाकुर की मौत के बाद परिजन शोकाकुल थे। उनसे ज्यादा बातचीत नहीं हो सकी। शव का पीएम कराने के बाद परिजन को सौंप दिया गया है। वह शव लेकर सागर के लिए निकल गए।

### सड़क हादसे में घायल युवक की मौत

रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित पुलिस थाने के पास कलारी के सामने गत 28 जनवरी की सुबह वैन डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में वैन चालक को गंभीर चोट आई थी। उसे गांव के एक दूध वाले ने अस्पताल पहुंचाया था। वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार मेहरबान सिंह (40) ग्राम आमला बड़झिरी में रहते थे और सब्जी का व्यवसाय करते थे। 28 जनवरी सुबह वह अपनी मारुति वैन में सब्जी लेकर गांव लौट रहे थे। इसी दौरान रातीबड़ रोड स्थित कलारी के पास उनकी वैन डिवाइडर से टकरा गई। इलाज के दौरान निजी अस्पताल में मेहरबान सिंह की मौत हो गई।

### शादी के छह महीने बाद ही नव विवाहिता ने लगाई फांसी

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित कल्याण नगर छोला में शनिवार सुबह नव विवाहिता ने शादी के छह महीने बाद ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। मामला नव विवाहिता से जुड़ा होने के कारण मर्ग डायरी एसीपी को सौंपी गई है। पुलिस के अनुसार शोभा वाल्मीकि पति मनोज वाल्मीकि (21) मूलतः गांव पुरैनिया, थाना करारिया, जिला विदिशा की रहने वाली थी। जून 2025 में ही उसकी शादी मनोज वाल्मीकि से हुई थी। मनोज हाउस कीपिंग का काम करता है। उसके माता पिता नगर निगम में दैनिक वेतन भोगी है। शनिवार सुबह मनोज के भाई बहन स्कूल गए थे, जबकि परिवार के सभी सदस्य अपने अपने काम पर चले गए थे। मनोज के पिता सुबह करीब साढ़े 11 बजे घर आए। वे सब्जियां खरीदकर लाए थे। उन्हें बहू नहीं दिखी। वह उसे देखने के लिए फर्स्ट फ्लोर पर बने टीनशेड वाले कमरे में पहुंचे। इस दौरान शोभा की लाश मफलर के सहारे पंखे पर लटकी मिली। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने एफएसएल की मदद से घटनास्थल का निरीक्षण किया, लेकिन सुसाइड नोट नहीं मिला। प्राथमिक जांच में पता चला कि वह आठवीं कक्षा तक पढ़ी थी। करीब एक महीने से मायके में थी। गत 5 जनवरी को ही मनोज उसे मायके से लेकर लौटा था। मायके से लौटने के बाद वह गुमशुम रह रही थी।

## मोहल्ले में वर्चस्व को लेकर हुआ विवाद

# तीन युवकों ने युवक पर किया जानलेवा हमला

- **निशातपुरा में भी एक युवक के सिर पर डंडे और चाकू से जानलेवा हमला**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

चूनाभट्टी थाना क्षेत्र स्थित बाबा नगर में शुक्रवार रात तीन युवकों ने एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। जिस पर हमला किया गया है उस पर दो अपराध पूर्व से दर्ज है। इसी प्रकार हमला करने वाले बदमाश पर भी पूर्व से अपराध दर्ज है और वह गुंडा लिस्ट में शामिल है। पुलिस ने घायल की शिकायत पर तीनों आरोपियों पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। हमले की वजह मोहल्ले में वर्चस्व के विवाद की बात सामने आई है।

पुलिस के अनुसार बाबा नगर चूनाभट्टी निवासी सुमित बैरागी (24) प्राइवेट काम करता है। उसके मोहल्ले में शादी की पार्टी चल रही थी। इसी पार्टी में सुमित मालवीय, सचिन महाले और भूरा भी पहुंचा था। एक दूसरे के सामने आने के कारण सुमित बैरागी और सचिन महाले के बीच विवाद शुरू हो गया। विवाद बढ़ने पर सचिन महाले ने अपने पास रखे डंडे से सुमित बैरागी पर हमला कर दिया, जबकि सुमित मालवीय ने अपने पास रखे चाकू से लगातार तीन हमले किए। हमला हाथ से रोकने के कारण सुमित को हाथ में चाकू लगा है। इसके अलावा गर्दन और कमर के पास भी चाकू लगा है। पूरे विवाद में भूरा ने भी मारपीट की है। पुलिस ने सुमित मालवीय, सचिन महाले और भूरा के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।

### मंगनी होने के बाद दूसरी युवती से की सगाई

इधर, निशातपुरा पुलिस ने बताया कि अरबाज (18) पुताई का काम करता है। शुक्रवार शाम करीब सात बजे वह एहसान नगर मैदान पर बैठा हुआ था। इसी दौरान अमन उर्फ शोएब, तासी और उनका साथी मस्तान मौके पर पहुंचे। पहुंचते ही उन्होंने चाकू और डंडे से अरबाज के सिर पर हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल अरबाज को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस की जांच में यह बात सामने आई कि आठ महीने पहले अरबाज ने एक आरोपी की बहन से मंगनी कर ली थी। चार महीने बाद उसने दूसरी युवती से सगाई कर ली। यह बात आरोपियों को बुरी लगी और वह अरबाज से बदला लेने की फिराक में थे। शुक्रवार शाम करीब सात बजे अरबाज उन्हें एहसान नगर मैदान पर बैठा मिल गया और आरोपियों ने उस पर जानलेवा हमला कर दिया।

# डिजिटल के लिए मज़बूत पासवर्ड रखें और उसे बार-बार चेंज करें

## विद्यार्थियों को दिए साइबर ठगी से बचाव के टिप्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल में कक्षा 6 से 8वीं के विद्यार्थियों को डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहने के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से तीन दिवसीय साइबर सुरक्षा जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। सत्र में मुख्य रिसोर्स पर्सन के रूप में लोकेश पाटिल उपस्थित हुए, जिन्होंने विद्यार्थियों को प्रतिदिन बढ़ती डिजिटल चुनौतियों के प्रति सचेत करत रहने की प्रेरणा दी।

उन्होंने साइबर सुरक्षा के लिए मजबूत पासवर्ड रखने, उसे समय-समय पर बदलने और उपकरणों में एंटीवायरस को नियमित अपडेट रखने पर ज़ोर दिया। उन्होंने बताया कि किसी भी एप को डाउनलोड करने से पहले उसके निर्देशों को


विजेता विद्यार्थी को पुरस्कृत करते हुए।

ध्यानपूर्वक पढ़ने और सोशल मीडिया पर निजी जानकारी साझा न करें। कार्यक्रम में डीएसबीआई टीम के सदस्य गौरव गुप्ता, कपिल मालवीय एवं विदिका तोमर की सक्रिय सहभागिता रही। उन्होंने साइबर सुरक्षा ऑनलाइन धोखाधड़ी, जैसे खतरों से बचाव के उपाय बताए। अंतिम दिन पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

### युवक की हत्या के प्रयास के दोषियों को 3 वर्ष का कारावास

**भोपाल।** धारदार चाकू मारकर युवक को गंभीर रूप से घायल कर उसकी हत्या का प्रयास करने वाले आरोपी मोहन उर्फ मोना पिता प्रेमलाल पिपरैया (38), अनिल सदेले पिता नन्नूलाल सदेले (32) एवं अंकित सदेले पिता जागेश्वर सदेले (22) निवासी 100 क्वार्टर पिपलानी भोपाल म.प्र को अपर सत्र न्यायाधीश मयंक कुमार शुक्ला ने भादंसं की के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए 3 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 2000-2000 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अभियोजन के अनुसार थाना पिपलानी भोपाल अंतर्गत 30 जून 2024 को दोपहर 2 बजे 100 क्वार्टर पिपलानी भोपाल म.प्र में पुराने विवाद को लेकर आरोपी मोहन उर्फ मोना, अनिल सदेले एवं अंकित सदेले ने फरियादी योगेश समसेरिया को धारदार चाकू मारकर उसे घायल कर दिया था।


# रजिस्ट्रार, फर्म एवं समिति को निष्पक्ष चुनाव कराने के कोर्ट ने दिए निर्देश

## मानस कल्याण समिति का मामला पहुंचा हाई कोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

मानस कल्याण समिति का मामला हाई कोर्ट पहुंचा। हाई कोर्ट ने मध्य प्रदेश शासन एवं रजिस्ट्रार, फर्म एवं समिति को निर्देश दिए हैं कि स्वतंत्र चुनाव कराने के लिए समिति का चुनाव निष्पक्ष तरीके से करें।

हाई कोर्ट ने मानस कल्याण के अभिलेख के जांच करने के भी निर्देश दिए हैं। निर्वाचन अधिकारी को हाई कोर्ट ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि अभिलेख की जांच करने एवं निष्पक्ष चुनाव करने में कोई विघ्न बाधा डालता है, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। याचिका मानस कल्याण समिति के स्थाई सदस्य विनोद इरपाचे ने हाई कोर्ट में लगाई थी। हाई कोर्ट के आदेश की कॉपी मध्य प्रदेश शासन के मुख्य सचिव को रजिस्टार एवं सोसाइटी को दे दी गई है।


### मानस कल्याण समिति को लेकर नगर में राजनीति गर्म

वरिष्ठ मानस कल्याण समिति के स्थाई सदस्य अशोक मित्तल ने कल्याण समिति के स्थाई सदस्य विनोद इरपाचे, प्रेम नारायण सोनी एवं पूर्व कोषाध्यक्ष कमल नरेश मालवीय, पेंशनर समिति के अध्यक्ष नवल किशोर मालवीय सहित अन्य सदस्यों ने 9 सूत्रीय जिज्ञासा की जानकारी चाही थी। वर्तमान में आजीवन सदस्यों को किस आधार पर सदस्य बनाया, सदस्य शुल्क कितनी ली गई और सदस्यता की प्रमाणित प्रतिलिपि लिखित में बताना चाहिए। वहीं 2 साल से स्थाई सदस्य अशोक मित्तल मानस कल्याण समिति के पूर्व कोषाध्यक्ष कमल मालवीय एवं पूर्व हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष उत्तम यादव एवं मानस कल्याण समिति के 20 साल पुराने 300 सदस्यों ने 2 साल से एसडीएम, तहसीलदार, कलेक्टर, विधायक, प्रभारी मंत्री एवं रजिस्टार ऑफिस में ज्ञापन देकर मांग की है कि मानस कल्याण समिति की जांच हो एवं रिसीवर प्रशासक नियुक्त हो। मानस कल्याण समिति के 23 साल से चुनाव क्यों नहीं हुए यह औबेदुल्लागंज में चर्चा का विषय है।

### कांग्रेस के तीनों पद ग्रामीण क्षेत्र के नेताओं को मिले

**औबेदुल्लागंज।** औबेदुल्लागंज ब्लॉक में कांग्रेस के तीनों पद ग्रामीण क्षेत्र के नेताओं को मिले। मांगीलाल उइके आकलपुर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इमरत सिंह दरबार प्रेम तालाब, ब्लॉक किसान अध्यक्ष सूरजमल गौर कुमरीयहा ग्राम के हैं। इनके बनने से पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष महेश जैन, वरिष्ठ कांग्रेस नेता दुर्गेश यादव, जिला युवा कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष परेश नागर, सरपंच संघ अध्यक्ष राजू मेहरा आदि ने कहा कि कांग्रेस का ग्रामीण क्षेत्रों में जन आधार बढ़गा। इन लोगों के बनने से कांग्रेस मजबूत हुई है और तीनों ब्लॉक अध्यक्षों में अच्छा सामंजस है, क्योंकि तीनों नेता कांग्रेस को समर्पित हैं। इससे औबेदुल्लागंज के कुछ नेताओं को अपने आप अवलोकन करने के लिए ग्रामीण नेताओं से शिक्षा लेनी चाहिए।

## प्रदेश के पन्ना जिले जयगढ़ के पिस्टा गांव में हुई शादी, चर्चा का विषय

# हेलिकॉप्टर से दुल्हन को विदा करवाकर गांव लौटा दूल्हा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश के पन्ना जिले के एक गांव में हुई शादी चर्चा में बनी हुई है। इस शादी के बाद दूल्हा अपनी दुल्हन को हेलिकॉप्टर में लेकर अपने गांव उतरा तो उसे देखने के लिए मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। इस पूरे मामले से जुड़ा वीडियो भी सामने आया है, जिसमें दूल्हा अपनी दुल्हन के साथ हेलिकॉप्टर में बैठा दिख रहा है।

कहते हैं कि शादी एक ऐसा हसीन पल होता है, जिसको यादगार बनाने के लिए लोग अनूठे प्रयास करते हैं। ऐसा ही मामला पन्ना जिले के अजयगढ़ के पिस्टा गांव से भी सामने आया। यहां एक ऐसी शादी हुई जो पूरे क्षेत्र सहित जिले में चर्चा का विषय बन गई। इस शादी में दूल्हा राजा, घोड़े या फॉर्च्यूनर कार की जगह हेलिकॉप्टर से अपनी दुल्हनिया लेने गया। यह ऐतिहासिक शादी पिस्ता निवासी कांग्रेस नेता मिलन पांडे के बेटे नितिन पांडे की थी। नेताजी ने अपने बेटे के लिए महंगी रकम खर्च कर हेलिकॉप्टर मंगाया ओर बेटे की बारात हेलिकॉप्टर से ले गए और दुल्हन को भी हेलिकॉप्टर से लेकर गांव आए। पांडे परिवार की यह ऐतिहासिक शादी देखने गांव के लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा।

- **एक झलक देखने के लिए हैलीपेड पर उमड़ी भीड़**
- **कांग्रेस नेता मिलन पांडे के बेटे नितिन पांडे की थी शादी**


हेलिकॉप्टर से दुल्हाने को लाता दूल्हा।

### दुल्हन को देखने गांव के लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा

दूल्हा नितिन पांडे का ख्वाब था कि वो हेलिकॉप्टर से बारात लेने जाएं और ये ख्वाब पूरा हुआ। वह हेलिकॉप्टर से ही दुल्हन को लेकर गांव आए। उन्हें देखने के लिए गांव के लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। हेलिकॉप्टर में बैठे दूल्हा और दुल्हन भी काफी खुश दिखाई दिए। घूंघट में भी दुल्हन मुस्कुराती हुई दिखी। ग्रामीणों ने भी अपनी बहू को हेलिकॉप्टर से उतरते देख खुशियां मनाईं। इस मौके पर दूल्हे के पिता भी काफी खुश नजर आए और उन्होंने इस बात को लेकर खुशी जाहिर की कि उन्होंने अपने बेटे की खुशी के लिए ये काम किया। अब ये शादी आसपास के इलाके में चर्चा का केंद्र है।

# नगर के कई वार्डों में नलों से आ रहा गंदा और बदबूदार पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ औदुल्लागंज

महावीर कॉलोनी वार्ड 2 खिल्लीखेड़ा, वार्ड 3, 14 एवं अर्जुन नगर के 10,11 और 12 की महिलाओं ने बताया कि सुबह 10 मिनट तक नलों से गंदा और बदबू दार पानी आता है। इसकी शिकायत नगर परिषद में कई बार कर चुके हैं, मगर कोई ध्यान नहीं देता। महावीर कॉलोनी के नेता संजय सिंह चौहान, नवल किशोर मालवीय, जीवनलाल साहू, जीतू नंदवंशी, कांग्रेस नेता पंकज शर्मा, कांता पटेल, सीताराम मालवीय आदि ने बताया कि महावीर कॉलोनी वार्ड 2 में गंदा पानी आने की शिकायत हम कई सालों से करते आ रहे हैं, पर नगर परिषद के जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं।

वहीं वार्ड 14 के हिंदू उत्सव समिति के कार्यकारी अध्यक्ष अशोक आकाश जैन, कृष्णा नरवरिया, सोनू पंजाबी आदि ने बताया कि नगर में सबसे ज्यादा गंदा वार्ड 14 है। घरों में नालियों का गंदा पानी घुसता है और नलों से भी गंदा पानी आता है। वार्ड 3 खिल्लीखेड़ा में सबसे ज्यादा खराब स्थिति सड़क की है, जिसको बनवाने के लिए तेलीखेड़ा ग्राम की महिलाओं ने एवं पार्षद प्रीति अनूप चौधरी ने कई आवेदन दिए अब कोई सुनवाई नहीं हुई। भाजपा नेता माधव यादव ने बताया की खिल्लीखेड़ा में गंदे पानी और सड़क की परेशानी अब आम हो गई है, जिम्मेदार ध्यान नहीं देते।

## क्षेत्रीय संगठन महामंत्री ने संभागीय प्रभारियों, मोर्चा प्रदेश अध्यक्षों के साथ की बैठक

# प्रदेश में जिले से मंडल स्तर तक के प्रशिक्षण पर भाजपा का फोकस, कार्यक्रमों की प्लानिंग और अमल के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल और प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने शनिवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में संभागीय प्रभारियों के साथ बैठक की।

इस बैठक में आगामी कार्यक्रमों की प्लानिंग और अमल के लिए निर्देश दिए थे। इसमें सबसे अधिक फोकस अगले माह होने वाले जिला से मंडल स्तर तक के प्रशिक्षण पर दिया गया है। बताया जाता है कि इस बैठक में पार्टी के मार्च में होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों, केंद्रीय बजट के प्रचार प्रसार और वीबी जी रामजी योजना का गांवों में अधिक से अधिक विस्तार कराने पर चर्चा की गई है। संभागीय प्रभारियों के बाद क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल और प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल द्वारा मोर्चा प्रदेश अध्यक्षों और पार्टी के प्रदेश पदाधिकारियों के साथ भी संयुक्त बैठक की गई। इस बैठक में पार्टी के आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों पर चर्चा के साथ केंद्रीय बजट और वीबी जी रामजी पर चर्चा हुई। बैठक में गांवों और कस्बों में लोगों को केंद्रीय बजट के फायदे बताने और दुष्प्रचार को रोकने के लिए सतर्क रहने की बात कही गई। पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 टोली एवं विकसित भारत बजट की प्रदेश टोली की बैठक को संबोधित कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री जामवाल और प्रदेशाध्यक्ष खंडेलवाल ने की बैठक।

### भाजपा ने 62 संगठनात्मक जिलों में नियुक्त किए जिला प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने सभी 62 संगठनात्मक जिलों में जिला प्रभारी की नियुक्तियां की हैं। जिला प्रभारियों की जारी की गई सूची में पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष और पूर्व सांसद भी शामिल हैं। भोपाल जिले में भोपाल नगर के लिए जसवंत सिंह हाड़ा एवं ग्रामीण के लिए प्रदीप लारिया को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं इंदौर में नगरीय क्षेत्र के लिए राजेश सोलंकी और ग्रामीण के लिए शैलेन्द्र डागा को जिम्मेदारी दी गई है। ग्वालिर जिले में ग्वालियर नगर के लिए गोपीकृष्ण नेमा एवं ग्रामीण के लिए गोपाल आचार्य का चयन किया गया है।

**भोपाल नगर के लिए जसवंत सिंह हाड़ा, ग्रामीण में प्रदीप लारिया को जिम्मेदारी**



## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री ने कराया गरीब परिवार की समस्या का निदान

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने इंदौर के एक गरीब परिवार की समस्याओं का त्वरित समाधान कराया है। उन्होंने इंदौर में दिनेश प्रजापत एवं उनकी माता रामप्यारी बाई की विषम परिस्थितियों को देखते हुए पेंशन और उनके उपचार से संबंधित प्रकरणों को संज्ञान में लिया। डॉ यादव ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर त्वरित केवायसी करवाकर पेंशन प्रक्रिया शुरू कराई। अरविंदो अस्पताल में रामप्यारी के समुचित उपचार की व्यवस्था कराई। मुख्यमंत्री ने परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश भी दिए।

### विधायक के भाई की गुंडागर्दी पर पटवारी मौन क्यों: आशीष

**भोपाल।** धार के डही में शराब दुकान से खुलेआम शराब लूटने के मामले में कांग्रेस विधायक सुरेन्द्र सिंह हनी बघेल के चचेरे भाई अर्जुन सिंह बघेल और उनके चार साथियों का वीडियो वायरल होने के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी की चुप्पी पर भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा है कि यह नेतृत्व की नाकामी है या फिर अपराधियों को जानबूझकर मौन संरक्षण दिया जा रहा है। भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी ने एक्स पर लिख है कि मध्यप्रदेश कांग्रेस के नेता मंच से संविधान, कानून और नैतिकता का ढोंग रचते हैं लेकिन जमीनी सच्चाई यह है कि उनके ही विधायक का भाई खुद को कानून से ऊपर समझकर खुलेआम गुंडागर्दी कर रहा है। मामला सामने आने के बाद भी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी की चुप्पी संयोग नहीं संकेत है।

## सीतामढ़ी धाम ग्राम गंधिया में मुख्यमंत्री करेंगे विकास कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज करेंगे सीतामढ़ी धाम में माता शबरी की प्रतिमा का अनावरण

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव रविवार 8 फरवरी को शहडोल जिले के जयसिंहनगर में सीतामढ़ी धाम ग्राम गंधिया में माता शबरी की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। सीतामढ़ी धाम श्रीरामचन्द्र पथगमन मार्ग में आता है। इस अवसर पर गंधिया गांव में वे विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन भी करेंगे। डॉ यादव एसईसीएल द्वारा अधिग्रहित भूमि के 15 हितग्राहियों को नियुक्त पत्र भी वितरित करेंगे।

कार्यक्रम में वनाधिकार पट्टों का वितरण, ग्रामीण आजीविका मिशन के स्व-सहायता समूहों को सीसीएल का वितरण, महिला बाल विकास विभाग द्वारा पोषण किट, स्पांसरशिप योजना का लाभ तथा श्रम विभाग द्वारा दुर्घटना, मृत्यु एवं, सामान्य मृत्यु के हितग्राहियों को राहत राशि का वितरण किया जाएगा।

*एसईसीएल द्वारा अधिग्रहित भूमि के हितग्राहियों को वितरित करेंगे नियुक्त पत्र*



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को दिल्ली में भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन से उनके निवास पर सौजन्य भेंट की।

### 767 करोड़ के कार्यों का करेंगे लोकार्पण-भूमिपूजन

मुख्यमंत्री डॉ यादव जयसिंहनगर जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत गंधिया में आयोजित कार्यक्रम में 767 करोड़ की लागत वाले निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन करेंगे। इन कार्यों में 633 करोड़ रूपए लागत वाले 82 निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया जाएगा। इन कार्यों में एमपी आरडीसी, मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग भवन, मध्यप्रदेश लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, नगरीय प्रशासन, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग, जल संसाधन विभाग तथा मध्यप्रदेश पूर्व विद्युत क्षेत्र वितरण कंपनी के कार्य शामिल हैं।

### इन कार्यों का होगा भूमिपूजन

सीएम 134 करोड़ की लागत वाले 60 निर्माण कार्यों का भूमि-पूजन करेंगे। इन कार्यों में जनजातीय कार्य विभाग के 27 कार्य लागत 33 करोड़, नगरीय प्रशासन विभाग के 2 कार्य लागत 28 करोड़, मप्र भवन विकास निगम के 5 कार्य लागत 25 करोड़, मप्र लोक निर्माण विभाग के 5 कार्य लागत 20 करोड़, मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग भवन पीआईयू. के 2 कार्य लागत 10.74 करोड़, मध्यप्रदेश पूर्वी क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के 2 कार्य लागत 7 करोड़ 77 लाख,लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग के 3 कार्य लागत 1.5 करोड़ की लागत वाले कार्य शामिल हैं।

### गंधिया ग्राम में हुआ था भगवान राम का विश्राम

*ऐसी मान्यता है कि श्री राम वन गमन की यात्रा अयोध्या से शुरू कर चित्रकूट होते हुए दण्डकारण्य होकर लंका पहुंचे थे। इस यात्रा के दौरान 248 प्रमुख स्थलों पर उन्होंने विश्राम किया था। शहडोल का गंधिया ग्राम भी इन 248 चिन्हित स्थानों में से एक है। दण्डकारण्य में प्रवेश से पूर्व ऐसी मान्यता है कि श्रीराम माता सीता तथा अनुज लक्ष्मण का गंधिया ग्राम में विश्राम हुआ था। मप्र और छग की सीमा से लगे इस गांव में माता सीता की रसोई तथा श्रीराम मंदिर मौजूद है।*

## कार्यपालन यंत्री एवं अनुविभागीय अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी

# एसीएस से शिकायत के बाद घटिया निर्माण करने पर 2 ठेकेदार ब्लैक लिस्टेड

### काली सूची में दर्ज कर मांगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इंदौर जिले में चटवाड़ा से हरनासा सड़क मार्ग में घटिया निर्माण मिलने पर सड़क निर्माता मेसर्स आनंद इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी को काली सूची में दर्ज करते हुए संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस दिया गया है। वहीं सागर जिले के बीलाग्राम स्थित हायर सेकेंडरी स्कूल में प्रयोगशालाओं एवं अतिरिक्त कक्षों के घटिया निर्माण पर ठेकेदार मेसर्स रविंद्र सिंह ठाकुर को ब्लैक लिस्ट कर संबंधित कार्यपालन यंत्री एवं अनुविभागीय अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। सागर जिले में मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के रेहली - गौरझामर मार्ग का गुणवत्ताहीन निर्माण मिलने पर ठेकेदार मेसर्स बंसल पाथवेज प्रा. लि. एवं कंसल्टेंट योगमा इंजीनियर प्रा. लि. को नोटिस जारी किया गया है।

### 7 जिलों में 35 कार्यों का औचक निरीक्षण में मिली थी खामियां

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के निर्देश पर लोक निर्माण विभाग और मप्र रोड डेवलपमेंट कारपोरेशन के अधिकारियों के हर महीने सात जिलों में 35 कार्यों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। इस महीने किए गए निरीक्षण में भी गुणवत्ताहीन निर्माण मिलने पर यह कार्रवाई की गई हैं। मुख्य अभियंताओं के सात दलों द्वारा हाल ही में भोपाल, डिंडोरी, इंदौर, शहडोल, नीमच एवं सागर जिलों में रेंडम आधार पर सात जिलों के 35 निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया गया।

## भोपाल में पटवारी-हरीश चौधरी की अहम बैठक का आयोजन, की व्यापक समीक्षा

# कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करने पर फोकस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और मध्यप्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी ने भोपाल में आयोजित बैठक में प्रदेश से लेकर पंचायत स्तर तक संगठन सशक्तिकरण की दिशा में किए जा रहे कार्यों की व्यापक समीक्षा की। बैठक में संगठन की आगामी रणनीति को लेकर गहन मंथन हुआ।

बैठक में संगठन को बूथ, पंचायत और वार्ड स्तर तक मजबूत करने, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने तथा "कनेक्ट सेंटर" के माध्यम से संगठनात्मक संवाद को और अधिक प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया गया। इसके बाद प्रदेश कांग्रेस कार्यालय इंदिरा भवन में आयोजित संगठनात्मक बैठक में ग्राम पंचायत एवं वार्ड समितियों के गठन की रूपरेखा तय की गई। साथ ही प्रदेश में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा आगामी संगठनात्मक कार्ययोजना को समयबद्ध तरीके से लागू करने पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने निर्देश दिए कि संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूती दी जाए, कार्यकर्ताओं को जनता से सीधे जोड़ा जाए और तय संगठनात्मक कार्यक्रमों को पूरी प्रतिबद्धता के साथ क्रियान्वित किया जाए।




बैठक में मंथन करते प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी और प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी।

## एसएमएस भेजकर किसानों को केंद्रों पर किया जाएगा आमंत्रित

# गेहूं बेचने किसानों का पंजीयन शुरू, बनाए गए कुल सात केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सरकारी खरीदी केंद्रों पर गेहूं बेचने के लिए खाद्य विभाग ने पंजीयन केंद्रों पर पंजीयन का काम शुरु कर दिया है। पंजीयन के आधार पर ही किसानों को एसएमएस भेजकर फसल बेचने के लिए बुलाया जाएगा। शनिवार से किसानों के पंजीयन का काम शुरु कर दिया गया है। जिन किसानों का पंजीयन किया जाएगा, उन्हें ही फसल बेचने के लिए केंद्रों पर आमंत्रित किया जाएगा। फिलहाल भोपाल में सात सहकारी समितियों पर रजिस्ट्रेशन शुरु किए गए हैं। एमपी ऑनलाइन के कियोस्क सेंटर पर भी जाकर पंजीयन कराया जा सकता है। रबी विपणन वर्ष 2026-27 के तहत समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए शासन ने जिले में किसान पंजीयन 7 केंद्र बनाए हैं, जो ई-उपार्जन पोर्टल पर हैं। इस वर्ष गेहूं का समर्थन मूल्य 2585 रुपए प्रति क्विंटल तय किया गया है। पंजीयन की यह प्रक्रिया 7 मार्च तक चलेगी। जिला आपूर्ति नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन ने बताया कि सभी उपार्जन केंद्रों पर किसानों के लिए छाया, शीतल पेयजल और बैठने की व्यवस्था अनिवार्य रूप से तय की जाए, ताकि किसानों को किसी भी तरह की असुविधा न हो।



### सरकारी केंद्रों पर फ्री में होगा पंजीयन

किसानों के लिए सहकारी समितियों के केंद्रों पर पंजीयन फ्री रहेगा, जबकि एमपी ऑनलाइन, कॉमन सर्विस सेंटर और लोकसेवा केंद्रों पर 50 रुपए देकर पंजीयन कराया जा सकता है। पंजीयन के लिए किसान का नाम, आधार नंबर, बैंक खाता विवरण, आधार से लिंक मोबाइल नंबर और समग्र आईडी का होना जरूरी है। साथ ही किसान विक्रय हेतु नॉमिनी भी नियुक्त कर सकते हैं जिसके लिए नॉमिनी का आधार देना होगा। सत्यापन की प्रक्रिया बायोमेट्रिक या ओटीपी से पूरी की जाएगी।

### गांवों में तैयार होगा गेहूं, चना और अन्य फसलों का हाईब्रिड बीज

**भोपाल।** छोटे और बड़े किसानों के लिए अच्छी खबर है। अब बोवनी के लिए किसानों को व्यापारियों से महंगा बीज नहीं खरीदना पड़ेगा, जिसके लिए कृषि विभाग ब्लॉक स्तर पर पांच पांच गांवों में बीज केंद्र बनाने जा रहा है। जहां बोवनी के लिए हाईब्रिड बीज तैयार किया जाएगा। यहां पर किसानों के लिए यूरिया और डीएपी भी रखी जाएगी, जिससे किसानों को दूर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए भी मोटिवेट किया जाएगा। जिले के एक ब्लॉक के 5 गांवों को आत्मनिर्भर गांव बनाया जाएगा। जिसमें हाईब्रिड बीज उसी गांव में तैयार होकर गांव में ही विक्रय कर उत्पादन किया जाएगा। उर्वरक यूरिया, डीएपी के स्टॉक के लिए योजना तैयार की जा रही है। इसके साथ प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए उनके उत्पादन के लिए प्रचार-प्रसार करने की जिम्मेदारी कृषि विभाग को सौंपी गई है। किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए ट्रैड करने समय-समय पर ट्रेनिंग भी आयोजित की जाएगी।

**सोमवार से अधिकारियों की लेंगे अलग-अलग बैठकें**

# कार्यभार संभालकर परिवहन आयुक्त जोगा ने ली बैठक

### बोले-बॉडी वार्न कैमरा लगाकर करें चेकिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश के नए परिवहन आयुक्त उमेश जोगा ने कार्यभार संभाल लिया है। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने चेकिंग प्रभारियों, प्रवर्तन अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने सभी अफसरों को जांच के दौरान बॉडी वार्न कैमरों का उपयोग अनिवार्य रुप से करने के निर्देश दिए हैं। भारतीय पुलिस सेवा के 1997 बैच के आईपीएस उमेश जोगा ने परिवहन विभाग के कैंप आफिस में कार्यभार संभाला। उप परिवहन आयुक्त किरण शर्मा ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया और इसके बाद जोगा ने विधिवत कार्यभार संभाला। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने परिवहन आयुक्त कार्यालय के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया।

उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि चेकिंग के दौरान नियम प्रक्रियाओं का पालन किया जाए। बॉडी वार्न कैमरे लगाकर ही जांच की जाए। कल से आयुक्त विभाग में अलग-अलग काम देखने वाले अधिकारियों के साथ बैठकें करेंगे।

# आरक्षक जवानों की भर्ती का फैसला 23 से से होगा फिजिकल परीक्षण

### फिजिकल टेस्ट के लिए 10 जिलों में बनेंगे कैंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पुलिस आरक्षक के 7500 पदों के लिए हुई परीक्षा के लिए अब 23 फरवरी से फिजिकल टेस्ट शुरू होने जा रहे हैं। पुलिस मुख्यालय ने इसके लिए प्रदेश के दस शहरों में स्थानों का चयन किया है जहां भर्ती परीक्षा में चयनित उम्मीदवारों को परीक्षा के लिए हाजिर होना पड़ेगा। इस दौरान चयनित उम्मीदवारों को दौड़, लंबी कूद और गोला फेंक में अपनी दक्षता साबित करना होगी।

आरक्षक जीडी के 7500 पदों पर भर्ती के लिए कर्मचारी चयन मंडल ने 30 अक्टूबर से 15 दिसंबर 2025 कराई गई थी। परीक्षा के रिजल्ट पिछले महीने जनवरी में घोषित किए गए। चयनित उम्मीदवारों का अब फिजिकल टेस्ट होना है, जो 23 फरवरी से 13 मार्च के बीच में होगा। इसमें उम्मीदवारों को 800 मीटर दौड़, लंबी कूद और गोला फेंक तथा दस्तावेजों का परीक्षण होगा।

# नरेला में बड़े पैमाने पर दुर्भावनापूर्वक कटवाए जा रहे मतदाताओं के नामः शुक्ला

### कांग्रेस ने प्रदर्शन कर की उच्च स्तरीय जांच की मांग, एसीपी को सौंपी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्रीय चुनाव आयोग के निर्देश पर भोपाल में चलाया जा रहा वोटर सर्वे अपने अंतिम चरण में है। सर्वे के अंतिम चरण में शहर के लगभग सवा दो लाख मतदाताओं के नाम सूची से काटने के लिए फॉर्म नंबर 7 जमा किए गए हैं। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि फॉर्म नंबर 7 इतनी बड़ी तादाद में प्रतिद्वंद्वी दलों द्वारा स्थानीय नागरिकों के खिलाफ जमा किए गए हैं। कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला के निर्देशन में आक्रोशित पीड़ितों ने निशातपुरा थाने का घेराव कर प्रदर्शन किया।

### नाम काटने प्रस्तुत किए 5 हजार आवेदन

कांग्रेस नेता शुक्ला ने कहा कि नरेला विधानसभा क्षेत्र में जो परिवार पिछले कई साल से निवास कर रहे थे उनका नाम सूची से काटने के लगभग 5 हज़ार आवेदन प्रस्तुत किए गए हैं। परिवारों में इस बात की दहशत है कि यदि उनकी नागरिकता समाप्त कर दी गई तो कल सरकार को वह किस प्रकार जवाब प्रस्तुत कर सकेंगे।

## विधानसभा के बजट सत्र की तैयारियां, विधायकों ने किए 2253 ऑनलाइन सवाल

# विपक्ष के एजेंडे में जहरीला कफ सिरप, दूषित पानी और कानून व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इसी माह होने जा रहे बजट सत्र को लेकर विधानसभा में व्यापक तैयारियां शुरू हो गई हैं। इस बार विधायकों ने ऑफलाइन से ज्यादा ऑनलाइन सवाल किए हैं। विधायकों ने कुल 2253 ऑनलाइन सवाल किए हैं। वहीं विपक्षी दल कांग्रेस ने इस बार बिगड़ती कानून व्यवस्था, बढ़ते भ्रष्टाचार, इंदौर में दूषित पानी, छिंदवाड़ा में जहरीले कफ सिरप से मौतों को लेकर सरकार को घेरने की तैयारी की है। विधानसभा में विधायकों को ऑनलाइन सवाल करने, ध्यानाकर्षण प्रस्ताव शून्यकाल की सूचनाएं ऑनलाइन भेजने की सुविधा प्रदान की गई है। इस बार भी सवाल भेजने का समय समाप्त हो गया है। अब तक कुल 3 हजार 478 सवाल विधायकों ने विभिन्न विषयों पर पूछे हैं। इसमें 2 हजार 253 ऑनलाइन सवाल पूछे गए है और ऑफलाइन सवाल 1 हजार 225 पूछे गए हैं। इनमें एक हजार 750 तारांकित और 1728 सवाल अतारांकित आए हैं। ध्यानाकर्षण प्रस्ताव भेजने के लिए अभी समय बाकी है। शून्यकाल की सूचनाएं, नियम 139 के तहत प्रस्ताव, याचिकाएं, भेजने के लिए अभी समय बाकी है।



### कांग्रेस की तैयारी, सरकार हर जवाब के लिए तैयार

प्रदेश सरकार की ओर से डिप्टी सीएम और वित्त तथा वाणिज्य कर मंत्री जगदीश देवड़ा 18 फरवरी को विधानसभा में बजट पेश करेंगे। इस बार भी बजट पिछले बजट से दस प्रतिशत बढ़ाकर पेश किया जाएगा। कई विधेयक भी इस बार विस में पेश किए जाएंगे। प्रदेश के कई मंत्री अपनी सम्पत्ति औ आय की घोषणा विधानसभा में करेंगे।

### भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर सरकार को घेरेगा

इधर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार, उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे सहित कांग्रेस विधायकों ने इस बार सरकार को विभिन्न मुद्दों को लेकर घेरने की व्यापक तैयारी की है। कांग्रेस का कहना है कि प्रदेश में कानून व्यवस्था की हालत बिगड़ी हुई है। प्रदेश में अवैध खनन बढ़ रहा है। खनन माफिया सक्रिय है। प्रदेश में अवैध शराब की बिक्री बढ़ी है। इंदौर में दूषित पानी पीने से लगातार मौतों का आंकड़ा बढ़ रहा है। छिंदवाड़ा में जहरीले कफ सिरप पीने से कई लोगों की मौते हुई थी। प्रदेश में बेरोजगारी बढ़ रही है। अपेक्षानुरुप नया निवेश नहीं बढ़ रहा है। वहीं राज्य सरकार और सत्तारुढ़ दल द्वारा भी विपक्षी हमलों को कमजोर करने के लिए व्यापक तैयारी की गई है। बजट सत्र के दौरान विपक्ष के हमलों पर जवाब देने के लिए अलग-अलग भाजपा विधायकों को तैयार किया जा रहा है। इनकी लगातार ब्रीफिंग भी की जा रही है।

### एसआईआर के काम में लगे निगम कर्मचारियों को नहीं मिला वेतन

**भोपाल।** स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के काम में लगे नगर निगम के डेढ़ सौ से अधिक कर्मचारियों को महीने की एक तारीख को वेतन नहीं दिया गया है। जिससे कर्मचारियों को परिवार चलाने में दिक्कत हो रही है। तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के महामंत्री उमाशंकर तिवारी ने बताया कि निगम के 150 कर्मचारी जो निर्वाचन आयोग के मतदाता गहन विशेष पनरीक्षण कार्य में लगे हैं, उन कर्मचारियों को निगम ने वेतन नहीं दिया है। बताया जा रहा हे कि निगम में ई अटेंडेंस से उपस्थिति आने पर ही वेतन दिया जा रहा है, लेकिन एसआईआर का काम करने की वजह से ई अटेंडेंस नहीं होने से वेतन रोक दिया गया है।

वित्त मंत्री देवड़ा ने किया खाद्यान्नों की प्रसंस्करण आधुनिक एवं नई टेक्नोलॉजी की मशीनों का अवलोकन

# ऑल इंडिया दाल मिल एसो. ने कहा कि दलहन उड़द, मसूर को मंडी शुल्क से करें मुक्त

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

ऑल इंडिया दाल मिल एसोसिएशन के तत्वावधान में दाल, अनाज की अति आधुनिक मशीनरी की तीन दिवसीय एक्जीबिशन ग्रेनेक्स इंडिया का आयोजन के दूसरे दिन सांसद शंकर लालवानी और मध्यप्रदेश शासन के वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने पहुंचे और प्रदर्शिनी का अवलोकन किया।

ऑल इंडिया दाल मिल एसोसिएशन के तत्वावधान में दाल और सभी प्रकार की दाल, खाद्यान्नों एवं मसालो के प्रसंस्करण की नवीनतम एवं आधुनिक टेक्नोलॉजी की मशीनरी की एक्ज़ीबिशन का यह अनूठा आयोजन हो रहा है। इस मौके पर एसोसिएशन ऑफ पल्सेस के सचिव मुन्नालाल बंसल एवं इंदौर दाल मिल एसोसिएशन के सचिव उत्तमराज कटारिया, भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, सौरभ राठी एवं विजय लाहोटी, पूर्व सांसद कृष्णमुरारी मोघे और संस्था के प्रचार सचिव अनुग्रह जैन (जबलपुर) मौजूद रहे।



व्यापारियों से चर्चा करते हुए

### आधुनिक मशीनों की खरीदी पर 18 फीसदी जीएसटी

इस दरमियान ऑल इंडिया दाल मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल ने उपमुख्यमंत्री को प्रदर्शिनी में शामिल राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मशीनरी निर्माता कंपनियों और उनके उत्पादों की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। साथ ही अवगत कराया कि आधुनिक मशीनों की खरीदी पर 18 फीसदी जीएसटी है, जिससे उनकी कीमतें बहुत अधिक हो जाती है।

### दाल इंडस्ट्रीज पर दोहरा करारोपण

*पदाधिकारियों ने मांग की, कि मध्यप्रदेश में दाल इंडस्ट्रीज द्वारा दाल बनाने के लिए मध्यप्रदेश के बाहर से मंगाए जाने वाले दलहन-उड़द, मसूर पर मंडी शुल्क लग रहा है, इसे मंडी शुल्क से मुक्त किया जाना चाहिए, क्योंकि मध्यप्रदेश में जो दलहन दाल बनाने के लिए मंगाया जाता है, उस पर पहले ही मंडी शुल्क चुका दिया जाता है, मध्यप्रदेश में आने पर दुबारा मंडी शुल्क लिया जाता है, जिससे दोहरा करारोपण हो रहा है।*

## सैमसंग ने लांच किया गैलेक्सी ए07 5जी स्मार्टफोन

**गुरुग्राम।** सैमसंग ने भारतीय बाजार में अपना जबर्दस्त 5जी फोन लांच कर दिया है। दरअसल, ब्रांड ने सेमसंग गैलेक्सी ए07 5जी को भारत में अपने लेटेस्ट स्मार्टफोन के तौर पर लांच किया है। फोन ऑफर में 15,000 रुपए से कम कीमत में मिल रहा है और यह अमेजन के साथ कंपनी की वेबसाइट पर बिक्री के लिए उपलब्ध है। कंपनी के वाइस प्रेसिडेंट आदित्य बब्बर ने कहा कि कंपनी ने इसे रैम और स्टोरेज के हिसाब से दो कॉन्फिगरेशन और तीन अलग-अलग कलर्स में लॉन्च किया है। नए गैलेक्सी ए07 5जी में 6000एमएएच की बैटरी है और इसमें 25वॉट वायर्ड फास्ट चार्जिंग सपोर्ट मिलता है। फोन ऑक्टा कोर मीडियाटेक डाइमेंसिटी 6300 चिपसेट से लैस है।

गोयल के नेतृत्व में सभी निर्वाचित पदाधिकारी सांसद से मिले

# राजधानी के चहुंमुखी विकास के लिए सब एकता और एकजुटता के साथ करें कार्य : आलोक शर्मा

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



सौजन्य भेंट

■ अतिक्रमण मुक्त करने बीसीसीआई को आगे बढ़कर अपील करने को कहा

व्यापारियों की शीर्ष संस्था भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के नवनिर्वाचित अध्यक्ष, समाजसेवी एवं सुप्रसिद्ध उद्योगपति गोविंद गोयल के नेतृत्व में शनिवार को चेंबर के सभी निर्वाचित पदाधकारी और कार्यकारिणी सदस्यों ने सांसद आलोक शर्मा के निवास पर सौजन्य भेंट की। इस मौके पर सांसद आलोक शर्मा ने नवनिर्वाचत अध्यक्ष गोविंद गोयल सहित सभी पदाधिकारियों के साथ कार्यकारिणी सदस्यों का अभिनंदन किया और कहा कि भोपाल के चहुंमुखी विकास के लिए सब एकता और एकजुटता के साथ कार्य करें। साथ ही भोपाल को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए बीसीसीआई संस्था को आगे बढ़कर सबका साथ देने की अपील की।

इस मौके पर पूर्व महापौर सुनील सूद, कैलाश मिश्रा, कृष्ण मोहन मुन्नू, ईश्वर चरण शर्मा, अनुज संजय शर्मा के साथ बड़ी संख्या में समाजसेवी, व्यापारी बंधु मौजूद थे। इस मौके पर गोविंद गोयल सहित चेंबर के सभी लोगों ने सांसद आलोक शर्मा की माता जी आशीर्वाद लिया।

### कल सुबह मुहूर्त पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष गोयल साढ़े 9 से 10 बजे बीच संभालेंगे चेंबर का पदभार

व्यापारियों की शीर्ष संस्था भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के नवनिर्वाचित अध्यक्ष, समाजसेवी एवं सुप्रसिद्ध उद्योगपति गोविंद गोयल 9 फरवरी यानी सोमवार को सुबह मुहूर्त पर साढ़े 9 से 10 बजे के बीच संस्था के अध्यक्ष का पदभार संभालेंगे। इस दरमियान चेंबर के निर्वाचित सभी पदाधिकारी भी अपने-अपने दायित्वों का पदभार ग्रहण करेंगे। चेंबर सचिव ने बताया कि अध्यक्ष सहित तमाम निर्वाचित पदाधिकारी उनके साथ चेंबर कार्यालय पहुंचकर सोमवार को सुबह अपने-अपने पद और जिम्मेदारी संभालेंगे।



अभिनंदन

वैश्विक तनाव में थोड़ी नरमी के संकेतों का असर

# चांदी की कीमतें धड़ाम... 7 दिन में 1.90 लाख रुपए हुई सस्ती

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

चांदी की कीमतें धड़ाम हो गई है , सात दिन में चांदी की कीमत आधी हो गई । मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज यानी एमसीएक्स पर 29 जनवरी को चांदी ने 4,20,000 रुपए का ऐतिहासिक आंकड़ा छुआ था, लेकिन उसके अगले ही दिन चांदी की कीमतों में गिरावट आई और लगातार तीन दिन तक कमी देखी गई।

हालांकि कारोबारी सत्र के दो दिनों में चांदी में तेजी आई, लेकिन 5 फरवरी से चांदी में फिर गिरावट आने लगी, जो अभी भी जारी है। गौरतलब है कि सोने और चांदी की कीमतों में लगातार दूसरे दिन भारी मुनाफावसूली दिखी। वैश्विक तनाव में थोड़ी नरमी के संकेतों के बीच घरेलू सर्राफा बाजार में कीमती धातुओं की कीमतों में तेज गिरावट दर्ज की गई। चांदी की कीमतें 13,000 रुपए तक लुढ़क गईं, जबकि सोना भी अपने रिकॉर्ड स्तर से नीचे आ गया। हालांकि भारतीय बाजार बंद होने दौरान अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भारी उतार-चढ़ाव और रिकवरी का दौर देखा गया।

### घरेलू बाजार चांदी 2.51 लाख रुपए पर किलो के स्तर पर

सर्राफा महासंघ भोपाल प्रवक्ता नवनीत अग्रवाल ने बताया कि चांदी की कीमतों में 4.85 फीसदी की भारी गिरावट आई। स्थानीय भोपाल सराफा बाजार में चांदी की कीमत 2,51,000 रुपए प्रति किलोग्राम बोली गई। इससे पहले गुरुवार को यह 2,68,000 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। सोने की चमक भी फीकी पड़ी है। 99.9 फीसदी शुद्धता वाला सोना 3,400 रुपए या 2.12 फीसदी की गिरावट के साथ 1,58000 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। कारोबारियों का कहना है कि घरेलू कीमतों में यह गिरावट मुख्य रूप से ऊंचे स्तरों पर मुनाफावसूली के कारण आई है। उन्होंने कहाकि इस अस्थिरता के पीछे अमेरिका और ईरान के बीच ओमान में चल रही बातचीत और अमेरिकी फेडरल रिजर्व की मौद्रिक नीति को लेकर अनिश्चितता है। कारोबारी आनंद सोनी के अनुसार कमजोर अमेरिकी जॉब्स डेटा ने कीमती धातुओं को सहारा दिया है, लेकिन अमेरिका-ईरान वार्ता में किसी सफलता की उम्मीद ने कीमतों में होने वाली बढ़ोतरी को सीमित कर दिया है। उन्होंने कहा कि ओमान में चल रही बैठक और अमेरिकी मौद्रिक नीति की भावी दिशा के कारण बुलियन कॉम्प्लेक्स में भारी अस्थिरता जारी है। आनंद सोनी ने कहाकि चांदी पहले से कहीं सस्ती हो चुकी है और इससे जुड़े निवेशक, ज्वैलर्स और होलसेल मार्केट में बैठे लोग बेहद सतर्क नजर आ रहे हैं।



# इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 वैश्विक एआई नेतृत्व के दिग्गज हस्तियों की सहभागिता तय

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत 16 से 20 फरवरी 2026 के बीच नई दिल्ली में इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 की मेजबानी करने जा रहा है। यह वैश्विक समिट आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के भविष्य, उसके आर्थिक और सामाजिक प्रभावों तथा नीतिगत ढांचे पर केंद्रित एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मंच होगी, जिसमें दुनिया भर से एआई नीति-निर्माता, टेक्नोलॉजी लीडर्स, शोधकर्ता और उद्योग प्रमुख भाग लेंगे।

समिट में प्रमुख वक्ताओं के रूप में सुंदर पिचाई, सीईओ, गूगल एवं अल्फ़ाबेट; जेंसन हुआंग, संस्थापक एवं सीईओ, एनवीडिया; डेमिस हसाबिस, सह-संस्थापक एवं सीईओ, गूगल डीपमाइंड और ब्रैड स्मिथ, प्रेसिडेंट एवं वाइस चेयर, माइक्रोसॉफ़्ट शामिल होंगे। भारतीय उद्योग और डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर के दृष्टिकोण को नंदन नीलेकणी, सह-संस्थापक एवं चेयरमैन, इंफोसिस तथा मुकेश अंबानी, चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, रिलायंस इंडस्ट्रीज प्रस्तुत करेंगे, जबकि मानव-केंद्रित और नैतिक एआई पर वैश्विक विमर्श को फेई-फेई ली, प्रोफेसर, स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी आगे बढ़ाएंगी।

इसके अलावा समिट में क्रिस्टियानो एमोन, सीईओ, क्वालकॉम, डारियो अमोडेई, सीईओ, एन्थ्रोपिक, निकेश अरोड़ा, चेयरमैन एवं सीईओ, पालो आल्टो नेटवर्क्स, जय चौधरी, संस्थापक एवं सीईओ, जीस्केलर, सलिल पारेख, सीईओ एवं एमडी और बिल गेट्स, चेयर, गेट्स फाउंडेशन जैसे वैश्विक नेता भी भाग लेंगे।

## बिजनेस न्यूज

### बिरला कॉरपोरेशन ने आयोजित किया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर





**भोपाल।** बिरला कॉरपोरेशन लिमिटेड की यूनिट सतना सीमेंट वर्क्स द्वारा समय-समय पर सामाजिक एवं विकासात्मक कार्य किए जाते रहे हैं। सीमेंट वर्क्स, सतना द्वारा अपने सामाजिक उत्तरदायित्वों के निर्वहन के अंतर्गत ग्राम पंचायत बठिया कला में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर पंचायत भवन परिसर में आयोजित हुआ, जिसमें विभिन्न बीमारियों से पीड़ित ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच एवं उपचार किया गया। संस्था के प्रेसिडेंट कौशल मिश्रा का उद्देश्य है कि सीमेंट प्लांट की प्रगति के साथ-साथ आसपास के गांवों का भी समग्र विकास हो। शिविर के दौरान ग्राम बठिया कला के कुल 102 ग्रामीणों की विभिन्न रोगों की जांच की गई ।

### जीसीएलआई के अभियान में सेंट्रल बैंक का संयुक्त उद्यम भागीदार बना

**नई दिल्ली।** जेनेराली सेंट्रल लाइफ इंश्योरेंस ने अपने राष्ट्रीय ब्रांड अभियान हियर नाउ के अगले चरण की शुरुआत की है जिसमें जीवन के दो महत्वपूर्ण चरणों बच्चों के भविष्य की आकांक्षाओं और सेवानिवृत्ति सुरक्षा में जीवन बीमा समाधान उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया गया है। जीसीएलआई 2025 में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का संयुक्त उद्यम भागीदार बना, जिसके बाद कंपनी अपनी नई पहचान को आधार पर यह अभियान चलाते हुए लोगों और परिवारों को सशक्त बनाने की अपनी प्रतिबद्धता की दिशा में प्रयास कर रही है। जेनरली सेंट्रल लाइफ इंश्योरेंस के एमडी और सीईओ आलोक रुंगटा ने कहा कि जेनरली की वैश्विक विशेषज्ञता और सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की विश्वसनीय विरासत के आधार पर आत्मविश्वास से भरे वित्तीय विकल्प चुनने के लिए सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### रॉयल लायंस ने मप्र में जारी रखी जमीनी स्तर की प्रतिभा खोज

**भोपाल ।** मध्य प्रदेश की जमीनी क्रिकेट प्रतिभाओं को पहचानने और उन्हें तराशने की रॉयल लायंस जबलपुर ने अपनी निरंतर प्रतिबद्धता के तहत एमपीएल टी20 सीजन 3 के लिए ओपन प्लेयर ट्रायल की घोषणा की है। फ्रैंचाइजी ने लगातार राज्य के युवा खिलाड़ियों को अवसर प्रदान करने और स्थानीय क्रिकेट पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया है। पिछले सीजन में फ्रैंचाइजी ने पूरे क्षेत्र में व्यापक ट्रायल आयोजित किए थे, जिसके बाद युवा तेज गेंदबाजों प्रथम और सैफिन को शॉर्टलिस्ट किया गया था। यह उभरती प्रतिभाओं को ऊपर उठाने के लिए जबलपुर रॉयल लायंस के निरंतर प्रयासों के प्रभाव को दर्शाता है। इसी गति को आगे बढ़ाते हुए, टीम एक बार फिर मध्य प्रदेश के महत्वाकांक्षी क्रिकेटरों के लिए अपने दरवाजे खोल रही है। ट्रायल जबलपुर में आयोजित किए जाएंगे।

### आदित्य हलवासिया ने हिस्सेदारी 32.82 फीसदी हुई

**मुंबई।** क्यूपिड लिमिटेड कंपनी के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर आदित्य कुमार हलवासिया ने खुले बाजार से 6,46,513 शेयर खरीदकर कंपनी में अपनी हिस्सेदारी और सुदृढ़ की है। यह अधिग्रहण क्यूपिड की कुल इक्विटी का 0.24 प्रतिशत है। इस कदम के बाद हलवासिया की व्यक्तिगत हिस्सेदारी बढ़कर 32.82 प्रतिशत हो गई है, जबकि प्रमोटर एवं प्रमोटर समूह की संयुक्त हिस्सेदारी अब 45.80 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गई है।

### सथलोखर सीनर्जीज का मुनाफा 340 फीसदी बढ़ा

**चेन्नई।** सथलोखर सीनर्जीज ईएंडसी ग्लोबल लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026 की तिमाही के लिए अपने वित्तीय नतीजों की घोषणा की है। कंपनी के 189.72 करोड़ रुपए, सालाना आधार पर 400.83 फीसदी की शानदार वृद्धि दर्ज की। कंपनी एबिटडा 27.93 करोड़ रुपए रहा , जबकि शुद्ध लाभ 19.72 करोड़ रुपए रहा।

सोनालीका ने लांच की नई 'गोल्ड सीरीज'

# कंपनी ने दो नए फ्लैगशिप ट्रैक्टर - गोल्ड डीI 745 III और गोल्ड डीI 55 III लांच

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सोनालीका ट्रैक्टर्स ने नई सोनालीका 'गोल्ड सीरीज' एक प्रभावशाली कदम है, जिसमें कंपनी ने दो नए फ्लैगशिप ट्रैक्टर - गोल्ड डीI 745 III और गोल्ड डीI 55 III लांच किए हैं। यह नई ट्रैक्टर सीरीज उन्नत इंजीनियरिंग और बेहतर प्रदर्शन का मिश्रण है, जो उद्योग मानकों को नई ऊंचाई देते हुए किसानों को आज के लिए आत्मविश्वास और भविष्य के लिए आश्वासन प्रदान करती है। सोनालीका गोल्ड सीरीज के नए ट्रैक्टर सोने में एक मूल्यवान निवेश एवं समय के साथ इसकी बढ़ती कीमत के भारतीय विश्वास से प्रेरित है।

इसे आज एक किसानों के लिए भरोसेमंद कृषि सहयोगी और भविष्य में भी एक सुरक्षित कृषि निवेश के रूप में डिजाइन किया गया है। भविष्य के लिए तैयार इस ट्रैक्टर सीरीज में नवीन तकनीक और नए पार्ट्स का उपयोग किया गया है, जो किसानों को आत्मविश्वास के साथ नेतृत्व करने और भविष्य की कृषि आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए 'जीतने का दम' पाने में सक्षम बनाएगा।

### सबसे बड़े इंजन और नए पार्ट्स के साथ बेहतर प्रदर्शन का स्वर्ण मानक

सोनालीका गोल्ड सीरीज हर मायने में 'खरा सोना' है जो समय के साथ बढ़ता विश्वास और सही कीमत प्रदान करता है। सोनालीका ने किसानों की तेजी से बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए अपनी नई सीरीज़ में दो ट्रैक्टर - गोल्ड डीI 745 III और गोल्ड डीI 55 III - लांच किए हैं।




**माननीय न्यायमूर्ति एस.पी. तालुकदार एक सदस्यीय समिति**
**5 काउंसिल हाउस स्ट्रीट, कोलकाता - 700 001**

**एनेक्स, वारिस, पिनकॉन, पैलान, रामेल, कोलकाता वियर, विबग्योर, टॉवर इन्फोटेक, जीबीसी इंडस्ट्रियल कॉर्पोरेशन, टोगो रिटेल मार्केटिंग, आर एन पॉलीमर, टीचर्स वेलफेयर, बेसिल इंटरनेशनल, रियल ट्यूलिप इंडस्ट्रीज, एमपीएस ग्रुप ऑफ कंपनीज से संबंधित अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी के लिए सार्वजनिक सूचना**

जस्टिस एस. पी. तालुकदार वन मैन कमेटी, हाई कोर्ट, कलकत्ता, एनेक्स इंफ्रास्ट्रक्चर इंडिया लिमिटेड ग्रुप ऑफ कंपनीज, वारिस ग्रुप ऑफ कंपनीज, पिनकॉन ग्रुप ऑफ कंपनीज, पैलान ग्रुप ऑफ कंपनीज, रामेल इंडस्ट्रीज लिमिटेड, कोलकाता वियर इंडस्ट्रीज लिमिटेड, विबग्योर ग्रुप ऑफ कंपनीज, टावर इन्फोटेक ग्रुप ऑफ कंपनीज, GBC इंडस्ट्रियल कॉर्पोरेशन ग्रुप ऑफ कंपनीज, टोगो रिटेल मार्केटिंग लिमिटेड ग्रुप ऑफ कंपनीज, R N पॉलीमर इंडस्ट्रीज लिमिटेड ग्रुप ऑफ कंपनीज, टीचर्स वेलफेयर क्रेडिट एंड होल्डिंग ग्रुप ऑफ कंपनीज, बेसिल इंटरनेशनल ग्रुप ऑफ कंपनीज, रियल ट्यूलिप इंडस्ट्रीज लिमिटेड ग्रुप ऑफ कंपनीज और MPS ग्रुप ऑफ कंपनीज की कुछ प्रॉपर्टीज की पब्लिक नीलामी (ई-नीलामी) करने जा रही है।

इच्छुक लोगों से अनुरोध है कि वे ज्यादा जानकारी के लिए www.justicesptalukdarcommittee.com या www.sebi.gov.in पर 'एनफोर्समेंट' टैब में 'रिकवरी प्रोसीडिंग्स के तहत नीलामी नोटिस' या www.adroitvaluations.com पर जाएं।

**स्थान: कोलकाता**
**तारीख : 8 फरवरी, 2026**
**CBC 15204/11/0238/2526**

**भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (एस.पी. तालुकदार एक सदस्यीय समिति की ओर से)**





RFP Document for supply, installation, Commissioning and Maintenance of IP based CCTV surveillance system at 49 PS/OP's of Madhya Pradesh On Turn-key Basis

**POLICE TELECOM HEADQUARTERS, MADHYA PRADESH**
**Bhadbhada Road, Bhopal- 462003**
Fax No. 0755-2443674, E-mail: ssp_radio@mppolice.gov.in

NIT No. PTHQ/CCTV-29/24/D-2017/2026,Bhopal   Date: 02/02/2026

-:: Notice Inviting e-Tender::-
3rd Call

2nd e-Tenders are invited by the Senior Superintendent of Police (Radio) MP Bhopal on behalf of DGP MP Bhopal for the following work items :-

| Sr.No | Name of item | Required EMD Rs. | Tender documents Fee Rs. |
|---|---|---|---|
| 1. | Supply, Installation, Commissioning and Maintenance of IP based CCTV surveillance system at 49 PS/OP's of M.P. Police | Rs. 5 Lakhs | 10,000/- |

1. Cost of tender documents is Rs. 10,000/- (Tender fee) (Rupees Ten Thousand only) which is non-refundable and cannot be exempted in any condition. Must be paid online at the time of filling e-tender.
2. Tender documents can also be download from the website of MP Police (www.mppolice.gov.in).
3. The Tender Should be submitted online on website https://www.mptenders.gov.in and within scheduled date and time.
4. This is a turn-key Project.
5. Schedule Date & Time

| S.No | Activity of tender | Date | Day | Time |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Documents Publish/download/Sale Start Date | 02/02/2026 | Monday | 18:00 Hrs |
| 2. | Bid Submission Start Date | 03/02/2026 | Tuesday | 18:30 Hrs |
| 3 | Bid Submission End Date | 12/02/2026 | Thursday | 15:00 Hrs |
| 4. | Opening of PQ Bid | 13/02/2026 | Friday | 15:10 Hrs |

Senior Superintendent of Police (Radio)
Madhya Pradesh, Bhopal

जी - 25500/25   स्वच्छता ही सेवा



**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, (मुख्यालय) नगरीय पुलिस भोपाल**

क्रमांक/पु.उपा./न.पु./भो/रनि/निविदा/169/26   दिनांक:- 31/01/2026

**पुनः ई-निविदा सूचना**

"मध्यप्रदेश भण्डार कय नियम तथा सेवा उपार्जन नियम 2015 यथा संसोधित 2022" के नियमानुसार नगरीय पुलिस भोपाल क्षेत्रांतर्गत कार्य का विवरण में दशार्ये गये कार्य को कराये जाने के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | निविदा शुल्क | अनुमानित व्यय राशि (जीएसटी सहित) | ईएमडी |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कार्यालय सहायक पुलिस आयुक्त (हबीबगंज) की बाउण्ड्रीवाल का मरम्मत कार्य | 1,000/- | 4,89,923/- | 15,000/- |

1. निविदा पुलिस उपायुक्त, (मुख्यालय) नगरीय पुलिस भोपाल म.प्र. के नाम से बेवसाईट www.mptenders.gov.in पर ऑन लाईन जमा की जावेंगी ।
2. निविदा शुल्क एवं ईएमडी ऑनलाईन जमा करना अनिवार्य है।
3. म.प्र. पुलिस की वेबसाइट www.mppolice.gov.in एवं www.mptenders.gov.in से निविदा प्रपत्र एवं विस्तृत जानकारी डाउनलोड की जा सकती है। साथ ही निविदा के संबंध में रक्षित निरीक्षक कार्यालय, पुराना कंट्रोल रूम से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

अनुसूची-

| | |
|---|---|
| निविदा पब्लिकेशन दिनांक | दिनांक02/02/2026 के 12:00 बजे |
| निविदा डाउनलोड करने की दिनांक | दिनांक 02/02/2026 के 18.00 बजे से |
| निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक | दिनांक 16/02/2026 के 18.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की दिनांक | दिनांक 17/02/2026 के 18.00 बजे |
| प्रिबिड मीटिंग की दिनांक | दिनांक 12/02/2026 के 12.00 बजे |
| प्रिबिड मीटिंग एवं निविदा खोले जाने का स्थान | पुराना पुलिस कंट्रोल रूम भोपाल |

**पुलिस उपायुक्त, (मुख्यालय) नगरीय पुलिस, भोपाल**

जी - 25496/25   स्वच्छता ही सेवा



**यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India**
**यूनियन बैंक ऑफ इंडिया क्षेत्रीय कार्यालय- भोपाल सेन्ट्रल**

**मांग सूचना**
**प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस**

हम आपको सूचित करते है कि हमारी संबंधित शाखा में आपका ऋण खाते की बकाया-देय राशि/ब्याज की राशि की चुकौती में चूक के कारण निम्नवर्णित दिनांक को एनपीए के रूप में वर्गीकृत किया गया है, शाखा के रिकार्ड के अनुसार आपके खातों को निम्नवर्णित रुपये तथा उस पर देय ब्याज एवं अन्य खर्चे बकाया है, जिसका ब्यौरा निम्नानुसार है :

| ऋणी/सहऋणी का नाम एवं पता | बकाया राशि | संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| **भगवानगंज शाखा, राधेश्याम भवन, सुभाष नगर, सागर Email: ubin0559504@unionbankofindia.bank** | | |
| ऋणी- 1(ए) श्री हरीश सोनी पुत्र श्री राम चंद्र सोनी, पताः मस्त राम मंदिर के पास गणेश घाट पूरियो तोरी, सागर -470002 1 (बी) श्रीमती निधि सोनी पत्नी श्री हरीश सोनी पताः मस्त राम मंदिर के पास, गणेश घाट पूरियो तोरी सागर -470002 1(सी) अनिल सोनी जमानतदारः 1. श्री राम चंद सोनी, पताः मस्त राम मंदिर के पास गणेश घाट पूरियोउ तोरी सागर -470002। 2. श्री अनिल सोनी पुत्र श्री रतन लाल सोनी, पताः राम मंदित फर्श, चकराघाट वार्ड, सागर, सागर शहर सागर -470002 | दिनांक 04/12/2025 को ₹ 1301351.39 + ब्याज एवं अन्य खर्चे; मांग सूचना दिनांक 20/12/2025; NPA दिनांक : 22/05/2020 | मकान नंबर 111, वार्ड नंबर 31, गांधी चौक में भूतल (दुकान) और प्रथम तल (आवासीय) है, जिसका कुल क्षेत्रफल 122.60 वर्गफुट और निर्मित क्षेत्रफल 245.20 वर्गफुट सागर, चर्तुसीमाएं: पूर्व : रामकिशन सोनी की संपत्ति, पश्चिम: लच्छू साहू की संपत्ति, उत्तर: रामकिशन की संपत्ति, दक्षिण: सड़क |
| ऋणी- श्रीमती सीमा जैन पत्नी श्री आनंद कुमार जैन सहऋणी: श्री आनंद कुमार जैन दोनों का पताः बीजासेन मंदिर के पीछे, नाचन दास रोड के पीछे, बाहुबली कॉलोनी मोती नगर वार्ड, सागर 470002 जमानतदारः श्री फरीद आलम पुत्र स्व. मुस्तकीम पताः 1 क्वाटर संख्या एमएसआरबीआईए रेलवे कॉलोनी, तिलगगंज सागर 470002 | दिनांक 04/12/2025 को ₹ 1502651.17/- + ब्याज एवं अन्य खर्चे; मांग सूचना दिनांक 20/12/2025; NPA दिनांक : 27/07/2021 | भूमि एवं भवन प्लॉट नंबर 304/बी-2, खसरा नंबर 122/1,123/1,127/2, पटवारी हल्का नंबर 67, वार्ड नंबर 25, मोती नगर, सागर (म.प्र.) क्षेत्रफल 1010.5 वर्ग. फीट, (विक्रय विलेख संख्या 8453 दिनांक 15.09.2011 के अनुसार) चर्तुसीमाएं: पूर्वः सड़क, पश्चिमः जैन साहब का घर, उत्तरः सुनील जैन का घर, दक्षिणः सड़क |
| **विदिशा शाखा, विदिशा Email: ubin0559504@unionbankofindia.bank** | | |
| ऋणी- मैसर्स किंग्स स्टेशनरी प्रोपराइटर- संकेत जैन दुकान नंबर 17 आकृति उद्योग के सामने पीतल मिल चौराहा, सागर रोड, विदिशा-464001 जमानतदार- श्री संकेत जैन पुत्र राजकुमार जैन वार्ड नंबर 29, नया (30) कॉन्वेंट स्कूल के सामने, सागर रोड, विदिशा 464001 | दिनांक 31/12/2025 को ₹ 6,22,711.99 + ब्याज एवं अन्य खर्चे; मांग सूचना दिनांक 20.01.2026; NPA दिनांक : 14/04/2025 | संपत्ति का समस्त भू भाग रिहायशी मकान क्षेत्रफल- 600 वर्गफिट स्थित सर्वे नं. 609/1 का भाग स्थित प्लाट नं. 05, कॉन्वेंट स्कूल के सामने, सागर रोड गली, विदिशा, मध्य प्रदेश 464001, संपत्ति मालिक- श्री संकेत जैन पुत्र श्री राजकुमार जैन, चर्तुसीमाएँ: उत्तर- प्लॉट संख्या 6, दक्षिण- गली 10 फिट पश्चात सोमत सिंह का प्लॉट संख्या 4, पूर्व- कालुराम और गुलाब बाई का खुला क्षेत्र, पश्चिम- गली पश्चात बक्सीलाल रतन चंद की बाड़]। निम्नलिखित चल संपत्ति का बंधकः स्टॉक का बंधक। |

हमारी बैंक की ओर से बार-बार मांग किए जाने के बावजूद आपने-अपने उक्त खाते/खातों में बकाया राशि का भुगतान नहीं किया है तथा इस प्रकार आपने-अपनी देयताओं को पूरा नहीं किया है।

अतः प्रतिभूतिकरण एवं वित्तीय संपत्ति के पुनर्गठन एवं प्रतिभूतिहित प्रवर्तनीयता अधिनियम 2002 की धारा 13(2) की शर्तों के अधीन आपको सूचित किया जाता है कि अपने खाते की बकाया अपने खाते की उक्त तालिका में वर्णित बकाया राशि तथा उस पर उपरोक्त दिनांक से संविदात्मक / अनुबंधित दर से मासिक आधार पर / आपके द्वारा निष्पादित ऋण दस्तावेजों के नियमों एवं शर्तों के अनुसार अद्यतन ब्याज की राशि का इस नोटिस के प्राप्त होने की दिनांक से 60 दिनों के भीतर पूर्ण भुगतान करें, अन्यथा हमें उक्त अधिनियम के अन्तर्गत दिये गये प्रावधानों के अनुसार सभी अथवा कुछ अधिकारों का उपयोग करते हुए बैंक के पक्ष में रखी गई निम्नलिखित प्रतिभूतियों के प्रवर्तन हेतु बाध्य होना पड़ेगा।

1. कृपया नोट करें कि यदि आप 60 दिनों के भीतर देय राशि का भुगतान करने से चूक जाते है और यदि बैंक उक्त अधिनियम के अन्तर्गत प्राप्त अधिकारों का उपयोग करता है और यदि परिसंपत्ति के विक्रय का वाबजूद आपके खाते की बकाया देय राशि पूर्णतः समायोजित नहीं होती है, तो हमें शेष राशि वसूली हेतु आपके विरुद्ध न्यायालय / ऋण वसूली प्राधिकरण में यथोचित विधिक कार्यवाही करने हेतु बाध्य होना पड़ेगा।
2. कृपया यह भी नोट करें कि अधिनियम की धारा 13 (13) के अन्तर्गत इस नोटिस के प्राप्त होते ही आप पर अपने सामान्य कारोबार के अतिरिक्त, बैंक की अनुमति के बगैर परिसंपत्ति के निस्तारण अर्थात विक्रय, बंधक, गिरवी और / अथवा अन्य किसी भी प्रकार सौदा करने पर रोक लगी है। यह भी नोट करें कि इस धारा के अन्तर्गत किसी भी प्रकार के उल्लंघन पर गंभीर परिणाम हो सकते हैं।
3) कपया ध्यान दें कि इस अधिनियम की धारा 13 (8) के अनुसार, आप उपरोक्त वर्णित संपत्ति की निविदा आमंत्रण द्वारा नीलामी अथवा पब्लिक या प्रायवेट ट्रिटी अथवा लीज द्वारा संपत्ति के हस्तांतरण द्वारा सार्वजनिक नीलामी के लिए नोटिस के प्रकाशन की तारीख से पूर्व किसी भी समय सभी लागतों, शुल्कों और खर्चों के साथ उपरोक्त वर्णित बकाया राशि जमा कर संपत्ति को छुड़ा सकते हैं।

भवदीय
प्राधिकृत अधिकारी
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया

**भारत और अमेरिका के मध्य दीर्घकाल से जारी बातचीत के तत्पश्चात व्यापार समझौते को लेकर एक सकारात्मक सहमति बन गई है। व्यापार समझौते की घोषणा करते हुए राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत से अमेरिका को आयात किए जाने वाले सामान पर आयाद किया गया 50 फीसदी टैरिफ घटाकर मात्र 18 फीसदी कर दिया है। अमेरिकी टैरिफ घटने से भारतीय बाजार में उत्साह है। बताया जा रहा है कि अमेरिका ने भारत पर रूस से तेल आयात बंद करने के लिए दबाव बनाया है। हालांकि, अभी तक इस बारे में मोदी सरकार की ओर से कोई स्पष्ट बयान नहीं आया है। वहीं, कृषि फसलों को लेकर देश का किसान वर्ग चिंतित है। विपक्ष और खास तौर पर कांग्रेस पार्टी मोदी सरकार को घेरने की तैयारी में है। जबकि, कृषि, किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह का कहना है कि भारत-अमेरिकी व्यापार समझौते में भारतीय कृषि और डेयरी क्षेत्र के हितों से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया गया है और किसानों के हित पूरी तरह सुरक्षित हैं। इस लिहाज से देखें तो इस कारोबार समझौते से देश के कृषि और डेयरी क्षेत्र पर किसी प्रकार का खतरा नहीं है। अमेरिकी के साथा यह ट्रेड डील भारत के लिए लाभदायक होगी या नहीं, इसी का विश्लेषण करता *आजकल* का यह खास अंक...**

# भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के मायने



**विश्लेषण**

प्रभात कुमार राय

विदेशी मामलों के जानकार

भारत और अमेरिका के मध्य दीर्घकाल से जारी बातचीत के तत्पश्चात व्यापार समझौते को लेकर एक सकारात्मक सहमति बन गई है। हालांकि अभी तक भारत-अमेरिका व्यापार समझौते का संपूर्ण प्रारूप सामने नहीं आया है। व्यापार समझौते के विषय में केवल राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा किया गया ऐलान और अमेरिकी प्रवक्ता मार्गरेट मैकलियोड द्वारा प्रदत्त जानकारी ही उपलब्ध हुई है। मैकलियोड ने फरमाया कि भारत द्वारा रूस से तेल का आयात बंद कर देने के वादे के तत्पश्चात भारत और अमेरिका के बीच एक व्यापार समझौते पर सहमति बन गई है। व्यापार समझौते की घोषणा करते हुए राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत से अमेरिका को आयात किए जाने वाले सामान पर आयाद किया गया 50 फीसदी टैरिफ घटाकर मात्र 18 फीसदी कर दिया है। हालांकि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार द्वारा रूस से तेल का आयात एकदम बंद कर देने के विषय में कोई उद्घोषणा अभी तक नहीं की गई है। राष्ट्रपति ट्रंप ने बाकायदा ऐलान किया है कि यदि भारत द्वारा पूर्णरूपेण रूस से तेल का आयात रोका नहीं किया गया तो फिर अमेरिका-भारत व्यापार समझौता रद्द कर दिया जाएगा।

**राष्ट्रपति ट्रंप ने बाकायदा ऐलान किया है कि यदि भारत द्वारा पूर्णरूपेण रूस से तेल का आयात रोका नहीं किया गया तो फिर अमेरिका-भारत व्यापार समझौता रद्द कर दिया जाएगा। यदि वास्तव में भारत ने रूस से तेल आयात रोक दिया तो मोदी को अपनी शक्तिशाली राजनीतिक छवि बचाना मुश्किल हो जाएगा। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि अभी अमेरिका में कोई इंवेस्टमेंट करने का कमिटमेंट नहीं किया गया है। यह स्वाभाविक है कि भारत को विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने के लिए अधिक प्रोडक्ट खरीदने पड़ सकते हैं।**

## रूस से तेल का आयात कम

उधर, रूस सरकार के प्रवक्ता ने कहा कि रूस से तेल नहीं खरीदने को लेकर भारत ने कोई जानकारी अभी तक प्रदान नहीं की है। उल्लेखनीय है कि भारत अमेरिकी व्यापार समझौते से पहले ही भारत सरकार द्वारा रूस से तेल का आयात काफी कम कर दिया गया है। विगत कुछ वर्षों से रूस से भारत अपनी आवश्यकता का तकरीबन 50 प्रतिशत तेल आयात करता रहा था, किंतु अब केवल 25 प्रतिशत तेल आयात कर रहा है। रूस से तेल आयात कम कर देने के सवाल पर विपक्ष नरेंद्र मोदी सरकार पर अत्यंत आक्रामक है। विपक्ष द्वारा यह इल्जाम लगाया जा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। यदि वास्तव में ही भारत ने अमेरिका व्यापार समझौते के तहत रूस से तेल आयात करना एकदम रोक दिया तो नरेंद्र मोदी को अपनी शक्तिशाली राजनीतिक छवि बचाना मुश्किल हो जाएगा। भारत के वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि अभी अमेरिका में कोई इंवेस्टमेंट करने का कमिटमेंट नहीं किया गया है। यह स्वाभाविक है कि भारत को विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने के लिए अधिक प्रोडक्ट खरीदने पड़ सकते हैं।



## भारत के लिए अमेरिका बड़ा बाजार

यक्ष प्रश्न है कि क्या भारत - अमेरिका व्यापार समझौते के तत्पश्चात भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राजनीतिक स्थिति और अधिक शक्तिशाली बन जाएगी अथवा कमजोर पड़ जाएगी। भारत का राजनीतिक विपक्ष इस वक्त जबकि भारत अमेरिका समझौता एक प्रारूप ले चुका है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार पर बेहद आक्रामक है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका वस्तुतः भारतीय निर्यातकों के लिए सबसे बड़ा बाजार रहा है। इस व्यापार समझौते के बाद होने वाले परिवर्तनों में छोटे निवेशकों की चिंता बहुत कुछ बढ़ा दी है। इसका कारण यह है कि आने वाले वक्त में भारत से अमेरिका को 800 डॉलर तक के सामान को बिना शुल्क भेजने की सुविधा समाप्त कर दी जाएगी। विगत वर्ष 2025 में जब अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा टैरिफ युद्ध प्रारंभ किया गया था तो फिर चरणबद्ध तौर तरीकों से भारतीय सामान पर 50 फ़ीसदी तक टैरिफ आयद कर दिया गया था। सर्वविदित है कि क्या भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समर्थकों में एक विशाल संख्या छोटे उद्योगों के मालिकों और उनमें कार्य करने वाले करोड़ों श्रमिकों की रही है।

## रोजगार और आय प्रभावित

अमेरिका को निर्यात करने वाले सामान में आई कमी का सीधा प्रभाव रोजगार और आय पर पड़ता है। अमेरिका की धारा 321 के अंतर्गत मिलने वाली सुविधा कस्टम प्रक्रिया को भी तेल और सम बनती है जिससे निर्यातक पूरी तरह अनुपालन के साथ व्यापार कर सकते थे इस सुविधा के अभाव में भारतीय निर्यातक यकीनन उन देशों की तुलना में पिछड़ जाएंगे जिन्हें अभी तक ऐसी छूट उपलब्ध है। अमेरिकन टैरिफ आयद होने के बाद हस्तशिल्प और श्रम पर आधारित उत्पाद बनाने वाले छोटे उद्यमी अब अधिक लागत के कारण अमेरिका बाजार में प्रतिस्पर्धा नहीं कर पा रहे हैं। पहले से मिलने वाली सीमा ऑनलाइन अंतरराष्ट्रीय व्यापार को भी सुगम बनाती थी। अमेरिकी ग्राहकों को सीधे भारतीय उत्पाद पहुंचना होता था। अतिरिक्त शुल्क या जटिल दस्तावेज की प्रक्रिया की आवश्यकता ही नहीं होती थी। रूस भारत का दशकों पुराना मित्र रहा है। भारत एक गुटनिरपेक्ष राष्ट्र रहा है और महाशक्तियों के मध्य कशमकश के दौर में भारत किसी भी सैन्य गुट में कदाचित शामिल नहीं हुआ। अमेरिका का जबरदस्त दबाव है कि टैरिफ केवल तभी कम किया जाएगा, जबकि भारत रूस से तेल खरीदना एकदम बंद कर देगा।

इस कठिन परीक्षा में यदि भारत वस्तुतः अमेरिका के समक्ष जरा सा भी झुक गया और उसने रूस के साथ अपने आर्थिक और कूटनीतिक संबंधों को शिथिल कर दिया तो फिर नरेंद्र मोदी की सरकार के लिए अपनी साख बचाना बहुत ही मुश्किल हो जाएगा। राजनीतिक विपक्ष को भरपूर मौका मिल जाएगा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार को कटघरे में खड़ा कर सके और राष्ट्र के हितों को ताक पर रखने का संगीन इल्जाम आयद कर सके। इस राजनीतिक स्थिति को नरेंद्र मोदी की सरकार बाकायदा समझती है। अतः डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर थोपी गई रूस से तेल एकदम नहीं खरीदने की शर्त को कदाचित भी मोदी सरकार स्वीकार नहीं करेगी।

## भारत न झुका है और न झुकेगा

डोनाल्ड ट्रंप लैटिन अमेरिकन देश वेनेजुएला के तेल पर आधिपत्य करने के पश्चात यह दावा पेश कर रहे हैं कि उनके पास दुनिया का 70 प्रतिशत तेल है। डोनाल्ड ट्रंप का दबाव है कि भारत को वेनेजुएला से तेल खरीदना पड़ेगा। एक हद तक भारत ने अमेरिका के कृषि क्षेत्र के लिए अपना मार्केट खोल दिया है। हालांकि मुख्य तौर पर भारत के डेयरी क्षेत्र और मुख्य कृषि उत्पादन के लिए अमेरिकन कृषि उत्पादों के लिए भारतीय मार्केट नहीं खोला गया है। भारत ने यूरोपीय यूनियन के साथ भी सम्मानजनक व्यापार समझौते पर दस्तखत किए हैं। केवल अमेरिका ऐसी अनुचित शर्त भारत पर थोपने की कोशिश कर सकता है कि भारत अमेरिका के कूटनीतिक हुकुम का पालन करे। भारत कभी भविष्य में ऐसा नहीं करेगा।

# भारत के हित में है अमेरिकी ट्रेड डील



**मुद्दा**

अरविंद जयतिलक

वरिष्ठ पत्रकार

महीनों बातचीत के उपरांत आखिरकार भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील ने मूर्त रूप लेना शुरू कर दिया है। अमेरिकी टैरिफ घटने से बाजार बम-बम है और कारोबार का पहिया नाच उठा है। दोनों देशों के कारोबारियों के माथे पर जो द्विपक्षीय व्यापारिक तनाव की शिकन थी, अब वह उत्साह में तब्दील हो चुकी है। आर्थिक संबंधों की नई उर्जा के प्रवाह ने निर्यात के उछाल की उम्मीद जगा दी है। टैरिफ घटने से बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे और आर्थिक समृद्धि के द्वार खुलेंगे। भरोसे का संकट खत्म हुआ है और संबंधों के एक नए युग की नींव पड़ गई है। उल्लेखनीय है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जुलाई 2025 में 25 फीसदी टैरिफ का ऐलान किया था और उसके बाद रूसी तेल खरीद पर अतिरिक्त 25 फीसदी पेनॉल्टी लगाकर टैरिफ को 50 फीसदी कर दिया था। इससे न केवल भारत की मुश्किलें बढ़ी थी, बल्कि अमेरिकी बाजार भी अनिश्चितता की भेंट चढ़ने लगा था। अर्थात टैरिफ बढ़ाने का खामियाजा अमेरिका को ही भुगतने की नौबत आन पड़ी। भारत पर टैरिफ बढ़ाने से अमेरिका में न सिर्फ महंगाई बढ़ने लगी, बल्कि उसे कम जीडीपी और डॉलर के कमजोर होने का खतरा भी उत्पन्न हो गया। टैरिफ के सप्लाई-साइड इफेक्ट्स और एक्सचेंज रेट में बदलाव का नकारात्मक असर अमेरिका पर साफ दिखने लगा। ऐसे में अमेरिकी राष्ट्रपति के पास भारत पर टैरिफ कम करने का दबाव बढ़ गया। स्वागत योग्य है कि ट्रंप ने भारत से 50 फीसदी टैरिफ घटाकर 18 फीसदी कर दिया है। रूस के साथ तेल व्यापार के चलते लगाया गया अतिरिक्त 25 फीसदी टैरिफ भी पूरी तरह खत्म कर दिया गया है। सकल आंकलन करें तो 32 फीसदी टैरिफ की राहत मिली है। इससे अमेरिका में कारोबार करने वाली बड़ी कंपनियों की मार्जिन में सुधार होगा और उनकी माली सेहत भी मजबूत होगी। अब भारत को दीर्घकालिक रणनीति के रोडमैप को मूर्त रूप देकर वैश्विक कारोबारी चुनौतियों से पार पाना होगा। यहां अच्छी बात यह है कि दुनिया के अन्य देशों के मुकाबले भारत पर अभी भी टैरिफ कम है। अब हम बेहतर उत्पाद और कम टैरिफ के साथ अमेरिकी बाजार में अपनी पकड़ मजबूत कर सकते हैं। इसी तरह चीन की तुलना में भी टैरिफ कम है। इस कारण चीन से हमें अतिरिक्त डिमांड मिलने की संभावना प्रबल हो गई है। गौर करें तो अमेरिका ने जिन सेक्टरों पर टैरिफ घटाया है वे हमारे श्रम-उत्पाद निर्यात की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण हैं। इन सेक्टरों से हम बड़े पैमाने पर अमेरिका को निर्यात करते हैं।

**कॉमर्स एंड इंडस्ट्री मिनिस्टर पीयूष गोयल ने दो टूक कहा है कि देश के किसानों और दुग्ध उत्पादकों के हित सुरक्षित रहेंगे। उम्मीद है कि भारत-अमेरिका ट्रेड डील से दोनों देशों के कारोबारी रिश्ते को नई ऊंचाई मिलेगी और आर्थिक समृद्धि के नए द्वार खुलेंगे।**

इनमें रेडिमेड गारमेंट, जूलरी, झींगा मछली, हीरे-जवाहरात, इंजीनियरिंग सामान, कीमती पत्थर इत्यादि प्रमुख हैं। गौर करें तो अमेरिकी टैरिफ घटने से सोने-चांदी की जूलरी पर 25 फीसदी, रेडिमेड गारमेंट पर 37 फीसदी, कालीन पर 13.7 फीसदी, बेडशीट पर्दे पर 27 फीसदी और झींगा तथा हीरे पर 7 फीसदी टैरिफ कम हुआ है। इससे इन सेक्टरों के उत्पादों की लागत में कमी आएगी और डिमांड बढ़ेगी। टैरिफ में कमी का सीधा फायदा भारत के उन उद्योगों को मिलेगा, जहां बड़ी संख्या में श्रमिक काम कर रहे हैं। दूसरी ओर, टैरिफ कम होने से भारतीय उपभोक्ताओं को लैपटॉप, मोबाइल, गैजेट्स, कंप्यूटर, इलेक्ट्रॉनिक्स और उनके पार्ट कम कीमत पर उपलब्ध होगा। ट्रेड डील पर संशय के बादल छंटने से अब विदेशी निवेशक भी भारत की ओर रुख तेज करेंगे। विशेष रूप से अमेरिकी निवेशकों का भारतीय बाजार पर भरोसा बढ़ेगा। ऐसा इसलिए कि भारत और अमेरिका के बीच आर्थिक संबंध वर्तमान में अपने सबसे मजबूत दौर में है। वर्ष 2000 से वर्ष 2025 के बीच अमेरिका भारत में तीसरा सबसे बड़ा विदेशी निवेशक रहा है, जिसमें 70.65 अरब डॉलर से अधिक का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आया है। वित्त वर्ष 2025 में भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार रिकॉर्ड 132.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर रहा। अच्छी बात यह है कि भारत अपने संवेदनशील क्षेत्रों मसलन कृषि और डेयरी सेक्टर के हितों की रक्षा सुनिश्चित करने में सफल रहा है। इसे लेकर ढेर सारी आशंकाएं जताई जा रही थी, लेकिन कॉमर्स एंड इंडस्ट्री मिनिस्टर पीयूष गोयल ने दो टूक कहा है कि देश के किसानों और दुग्ध उत्पादकों के हित सुरक्षित रहेंगे। उम्मीद है कि भारत-अमेरिका ट्रेड डील से दोनों देशों के कारोबारी रिश्ते को नई ऊंचाई मिलेगी और आर्थिक समृद्धि के नए द्वार खुलेंगे।

# रूस से तेल खरीद पर संशय बरकरार



**रणनीति**

डा. एन. के. सोमानी

वरिष्ठ पत्रकार

भारत और अमेरिका के बीच बहुप्रतिक्षित व्यापार समझौते पर सहमति हो गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर पोस्ट में कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के प्रति दोस्ती और सम्मान के कारण और उनके अनुरोध पर व्यापार समझौते पर सहमति जताई है। समझौते के तहत अमेरिका एक कम पारस्परिक वाले टैरिफ को 25 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर देगा। जबकि नई दिल्ली अमेरिकी वस्तुओं पर शुल्क घटाकर शून्य कर देगी । ट्रंप ने अपनी पोस्ट में यह भी कहा कि भारत ने रूस से तेल आयात को शून्य करने पर सहमति जताई है। भारत अब रूस की बजाए अमेरिका और वेनेजुएला से तेल खरीदना शुरू करेगा। इससे यूक्रेन में चल रहे युद्ध को खत्म करने में मदद मिलेगी। भारत कृषि जैसे संवेदनशील बाजारों को खोलेगा और अमेरिका से 500 अरब डॉलर मूल्य की वस्तुएं खरीदेगा। दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर अपनी प्रतिक्रिया में 18 प्रतिशत टैरिफ किए जाने पर खुशी व्यक्त की। उन्होंने ट्रंप को धन्यवाद दिया और वैश्विक शांति के लिए उनके प्रयासों के लिए समर्थन व्यक्त किया। लेकिन मोदी ने ट्रंप की उस घोषणा पर कुछ नहीं कहा जिसमें उन्होंने अमेरिका या वेनेजुएला से तेल खरीदने, कृषि बाजार खोलने की बात कही है। हालांकि मोदी सरकार ने रूस से तेल की खरीद बंद किए जाने के दावे पर सीधे तौर पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। सरकार का कहना है कि 1.4 अरब भारतीयों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसी आधार पर आयात से जुड़े फैसले किए जाते हैं। ट्रंप की कथित पोस्ट के बाद जो सवाल देश को परेशान कर रहे हैं ,उनमें एक सवाल रूस से तेल खरीद को लेकर भी है। रूस भारत का रणनीतिक सहयोगी और सदाबहार दोस्त है। पिछले लंबे समय से भारत रूस से कच्चे तेल का आयात कर रहा है। वॉशिंगटन के दबाव में आकर अगर भारत रूस से कच्चे तेल की खरीद पूरी तरह से बंद कर देता है तो इससे नई दिल्ली और मॉस्को के संबंध खराब हो सकते है। जाहिर है कि भारत मॉस्को के साथ अपने रणनीतिक संबंधों को खराब नहीं करेगा। हालांकि, आंकड़े बता रहे हैं कि पिछले कुछ माह में भारत की रिफाइनरियों ने रूसी तेल के ऑर्डर में भारी कटौती की है। रिलायंस इंड्रस्टीज ने तो यहां तक कह दिया है कि उसे जनवरी 2026 में रूस से कोई तेल नहीं मिला। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार नवंबर 2025 में आयात में लगभग 27 प्रतिशत की कमी आई हैं । नवंबर में यह 3.7 अरब डॉलर था। दिसंबर 2024 के मुकाबले पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में यह 15 प्रतिशत कम है। दिसंबर 2025 में भारत के कुल 11.4 अरब डॉलर के तेल आयात में रूस की हिस्सेदारी 24 प्रतिशत रही। अहम बात यह है कि इस अवधि के दौरान अमेरिका से तेल आयात की हिस्सेदारी में वृद्धि हुई। दरअसल, अमेरिकी प्रतिबंधों और बदलती वैश्विक परिस्थितियों के बीच रूस से होने वाला आयात पिछले कई महीनों के सबसे निचले स्तर पर पहुंचा है। कहा जा रहा है कि इस गिरावट का मुख्य कारण अमेरिका द्वारा रूस की दिग्गज तेल कंपनियों रोजनेफट और लुकोइल पर लगाए गए कड़े प्रतिबंध है। दूसरा अहम सवाल यह है कि क्या भारत को वेनेजुएला से तेल खरीदना चाहिए। दरअसल वेनेजुएला की भारत से दूरी काफी ज्यादा है। इससे तेल की लागत हर बैरल पर 374 डॉलर बढ़ जाती है। ऐसी स्थिति में जब तक वेनेजुएला भारत को तेल खरीद पर बड़ी छूट न दे भारत को फायदा नहीं होगा। ऐसे में अगर भारत ट्रंप की इस मांग को दरकिनार कर देता है तो क्या समझौता मूर्त रूप ले सकेगा यह सवाल भी अहम है। इन तमाम सवालों के जवाब तभी सामने आएंगे, जब व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर होगे। हालांकि समझौते को लेकर टंप प्रशासन और मोदी सरकार दोनों अपनी पीठ थपथपा रहे हैं। जब तक समझौते का वास्तविक स्वरूप अर्थात ड्राफ्ट सामने नहीं आता, तब तक यह कहना मुश्किल है कि समझौते में बनी सहमति किसके हित सुनिश्चित करती है।

***वॉशिंगटन के दबाव में आकर अगर भारत रूस से कच्चे तेल की खरीद पूरी तरह से बंद कर देता है तो इससे नई दिल्ली और मॉस्को के संबंध खराब हो सकते है।***

# टैरिफ वॉर छेड़ने वाले ट्रंप आखिर भारत के सामने नतमस्तक हुए



**कूटनीति**

रवि शंकर

वरिष्ठ पत्रकार

दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था यूरोपीय संघ और भारत ने मुक्त व्यापार समझौता करने की घोषणा की है। इसे दुनिया के सबसे बड़े आर्थिक समझौतों में से एक कहा जा रहा है। कहा तो ये भी जा रहा है कि इस समझौते की सबसे बड़ी वजह मौजूदा वैश्विक राजनीति है, जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप कारोबार का इस्तेमाल अन्य देशों पर दबाव बनाने के लिए एक कूटनीतिक हथियार की तरह कर रहे हैं। अमेरिका की इसी आक्रमकता का जवाब देने के लिए यूरोपीय संघ और भारत तेज़ी से मुक्त व्यापार समझौते की तरफ बढ़े हैं।

इस समझौते को लेकर दोनों पक्षों में सैद्धांतिक सहमति बन गई है, लेकिन इसके प्रभावी होने में अभी लंबा वक़्त लग सकता है क्योंकि इसे क़ानूनी रूप देने के लिए यूरोपीय संघ की पार्लियामेंट और यूरोपीय परिषद में पारित करवाना है। बहरहाल, भारत और यूरोपीय संघ के बीच हुआ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट केवल एक व्यापारिक समझौता नहीं है, बल्कि यह बदलते वैश्विक शक्ति संतुलन और भारत की रणनीतिक प्राथमिकताओं का भी संकेत देता है। यह डील ऐसे समय में सामने आई है, जब अमेरिका और भारत के बीच व्यापारिक तनाव बढ़ा हुआ है और अमेरिका भारतीय निर्यात पर भारी टैरिफ लागू कर चुका है। लेकिन यूरोपीय संघ और भारत के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौता अमेरिका को आर्थिक से ज़्यादा राजनीतिक और रणनीतिक स्तर पर असहज कर दिया। यही वजह है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को आखिरकार झुकना पड़ा और भारतीय सामानों पर लगने वाला टैरिफ 25 फीसदी से घटाकर 18 फीसदी करना पड़ा। यह फैसला इसलिए भी चौंकाने वाला रहा क्योंकि इससे पहले तक बातचीत बेनतीजा रही थी और अमेरिका लगातार भारत पर दबाव बना रहा था।

यह समझौता सिर्फ व्यापार का नहीं, बल्कि दबाव, मजबूरी और रणनीतिक बदलाव की भी मिसाल है। ट्रंप के इस फैसले के पीछे भारत और यूरोपियन यूनियन के बीच हुई बड़ी ट्रेड डील अहम वजह बनी। इस डील से भारत की ताकत बातचीत में बढ़ गई और अमेरिका को यह डर सताने लगा कि कहीं वह पीछे न छूट जाए। खुद प्रधानमंत्री मोदी ने कुछ दिन पहले ही भारत--ईयू डील को विकास, निवेश और रणनीतिक साझेदारी के लिए बड़ा कदम बताया था। गौरतलब है, दुनिया को जब ट्रंप का टैरिफ वॉर झकझोर रहा था, तब भारत ने सीधे टकराव की बजाय कूटनीति का रास्ता चुना। भारत ने अपने उत्पादों के लिए वैकल्पिक बाजार तलाशे। यूरोपियन यूनियन के साथ ऐतिहासिक डील, ब्रिटेन, ओमान और न्यूजीलैंड जैसे देशों के साथ समझौतों ने अमेरिका पर दबाव बढ़ा दिया। ट्रंप को समझ आ गया कि भारत के खिलाफ टैरिफ युद्ध छेड़ना एक बड़ी गलती थी। यह समझौता सिर्फ़ कारोबार तक ही सीमित नहीं है बल्कि इसके प्रभाव वैश्विक राजनीति पर भी होंगे, ख़ासकर अमेरिकी की आक्रामक कारोबार नीति पर। अमेरिका लंबे समय से भारत जैसे बड़े बाज़ार के साथ एक बड़ी ट्रेड डील करना चाहता था, ताकि वह भारतीय बाजार से अधिकतम लाभ उठा सके। यूरोपीय संघ के साथ समझौता आगे बढ़ाने का भारत का फैसला उसकी रणनीतिक स्वतंत्रता को दर्शाता है। इसी कदम ने संभवतः अमेरिका को यह संकेत दिया कि अगर वह भारत के साथ समझौता जल्दी नहीं करता, तो उसे रणनीतिक और आर्थिक नुकसान हो सकता है। यही वजह है कि ट्रंप को अपनी रणनीति भारत के खिलाफ बदलने पड़े। भारत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वह अपनी ऊर्जा जरूरतों जैसे कि रूसी कच्चा तेल पर समझौता किए बिना भी वैश्विक शक्तियों के साथ बराबरी के स्तर पर व्यापार कर सकता है। नतीजा यह हुआ कि टैरिफ वॉर में भारत मजबूती से खड़ा रहा और आखिरकार झुकना अमेरिका को पड़ा। बहरहाल, यह समझौता भारत के लिए कई महत्वपूर्ण सबक और चुनौतियां पेश भी करता है। भारत को अपनी निर्यात रणनीतियों और व्यापार समझौतों को इस बदलते सीन के अनुरूप ढालना होगा।




**यह समझौता सिर्फ व्यापार का नहीं, बल्कि दबाव, मजबूरी और रणनीतिक बदलाव की भी मिसाल है। ट्रंप के इस फैसले के पीछे भारत और ईयू के बीच हुई बड़ी ट्रेड डील अहम**

अगर अमेरिका और ईयू जैसे बड़े ब्लॉक द्विपक्षीय समझौतों पर फोकस करते हैं तो भारत को अपनी सप्लाई चेन को और अधिक लचीला और विविध बनाने की जरूरत होगी ताकि एक या दो प्रमुख बाजारों पर निर्भरता कम हो सके। ये समझौता भारत को अपने खुद के मुक्त व्यापार समझौतों को तेजी से अंतिम रूप देने और मजबूत करने के लिए प्रेरित कर सकता है। यह ग्लोबल ट्रेंड भारत को 'मेक इन इंडिया' जैसी पहलों के माध्यम से अपने स्वदेशी उत्पादन और आत्मनिर्भरता को और मजबूत करने के लिए प्रोत्साहित कर सकता है ताकि वह बाहरी झटकों के प्रति कम संवेदनशील बने।

# कृषि उपज के लिए बाजार न खोलना बड़ी सफलता



**ट्रेड डील**

उमेश चतुर्वेदी

राजनीतिक समीक्षक

इसमें दो राय नहीं है कि संयुक्त राज्य अमेरिका बरसों से भारतीय कृषि बाजार में बड़ी और व्यापक पहुंच हासिल करने की कोशिश में है। हाल ही में अमेरिका के साथ भारत ने महत्वपूर्ण व्यापार समझौता किया है। इसके तहत अमेरिकी बाजारों में भारतीय सामान 18 प्रतिशत के ही टैरिफ पर उपलब्ध हो सकेंगे। शनिवार को जारी मसौदे के मुताबिक भारत ने अपने कृषि क्षेत्र को अमेरिका के लिए नहीं खोला।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से भारतीय सामानों पर मनमाने तरीके से थोपे गए पचास प्रतिशत के टैरिफ के मुकाबले मौजूदा व्यापार समझौते के तहत 18 प्रतिशत का टैरिफ कम ही कहा जाएगा। हालांकि अतीत के करीब तीन प्रतिशत के मुकाबले फिर भी यह बहुत ज्यादा है। बहरहाल, इसी समझौते के मद्देनजर जिस तरह से अमेरिकी कृषि मंत्री ब्रुक लेस्ली रोलिंग्स ने खुशी जताई, उससे भारतीय किसान आशंकित हो उठे। भारतीय किसानों के आशंकित होने की वजह रोलिंग्स का बयान ही नहीं, अमेरिकी कृषि विभाग की कोशिशें भी हैं। रोलिंग्स ने व्यापार समझौते पर तीन फरवरी को एक्स पर खुशी जताते हुए लिखा कि यह समझौता अमेरिकी कृषि उत्पादों को भारत के विशाल बाजार में अधिक निर्यात करने में मदद करेगा, जिससे ग्रामीण अमेरिका में नकदी आएगी। रोलिंग्स ने उम्मीद जताई कि नए व्यापार समझौते की वजह से विशाल आबादी वाला भारत अमेरिकी कृषि उत्पादों के लिए महत्वपूर्ण बाजार हो सकता है। इसके चलते भारतीय किसानों का आशंकित होना जायज है। अमेरिका का कृषि व्यापार घाटा पचास अरब डॉलर है, इसलिए वह लगातार कोशिश करता रहा है कि भारत अपने कृषि बाजारों को खोले। भारत की चिंता की वजह उसकी खेती-किसानी वाली बड़ी जनसंख्या है। भारत में खेती पर करीब 10.7 करोड़ परिवार निर्भर हैं। यह जनसंख्या का करीब बासठ प्रतिशत है। अगर अमेरिकी कृषि उत्पादों को भारतीय बाजारों में घुसने की अनुमति मिलती है तो भारी सब्सिडी के चलते भारतीय बाजार अमेरिकी कृषि उत्पादों से भर जाएंगे। इससे भारतीय उत्पादों की मांग घट सकती है। ऐसे में भारतीय किसानों के सामने संकट उठ खड़ा हो सकता है। हालांकि, कृषि, किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह का कहना है कि भारत-अमेरिकी व्यापार समझौते में भारतीय कृषि और डेयरी क्षेत्र के हितों से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया गया है और किसानों के हित पूरी तरह सुरक्षित हैं। चौहान का यह भी कहना है कि इस कारोबारी समझौते से देश के मुख्य खाद्यान्नों, मिलेट्स, फलों, सब्जियों और डेयरी उत्पादों को पूरी तरह अलग रखा गया है। इस लिहाज से देखें तो इस कारोबार समझौते से देश के कृषि और डेयरी क्षेत्र पर किसी प्रकार का खतरा नहीं है। भारत अमेरिका समेत दुनिया के कई देशों को चावल का बड़ा निर्यातक है। भारत सरकार का दावा है कि नए टैरिफ समझौते से भारतीय किसानों के चावल और मसालों के साथ ही टेक्सटाइल का निर्यात बढ़ेगा।



**इस समझौते से, भारतीय चावल, गेहूं, सोया और मक्का जैसे अनाजों को बाहर रखा गया है और साथ ही ट्रेड डील से चीनी और डेयरी प्रोडक्ट्स भी बाहर हैं।**

समझौते के तहत भारत को अमेरिका से पांच सौ अरब डॉलर का सामान पांच सालों में खरीदना है। वैसे समझौते पर जो संयुक्त वक्तव्य जारी हुआ है, उसके तहत भारतीय कृषि बाजार को भी खोलने की बात कही गई है। लेकिन सरकारी सूत्रों का कहना है कि इस समझौते से, भारतीय चावल, गेहूं, सोया और मक्का जैसे अनाजों को बाहर रखा गया है और साथ ही ट्रेड डील से चीनी और डेयरी प्रोडक्ट्स भी बाहर हैं। ऐसा करने की वजह यह है कि भारतीय किसान और डेयरी उद्योग को कारोबारी परेशानियां न झेलनी पड़ें। वैसे भी भारत लंबे समय से कृषि और डेयरी उद्योग को 'रेड-लाइन' यानी किनारे रखने वाला सेक्टर मानता रहा है। इसकी वजह है कि गांवों में इनसे जुड़े काफी रोजगार हैं। इन सेक्टर को खोलने को लेकर भारत की बातचीत यूरोप और ब्रिटेन से भी अटक चुकी है। ऐसे में अमेरिका के लिए इस बाजार को खोलना भारतीय किसानों के लिए नुकसानदायक तो होगा ही, राजनीतिक बवंडर की वजह भी बन सकता है। साल 2024 में भारत ने अमेरिका से 2.4 अरब डॉलर के कृषि उत्पाद आयात किए थे, जिनमें ज्यादातर ताजे फल, सूखे मेवे, बादाम, अखरोट मादक पेय, कच्चा कपास, वनस्पति तेल और प्रोसेस्ड सामान हैं। भारत ने अमेरिका को 6.2 अरब डॉलर का कृषि निर्यात किया, जिनमें समुद्री उत्पाद, मसाले, डेयरी उत्पाद, चावल, जड़ी-बूटियों के आयुर्वेदिक उत्पाद प्रमुख रहे। यह भारत के कुल 53.2 अरब डॉलर सालाना के कृषि निर्यात का 11.74 प्रतिशत है। कृषि और डेयरी उत्पाद के कारोबार के इसी असुंलन की वजह से अमेरिका भारतीय बाजार में घुसने की लगातार कोशिश कर रहा है, लेकिन भारतीय सूत्र इससे साफ इनकार कर रहे हैं। भारत के सामने संकट यह है कि अगर उसने इस क्षेत्र को खोला तो छोटे और सीमांत किसानों के सामने जो चुनौतियां खड़ी होंगी, उनसे वह कैसे निबट पाएगा।

# कुंडली नहीं, आत्मचिंतन का कैनवास है 'उद्भव बाय नितेश पंचाल'....

## कुंडली से कैनवास तकः आलियांस फ्रांसेज द भोपाल में नितेश पंचाल की 'उद्भव' चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारतीय ज्योतिष शास्त्र में कुंडली को व्यक्ति के जीवन का दर्पण माना जाता है। जन्म के समय ग्रहों और नक्षत्रों की जो स्थिति होती है, वही कुंडली के माध्यम से जीवन की दिशा, स्वभाव, संभावनाओं और चुनौतियों को दर्शाती है। कुंडली केवल भविष्य जानने का माध्यम नहीं, बल्कि आत्मविश्लेषण और सही निर्णय लेने की एक प्राचीन वैज्ञानिक परंपरा है। भारत में ज्योतिष और कुंडली का प्राचीनतम केंद्र उज्जैयनी या उज्जैन को माना जाता है, ऐसे में उज्जैन के आर्टिस्ट नितेश पंचाल ने अपने चित्रकारी में ज्योतिष शास्त्र और कुंडली का मिला जुला रूप प्रस्तुत किया और यह रूप अपने में यूनिक है। ज्योतिष और कुंडली के इसी रूप को दर्शाते नितेश के बनाए करीब 25 चित्रों 'उद्भव' को एग्जीबिट किया गया आलियांस फ्रांसेज द भोपाल में।


उज्जैन के आर्टिस्ट नितेश पंचाल के चित्रों को देखते हुए।


प्रदर्शनी को देखने बड़ी संख्या में पहुंचे लोग।

### प्रतीकात्मक ढांचे के रूप में प्रस्तुत जन्म कुंडली

उन्होंने बताया कि 'उद्भव' में मेरे हाल ही के कामों को प्रस्तुत किया गया है, जो भारतीय ज्योतिष में इस्तेमाल होने वाली ज्योतिषीय ज्ञान और जन्म कुण्डलियों से प्रेरित है। मेरे चित्रों में जन्म कुंडली को एक भविष्य कहने वाले उपकरण के रूप में नहीं, बल्कि एक प्रतीकात्मक ढांचे के रूप में देखा गया है, एक विशिष्ट क्षण का रिकॉर्ड जब ग्रहों की स्थिति एक अद्वितीय विन्यास में संरेखित होती है। मैं इस संरेखण को भाग्य के बजाय परिस्थिति, ऊर्जा और स्थानिक क्रम के प्रतिबिंब के रूप में देखता हूं।

### हॉस्पिटल से ऑनलाइन ही अपने बनाए चित्रों का किया इनोगरेशन

हरिभूमि से टेलिफोनिक बातचीत में आर्टिस्ट नितेश ने कहा कि इस पेंटिंग एग्जीबिशन के लिए मैंने अपने चित्रों को पूर्ण रूप से तैयार कर दिया था, लेकिन कुछ ही दिनों पहले दुर्घटना में फ्रैक्चर हो गया और मैंने हॉस्पिटल से ऑनलाइन ही अपने चित्रों का इनोगरेशन किया। उन्होंने कहा कि मेरे चित्रों में पौराणिक कथाओं, अनुष्ठान और ज्योतिषीय विश्वास प्रणालियों को चित्रों के माध्यम से दर्शाने का प्रयास किया है। क्योंकि मैं एक ऐसे शहर में पला बढ़ा हूं जहां ब्रह्मांडीय चक्र ग्रहों की चाल और रोजमर्रा की चेतना में बुने जाते हैं, और इनके विज्युअली भाषा ने मुझे हमेशा आकर्षित किया इसलिए मैंने इन्हें अपने समकालीन चित्रकला में जोड़ा।

---

प्रपोज-डे पर हरिभूमि ने राजधानी के कुछ कपल्स से की चर्चा

# एक प्रपोज ने बदल दी जिंदगी... भोपाल के कपल्स की दिल छू लेने वाली कहानियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

न चांद की चाहत न तारों की फरमाइश, हर जन्म में तू मिले मेरी बस यही ख्वाहिश... दो प्यार करने वालों की शायद यही ख्वाहिश होती है कि उनका साथ जन्म-जन्मांतर का हो, कभी न छूटे और फिर जब यह प्यार वैवाहिक बंधन में बंध जाए तो क्या कहने। शनिवार को प्रपोज-डे पर हरिभूमि ने राजधानी के कुछ ऐसे ही कपल्स को तलाशा जिनकी हाल ही में शादी हुई है, लेकिन इनके प्रेम की कहानी अलग है। किसी ने अरेंज मैरिज की जो बाद में प्यार में बदली तो किसी ने प्रपोज करना लड़का का ही काम हैं, जैसे ट्रेंड को तोड़ा।


लक्ष्य और मुस्कान अरोरा

### हमेशा लड़का ही लड़की को प्रपोज करे, इस ट्रेंड को मैंने तोड़ा

वहीं, बिजनेस वुमन मुस्कान अरोरा ने कहा कि मैं और लक्ष्य 2020 में पहली बार इंश्योरेंस कंपनी में मिले, पहली ही नजर में लक्ष्य को शायद मैं और मुझे लक्ष्य पसंद आने लगा, लेकिन फिर भी हमने दो साल तक बात तक नहीं की, बस छिप छिप कर एक दूसरे से मिलने का बहाना ढूंढने लगे, लेकिन मैं यह तो जान चुकी थी कि लक्ष्य मुझे प्रपोज नहीं कर पाएंगे मुझे ही डेयरिंग दिखानी पड़ेगी और फिर मैंने ही पहल करते हुए लक्ष्य को प्रपोज किया और एक ट्रेंड तोड़ा कि हमेशा लड़का ही लड़की को प्रपोज करे। हम दोनों ने घर वालों को कन्वेंस किया और आखिरकार जनवरी 2024 में हम शादी के बंधन में बंध गए।


तान्या थापा और रजत

### हम दोनों को एक दूसरे की फोटो देखकर ही प्यार हो गया

शहीद नगर निवासी तान्या थापा का कहना है कि यूं तो मैं काफी कॅरियर ओरिएंटेड थी, लेकिन पैरेंट्स की जिद के आगे मेरी नहीं चली और शादी के लिए हां करनी पड़ी, फिर रजत की फोटो मेरे लिए आई, जिसे देखकर मुझे लगा कि रजत काफी मैच्योर और केयरिंग इंसान हैं और हम दोनों को एक दूसरे की फोटो देखकर ही प्यार हो गया और फायनली कुछ ही महीनों में रजत ने मुझे प्रपोज कर दिया और मैंने भी हां कर दी। वाकई में रजत ऐसा ही हैं वो मेरा ही नहीं बल्कि मेरी फैमली का भी ख्याल रखता हैं और हमारे बीच का ऐसा रिश्ता बना कि शादी से पहले हम बिना घर वालों को बताएं मिलने लगे और ऐन इंगेजमेंट के दिन रजत ने मुझे प्रपोज किया और इस तरह से हमारी अरेंज मैरिज लव मैरिज मे बदल गई।


प्रिया चौधरी और मृगेश

### हम दोनों के बीच का मजबूत बाउंड हमें हमेशा जोड़े रखता है

शहर की प्रिया चौधरी का कहना है कि मेरी और मृगेश की मुलाकात आज से पांच साल पहले हुई, बातों बातों में मुझे पता चला कि मृगेश दिल का बेहद अच्छा और केयरिंग इंसान है, और यही बात सही भी हुई। कुछ ही महीनों में मृगेश ने मुझे प्रपोज कर दिया और मैंने भी हां कर दी, परिवार भी तैयार हो गए और अब हमारी शादी को चार साल हो गए, ऐसे में मुझे लगता है कि अभी भी मैं वो शादी के पहले वाली जिंदगी जी रही हूं, और हम दोनों के बीच वो मजबूत बाउंड हमें हमेशा जोड़े रखता है, जहां मुझे मृगेश का कूल बिहेवियर अच्छा लगता है तो वहीं मृगेश कहते हैं कि मेरे साथ वो किसी भी सिच्युऐशन का सामना कर सकते हैं। बस एक प्रपोज ने मेरी जिंदगी बदल दी।

---


रवींद्र भवन में अपने गीतों की प्रस्तुति देतीं कलाकार।

# रवींद्र भवन में गूंजे सुरों के मोती 'पर्ल म्यूजिकल नाइट विद स्पेशल टैलेंट्स'

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

संगीत, संवेदना और समावेशिता से सजी एक यादगार संगीतमय संध्या का आयोजन लायंस क्लब भोपाल पर्ल द्वारा रवींद्र भवन में की गई। 'पर्ल म्यूजिकल नाइट विद स्पेशल टैलेंट्स' शीर्षक से आयोजित इस कार्यक्रम ने प्रतिभा और प्रेरणा का अनूठा संगम प्रस्तुत किया। यह विशेष संगीतमय कार्यक्रम प्रतिभाशाली दृष्टिबाधित एवं ऑटिस्टिक युवाओं की अद्भुत गायन प्रतिभा को समर्पित रहा। मंच पर रुचिका पांडे ने जीवन के दिन छोटे सही..., गीतिका लोहाट ने यारा सिली सिली...., तान्या शर्मा ने मेघा छाए आधी रात..., मनोज तोमर ने मेरे दर्द से दिल आबाद रहा... तथा हुसैन ने मैं निकला गड्डी ले के... की प्रस्तुति देकर श्रोताओं का दिल जीत लिया।



### जब दो आवाजों में प्रस्तुत किया यम्मा यम्मा....

वहीं लायंस क्लब भोपाल पर्ल के सदस्यों ने भी नए पुराने हिंदी फिल्मी गीतों से अपने सुरों का जादू बिखेरा। डॉ. अल्पना वर्मा ने ये दिल और उनकी निगाहों के साए...., विनोद श्रीवास्तव एवं लक्ष्मी ने दिल ढूंढता है...., अमर खरे एवं अर्चना खरे ने मिलते ही आंखें दिल हुआ...., डॉ. एस.के. श्रीवास्तव एवं सविता ने ये रातें ये मौसम नदी का किनारा...., अंजना ने सैंया दिल में आना रे.... की सुंदर प्रस्तुति दी। वहीं संजय चौरसिया ने यम्मा यम्मा.... को दो आवाजों में प्रस्तुत कर ऐसा समां बांधा कि पूरा सभागार तालियों से गूंज उठा।




### इनकी रही संगत

संगीतमय संध्या को और भी आकर्षक बनाने के लिए भोपाल के प्रसिद्ध गिटारिस्ट संजीव झा, केदार सिंह चौहान, विशाल जोशी एवं दीप चौधरी ने बेहतरीन संगत दी। साउंड इंजीनियर के रूप में शोएब खान ने तकनीकी पक्ष को संभाला, जबकि बद्र वस्ती ने प्रभावी मंच संचालन कर कार्यक्रम को जीवंत बनाए रखा।

---

## यूजीसी-नेट, जीआरएफ में विनायक ने पाई ऑल इंडिया रैंक वन



**भोपाल**। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित यूजीसी-नेट, जीआरएफ परीक्षा में विनायक शर्मा द्वारा सोशल वर्क विषय में ऑल इंडिया प्रथम रैंक हासिल कर मप्र का नाम रौशन किया। बीएसएस कॉलेज से पोस्ट ग्रेज्युऐशन करने वाले विनायक का पूर्व में एम्स सीआरई में भी 5वीं रैंक हासिल की थी। विनायक मूल रुप से छतरपुर के रहने वाले हैं।

## कमला नेहरू हासे स्कूल में ग्रैंड पैरेंट्स-डे का आयोजन



**भोपाल**। कमला नेहरू हा. से. स्कूल, कोटरा में ग्रैंडपैरेंट्स डे का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को अपने दादा-दादी एवं नाना-नानी के प्रति सम्मान, प्रेम और पारिवारिक मूल्यों से जोड़ना रहा। इस अवसर पर विद्यालय में एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के अंतर्गत बिहार की समृद्ध संस्कृति पर आधारित प्रदर्शनी भी आयोजित की गई। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने बिहार की ऐतिहासिक विरासत, महान विभूतियों, लोक कला, खान-पान, वेश-भूषा एवं पारंपरिक त्योहारों को मॉडल, चार्ट एवं कलाकृतियों के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।

गुंजन फाउंडेशन में दी गई स्वर कोकिला को अनोखी श्रद्धांजलि...

## गीत लता के... गुनगुनाए मेल सिंगर्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

स्वर कोकिला लता जी की पुण्यतिथि पर राजधानी के गुंजन फाउंडेशन अकादमी में उन्हें एक नए अंदाज में श्रद्धांजलि दी गई। यह जुदा अंदाज ऐसा था कि अकादमी के मेल सिंगर भी लता जी के सोलो गीत गुनगुना रहे थे। अकादमी के संचालक और संगीत गुरु कैलाश यादव ने लता जी का सोलो सॉन्ग पानी पानी रे गाकर सबका दिल जीता तो राजीव साहनी ने अंखियों को रहने दे अंखियों के आसपास गाकर माहौल ही बदल दिया।

गुंजन फाउंडेशन म्यूजिक एकेडमी में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रभाकांत कटारे और स्मिता निगम ने ड्यूएट गीत इशारों इशारों में दिल लेने वाले गाया तो मुरलीधर और रेनू मूरंदानी, के ड्यूएट, फूल तुम्हें भेजा है खत में को भी श्रोताओं ने खूब पसंद किया। इसके अलावा राकेश तिवारी, रीटा देराश्री ने हमसफर मेरे हमसफर गाया, तो मधु तिवारी ने अब तो है तुमसे हर खुशी अपनी गाकर अपनी स्वरांजली पेश की। राजीव साहनी, अरुणा साहनी ने भी एक ड्यूएट सॉन्ग, किसी राह में किसी मोड़ पर सुनाया। एकेडमी अन्य सिंगर्स ने लता जी को याद कर उनके अनेक गीत गाए।



---



हिंदी भवन में शरद व्याख्यान माला एवं आठ विभूतियों का अलंकरण

## संविधान का पालन करना संविधान की शपथ लेने वालों की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारत में कोई भी समस्या लाइलाज नहीं है, हर समस्या का समाधान है, बस इसके लिए हमें नियम-कानून बदलने होंगे। नए कड़े कानून बनाने होंगे। इन कानूनों का पालन आम नागरिक नहीं करा सकता। यह जिम्मेदारी उनकी है जिन्होंने संविधान की शपथ ली है। उन्हें यह ध्यान रखना होगा कि जिस संविधान की शपथ ली उस संविधान का पालन भी हो। यह कहना है पीएलआई किंग ऑफ इंडिया के नाम से प्रसिद्ध उच्चतम न्यायालय के वकील एवं प्रखर वक्ता अश्विनी उपाध्याय का। वे शनिवार को हिंदी भवन में मप्र राष्ट्रभाषा प्रचार समिति के वार्षिक आयोजन शरद एवं बसंत व्याख्यानमाला में बतौर मुख्य वक्ता बोल रहे थे।

### कार्यक्रम में इनका हुआ सम्मान

हिंदी भवन में मप्र राष्ट्रभाषा प्रचार समिति के वार्षिक आयोजन के दूसरे चरण में साहित्य,पौराणिक, नाटक आदि क्षेत्रों में लेखन करने वाली आठ विभूतियों को सम्मानित किया गया। इसके अंतर्गत नरेश मेहता वांग्मय सम्मान पद्मश्री हृदय नारायण दीक्षित लखनऊ ,शैलेश मटियानी स्मृति कथा सम्मान कथाकार सूर्यबाला मुंबई, संतोष श्रीवास्तव सम्मान इंजि. आशा शर्मा बीकनेर, शंकरलाल बत्ता पौराणिक सम्मान वंदना सोनी, जबलपुर, स्व. संतोष बत्ता स्मृति पुरस्कार डॉ. उषा देव दिल्ली, डॉ. प्रभाकर श्रोत्रिय स्मृति आलोचना सम्मान डॉ. शोभा सिंह गुना, वीरेन्द्र तिवारी रचनात्मक सम्मान सुजीत कुमार पृषेठ ओडिशा तथा डॉ. सुरेशचंद्र शुक्ल नाट्य सम्मान प्रीति झा तिवारी को प्रदान किया गया।

मानव संग्रहालय में 'मानव विज्ञान एवं संग्रहालय' विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला एवं सांस्कृतिक संध्या का आयोजन

## संवाद, अभिव्यक्ति और सांस्कृतिक संप्रेषण का सशक्त माध्यम 'संग्रहालय'

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मानव संग्रहालय में आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला मानव विज्ञान एवं संग्रहालय के दूसरे दिन शैक्षणिक व्याख्यानों, मुक्ताकाश प्रदर्शनी भ्रमण एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन काजल हांसदा ने किया। प्रो. उमराव ने म्यूजियोलॉजी में संप्रेषणीय परिवर्तनः संग्रहालय के मौन भाषा का विश्लेषण विषय पर व्याख्यान देते हुए संग्रहालय को संवाद, अभिव्यक्ति और सांस्कृतिक संप्रेषण का सशक्त माध्यम बताया। संग्रहालय निदेशक प्रो. अमिताभ पांडे ने एंथ्रोपोलॉजी एंड म्यूजियम्स विषय पर अपने विचार रखते हुए संग्रहालयों की शैक्षणिक, सामाजिक एवं सामुदायिक भूमिका पर प्रकाश डाला।

### तेलुगु, अंग्रेजी भाषा में कविता पाठ किया

वहीं व्यावहारिक सत्रों के अंतर्गत जलवायु अनुकूलन एवं आवास विषय पर मरुस्थलीय एवं तटीय ग्राम प्रदर्शनी एवं वहीं आवास एवं सांस्कृतिक व्याख्या के अंतर्गत जनजातीय आवास एवं हिमालयी ग्राम प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया।



सांध्यकालीन सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रही। जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभागियों ने मिशिंग एवं संथाली लोकनृत्य, केरल का तिरुवाथिरा समूह नृत्य, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विषयक गीत, पारंपरिक परिधान प्रस्तुति तथा तेलुगु, अंग्रेजी भाषा में कविता पाठ के माध्यम से भारत की सांस्कृतिक विविधता को सजीव रूप में प्रस्तुत किया।

हरित प्रौद्योगिकी और सतत विकास लक्ष्यों पर मंथन

## रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय में शोध शिखर 2026 का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रबीन्द्रनाथ टैगोर विवि में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन शोध शिखर 2026 के 5वें संस्करण का समापन शनिवार को हुआ। इनोवेशन फॉर इम्पैक्टः एडवांसिंग ग्रीन टेक्नोलॉजीज एंड सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स' थीम पर आधारित इस सम्मेलन में हरित प्रौद्योगिकी, सतत विकास लक्ष्यों, नवाचार तथा शोध आधारित समाधानों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। समारोह



के मुख्य अतिथि डॉ. मिथिलेश तिवारी, सहायक आचार्य महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि ओम प्रकाश पाथी, डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी, कुलाधिपति, स्कोप ग्लोबल स्किल विवि उपस्थित थे।

15 फरवरी को शुभारंभ, महाशिवरात्रि पर सुप्रसिद्ध संगीतकार प्रीतम करेंगे महादेव की आराधना

# उज्जैन में 12 फरवरी से आरंभ हो रहा 139 दिवसीय विक्रमोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

महाशिवरात्रि उत्सव से विक्रमोत्सव 2026 का आरंभ कर सृष्टि निर्माण दिवस वर्ष प्रतिपदा से होते हुए पंच महाभूतों में अतिविशिष्ट जल तत्व के संरक्षण, संवर्धन के लिए विशिष्ट रूप से नियोजित जल गंगा संवर्धन अभियान का आयोजन होगा। 12 फरवरी से 30 जून तक होने वाला यह 139 दिवसीय आयोजन भारत और देश तथा दुनिया में आयोजित होने वाला सांस्कृतिक, सामाजिक और आर्थिक गतिविधियों का एक अनूठा उत्सव होगा। जिसका प्रथम चरण महाशिवरात्रि पर संगीतकार प्रीतम द्वारा शिवोऽहम महादेव की आराधना से प्रारंभ होगा।



विक्रमोत्सव की जानकारी देते सीएस शुक्ला व अन्य।

### 41 से अधिक बहुआयामी गतिविधियों के साथ शिवरात्रि मेलों का शुभारंभ

यह जानकारी संस्कृति विभाग के अपर मुख्य सचिव शिवशेखर शुक्ला ने शनिवार को आयोजित प्रेस वार्ता में दी। महोत्सव में 41 से गतिविधियां शिवरात्रि मेले, महाकाल वन मेला, कृषि मेला, कलश यात्रा, विक्रम व्यापार मेला, संगीत, नृत्य, वादन, शिवोद्य, शिवपुराण, अनादि पर्व, विक्रम नाट्य समोराह, पुतुल समारोह, संगीत का उद्भव और विकास पर केंद्रित अनहद वैचारिक समागम, चित्र प्रदर्शनियाँ, संगोष्ठी, विक्रमादित्य का न्याय समागम, भारतीय इतिहास समागम, राष्ट्रीय विज्ञान समागम, वेद अंताक्षरी, कोटि सूर्योपासना, शिल्प कला कार्यशाला, प्रकाशन लोकार्पण, पौराणिक फिल्मों का अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव, बोलियों एवं हिन्दी रचनाओं का अखिल भारतीय कवि सम्मेलन, इसके साथ ही अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर मातृशक्ति कवयित्री सम्मेलन, ड्रोन शो व ख्यात कलाकारों प्रीतम तथा विशाल मिश्रा की प्रस्तुतियां शामिल हैं।

# गृहमंत्री शाह बोले- समर्पित प्रयासों से जम्मू और कश्मीर की बदली तस्वीर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

### बैठक में सड़क, बुनियादी ढांचे, जल विद्युत परियोजनाओं, बिजली, उद्योग, पर्यटन, 4जी और ऑप्टिकल फाइबर कनेक्टिविटी जैसे प्रमुख क्षेत्रों में विकास की व्यापक समीक्षा की

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को जम्मू में जम्मू और कश्मीर में विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक के दौरान, केंद्रीय गृह मंत्री ने सड़क बुनियादी ढांचे, जल विद्युत परियोजनाओं, बिजली, उद्योग, पर्यटन, 4जी और ऑप्टिकल फाइबर कनेक्टिविटी जैसे प्रमुख क्षेत्रों में विकास की व्यापक समीक्षा की। बैठक में जम्मू और कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, मुख्यमंत्री उमर अबदुल्ला, केंद्रीय गृह सचिव और केंद्र सरकार और जम्मू और कश्मीर सरकार के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि सरकार द्वारा विकास में तेजी लाने के लिए किए जा रहे निरंतर और समर्पित प्रयासों से जम्मू और कश्मीर में विकास परियोजनाओं में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर को जल विद्युत परियोजनाओं के पूरी



क्षमता को विकसित करने की ज़रूरत है। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याण योजनाओं का 100 प्रतिशत सैचुरेशन प्राप्त करना और सभी विकास परियोजनाओं का लाभ लाभार्थियों को मिलना सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान दिया जाए। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि युवाओं को विकास के साथ जोड़ने के लिए स्पोर्ट्स इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित करने और स्पोर्ट्स अकादमियों की स्थापना पर ध्यान दिया जाए। इस विषय में विभिन्न स्पोर्ट्स बॉडीज से बात करके लगभग 200 करोड़ रुपए के निवेश की कोशिश की जाएगी। गृह मंत्री ने इस बात पर ज़ोर दिया कि मज़बूत वित्तीय अनुशासन से समय के साथ केंद्रशासित प्रदेश के वित्तीय घाटे को स्थिर करने में मदद मिलेगी।

शाह ने कहा कि देश, वर्ष 2047 में आज़ादी के 100 वर्ष पूरे होने तक विकसित भारत के लक्ष्य की ओर तेज़ी से बढ़ रहा है, और भारत सरकार इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जम्मू और कश्मीर को पूरी सहायता देती रहेगी।

जगदलपुर पहुंचीं राष्ट्रपति

## बस्तर पंडुम फेस्टिवल में की शिरकत

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ में शनिवार से 3 दिन तक बस्तर पंडुम फेस्टिवल की शुरुआत हो रही है, जिसके लिए राष्ट्रपति पहली बार जगदलपुर के दौरे पर पहुंचीं। वे जगदलपुर लालबाग मैदान पहुंची। कार्यक्रम में बस्तर की समृद्ध आदिवासी संस्कृति, लोककलाओं और परंपराओं को दिखाया जाएगा। सीएम विष्णुदेव साय और राज्यपाल रमेन डेका राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का स्वागत किया। बस्तर पंडुम में आदिवासी परंपरा के लोकगीत, पारंपरिक नृत्य, वेशभूषा, वाद्ययंत्रों पर रीति-रिवाजों के साथ आकर्षक प्रस्तुतियां होंगी, जिसे देखने के लिए छत्तीसगढ़ के जिलों से लोग पहुंचेंगे।

गृहमंत्री शाह पहुंचे रायपुर

## नक्सलवाद खत्म करने करेंगे हाईलेबल मीटिंग, 'बस्तर पंडुम' में शामिल होंगे

**रायपुर।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शनिवार को रायपुर पहुंचे। रविवार को नक्सलवाद की स्थिति को लेकर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक करेंगे। इसके बाद बस्तर के लिए निकलेंगे, जहां वे पंडुम महोत्सव के समापन कार्यक्रम में शामिल होंगे। 31 मार्च 2026 नक्सलवाद खात्मे की डेडलाइन नजदीक आ चुकी है। शाह की यह बैठक राज्य और केंद्र की सुरक्षा एजेंसियों के लिए बेहद निर्णायक मानी जा रही है।



**नक्सल डेडलाइन**

छत्तीसगढ़ समेत नक्सल प्रभावित इलाकों में सुरक्षाबल लगातार अभियान चला रहे हैं। अब डेडलाइन में दो महीने बाकी हैं।

## खबर संक्षेप

### दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे 2027 तक होगा पूरा

**नई दिल्ली।** दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे 2027 तक पूरा होगा। इस मार्ग से मुंबई का सफर केवल 12 घंटे में पूरा किया जा सकेगा। अभी इस यात्रा में करीब 33 घंटे का समय लगता है। केंद्रीय सड़क एवं परिवहन राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने इस बात की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस मार्ग की मदद से आर्थिक एकीकरण में जबरदस्त सुधार होगा।



### मुंबई में रितु तावड़े होंगी भाजपा की महापौर

**मुंबई।** भाजपा ने रितु तावड़े को मुंबई महापौर पद के लिए अपना उम्मीदवार घोषित किया है। मुंबई मेयर का पद खुली श्रेणी में महिला उम्मीदवारों के लिए आरक्षित है, ऐसे में साफ है कि मुंबई को एक बार फिर महिला महापौर मिलेंगी। इसी कड़ी में मुंबई में पहली बार भाजपा का महापौर बनेगा। मुंबई भाजपा अध्यक्ष अमित साटम ने नाम का एलान किया है।



### भीड़ का हिस्सा होने पर लोगों को नहीं उठा सकते

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि तुर्कमान गेट इलाके में स्थित फैज-ए-इलाही मस्जिद के पास पिछले महीने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान हुई पथराव की घटना में केवल भीड़ का हिस्सा होने के आधार पर पुलिस राहगीरों को नहीं पकड़ सकती। न्यायमूर्ति प्रतीक जालान ने अग्रिम जमानत याचिका पर यह टिप्पणी की।



### मयूर विहार अब होगा श्री राम मंदिर मयूर विहार

**पूर्वी दिल्ली।** मयूर विहार इलाके के लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग आखिरकार पूरी हो गई है। मयूर विहार पॉकेट-1 मेट्रो स्टेशन का नाम बदलकर श्री राम मंदिर मयूर विहार कर दिया गया है। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने प्रक्रियाएं पूरी कर ली हैं। नाम बदलने से यात्रियों को स्टेशन पहचानने में आसानी होगी, बल्कि धार्मिक सांस्कृतिक पहचान बढ़ेगी।



### शरद से सलाह लेते दिखे पार्थ पवार

**मुंबई।** एक बार फिर पूरा पवार कुनबा एक साथ नजर आया। महाराष्ट्र की राजनीति के केंद्र बारामती से यह तस्वीर सामने आई है जिसमें पार्थ पवार और शरद पवार एक साथ बैठकर गुफ्तगू करते नजर आ रहे हैं। सियासी गलियारों में अटकलों का बाजार गरम है। बारामती में पूर्व डिप्टी सीएम अजित पवार के निधन पर दशक्रिया के दौरान यह दिखा।



भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते पर बोले 'दिग्गज'

# भारत को होंगे बड़े फायदे, निर्यात बढ़ेगा उद्योग मजबूत होंगे व रोजगार भी बढ़ेंगे

### भरोसा दिलाया-समझौते में किसानों और कृषि क्षेत्र के हितों की सुरक्षा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

**राजनाथ ने समझौते की अंतरिम रूपरेखा की सराहना की**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारत और अमेरिका के बीच हुए अंतरिम व्यापार समझौते की रूपरेखा की सराहना की है। उन्होंने कहा कि यह समझौता भारत के लिए कई बड़े फायदे लेकर आएगा। इससे निर्यात बढ़ेगा, मजदूर-आधारित उद्योग मजबूत होंगे और बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा होंगे। राजनाथ सिंह ने भरोसा दिलाया कि इस समझौते में किसानों और कृषि क्षेत्र के हितों की पूरी तरह सुरक्षा की गई है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत-अमेरिका के बीच यह समझौता देश की आर्थिक यात्रा में एक अहम कदम है। उन्होंने यह भी कहा कि यह ढांचा बेहतर निवेश को आकर्षित करेगा और भारत को लंबे समय तक आर्थिक रूप से मजबूत बनाने में मदद करेगा। इसके साथ ही गृहमंत्री अमित साह और वित्तमंत्री सीतारमण ने भी इसकी सराहना की।

मंत्री शाह और सीतारमण ने भी की सराहना



#### हर्षवर्धन ने बताया अहम और फायदेमंद



पूर्व विदेश सचिव और राज्यसभा सांसद हर्षवर्धन श्रृंगला ने समझौते को बेहद अहम बताया। उन्होंने कहा कि यह डील यूरोपीय संघ के साथ हुए बड़े समझौते के तुरंत बाद आई है, जिससे भारतीय निर्यातकों, छोटे उद्योगों, किसानों और मजदूरों को बड़ा फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका जैसे 30 ट्रिलियन डॉलर के बड़े बाजार तक भारत को बेहतर पहुंच मिलेगी, जिससे निर्यात तेजी से बढ़ेगा। यूरोपीय संघ के साथ मिलाकर भारत को लगभग 60 ट्रिलियन डॉलर के वैश्विक बाजार तक पहुंच मिलेगी।

#### स्पाइसजेट चेयरमैन ने बताया ऐतिहासिक

स्पाइसजेट के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर अजय सिंह ने समझौते को देश के लिए ऐतिहासिक बताया है। उन्होंने कहा कि यह समझौता 'मेड इन इंडिया' ब्रांड को मजबूती देगा और भारत की वैश्विक पहचान को और मजबूत करेगा। सिंह ने इस उपलब्धि के लिए केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने वैश्विक चुनौतियों के बीच देश के 140 करोड़ लोगों के हितों को प्राथमिकता देते हुए यह समझौता कराया है।



#### फार्मा सेक्टर ने समझौते का किया स्वागत

इंडियन फार्मास्युटिकल एलायंस ने भारत और अमेरिका के बीच हुए अंतरिम व्यापार समझौते का स्वागत किया है। आईपीए के महासचिव सुदर्शन जैन ने कहा कि भारत-अमेरिका दवा साझेदारी मजबूत होना जरूरी है, क्योंकि दवा सुरक्षा देश की सुरक्षा से जुड़ी है। उन्होंने बताया कि इस समझौते में जेनेरिक दवाओं को टैरिफ से छूट दी गई है। अमेरिका में फार्मास्युटिकल उत्पादों पर जांच जारी रहेगी, जो अन्य मुक्त व्यापार समझौतों जैसी ही प्रक्रिया है।



#### एफआईसीसीआई अध्यक्ष बोले आर्थिक रिश्ते और बढ़ेंगे

फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एफआईसीसीआई) के अध्यक्ष अनंत गोयनका ने व्यापार समझौते को दोनों देशों के आर्थिक रिश्तों के लिए बड़ा कदम बताया है। उन्होंने कहा कि इस समझौते से टैरिफ कम होंगे, नियमों की जटिलताएं घटेंगी और कई सेक्टरों में नए मौके खुलेंगे। जब भारत खुद को वैश्विक मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में मजबूत कर रहा है, तब यह समझौता और अहम हो जाता है।



#### कांग्रेस बोली- हार गए हाउडी मोदी भारत को होगा नुकसान

कांग्रेस ने इसे अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की जीत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बड़ी हार बताया। भारत और अमेरिका के बीच हुए अंतरिम व्यापार समझौते को लेकर कांग्रेस ने कड़ी आपत्ति जताई है। कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने कहा कि यह समझौता अमेरिका के फायदे में है और इससे भारत को नुकसान हो सकता है। जयराम ने तंज कसते हुए कहा कि नमस्ते ट्रंप जीते, हाउडी मोदी हारे। सरकार ने जो संयुक्त बयान जारी किया है, उसमें पूरी जानकारी नहीं दी गई है। पहली बात यह है कि भारत अब रूस से तेल नहीं खरीदेगा और अगर खरीदा तो अमेरिका 25 फीसदी टैरिफ लगा सकता है। भारत अमेरिका से आने वाले कृषि उत्पादों पर आयात शुल्क कम करेगा या खत्म करेगा।



सोनिया के वकील ने कोर्ट में कहा

## नागरिकता पर आरोप राजनीतिक साजिश, ये पूरी तरह बेबुनियाद

### अगली सुनवाई 21 फरवरी को होगी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के अधिवक्ता ने शनिवार को दिल्ली की एक अदालत में दावा किया कि 1983 में भारतीय नागरिकता हासिल करने से तीन साल पहले उन्हें मतदाता सूची में शामिल करने का आरोप लगाने वाली शिकायत राजनीतिक मकसद से और किसी बाहरी वजह से दायर की गई थी। यह जवाब विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने के सामने पेश किया गया, जो 11 सितंबर, 2025 के मजिस्ट्रेट के उस आदेश को चुनौती देने वाली पुनर्विचार याचिका पर सुनवाई कर रहे हैं, जिसमें आरोप की जांच करने से इनकार कर दिया गया था। जवाब देने के बाद अदालत ने इस मामले में अगली सुनवाई के लिए 21 फरवरी की तारीख तय की।

#### नागरिकता का मामला केंद्र व सूची ईसीआई के अधीन

मजिस्ट्रेट अदालत के आदेश में राउज एवेन्यू अदालत की 'सेंट्रल दिल्ली कोर्ट बार एसोसिएशन' के उपाध्यक्ष वकील विकास त्रिपाठी द्वारा दायर शिकायत को खारिज कर दिया गया था। शनिवार को सोनिया की वकील तरन्नुम चीमा, कनिष्का सिंह और आकाश सिंह ने उनका जवाब दाखिल किया, जिसमें दावा किया गया कि आरोप पूरी तरह से गलत, बेबुनियाद, राजनीति से प्रेरित और कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग हैं। याचिका को खारिज करने का अनुरोध करते हुए उन्होंने कहा कि मजिस्ट्रेट कोर्ट ने सही कहा कि नागरिकता के मामले पूरी तरह से केंद्र सरकार के अधिकार क्षेत्र में आते हैं, जबकि मतदाता सूची विवाद निर्वाचन आयोग का अधिकार क्षेत्र है।

#### शिकायत में ठोस दस्तावेज नहीं दिए गए

जवाब में कहा गया है कि आपराधिक अदालतें आईपीसी/बीएनएस की धाराओं की आड़ में निजी शिकायतों पर सुनवाई करके इन कामों को अपने हाथ में नहीं ले सकतीं। यह शक्तियों के बंटवारे के सिद्धांत के खिलाफ है और संविधान के अनुच्छेद 329 का उल्लंघन होगा, जो चुनावी प्रक्रिया में न्यायिक दखल पर रोक लगाता है। इसमें कहा गया कि शिकायत किसी बाहरी वजह से दायर की गई थी और इसे राजनीतिक रूप से प्रेरित बताया गया और कहा गया कि 25 साल पहले उठाए गए विवाद को फिर से उठाया जा रहा है। जवाब में यह भी कहा गया कि शिकायत में कोई भी बुनियादी दस्तावेज नहीं दिए गए थे।

सूरजकुंड मेले में हादसा

## झूला टूटने से 13 लोग घायल पलवल के इंस्पेक्टर की मौत

एजेंसी ▶▶ सूरजकुंड

यहां मेले में एक झूला गिर गया। इस घटना में एक की मौत और कई लोग घायल हो गए। सूचना मिलते ही जिला उपायुक्त मौके पर पहुंचे। घटना के बाद पुलिस ने मौके से मीडिया को दूर कर दिया है। घायलों के इलाज के लिए तुरंत व्यवस्था की गई। इस हादसे में एक इंस्पेक्टर जगदीश प्रसाद की मौत हो गई है। जो पलवल में तैनात थे। वे झूले वाले एरिया में इंचार्ज थे। बचाव कार्य के दौरान ऐसे दूसरी बार झूला गिरा। हादसे में 13 लोग घायल हुए हैं। झूले में उस समय लगभग 15 लोग सवार थे। बचाव कार्य में एक स्टॉल संचालक राघव पर भी झूले की ग्रिल गिर गई, जिससे उनके कंधे में चोट आई। प्रशासन ने घायलों को समय पर चिकित्सा मुहैया कराई। इस दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी पहुंचे और घायलों का हालचाल भी जाना।



कोटा में 3 मंजिला इमारत ढही

## एक की मौत व मलबे में दबे 10 लोगों को बाहर निकाला

एजेंसी ▶▶ कोटा

राजस्थान के कोटा में शनिवार को बड़ा हादसा हुआ है। कोटा के जवाहर नगर थाना क्षेत्र में ओपेरा हॉस्पिटल रोड पर स्थित दिल्ली स्पाइस मुरादाबादी नाम से नॉनवेज रेस्टोरेंट की बिल्डिंग अचानक भरभराकर गिर गई। मलबे में 10-15 लोगों के दबे होने की आशंका है। एक की मौत की खबर है। पुलिस, प्रशासनिक अधिकारी और राहत दल मौके पर पहुंच गए। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है और मलबा हटाकर लोगों को निकालने का प्रयास किया जा रहा है। कलेक्टर ने बताया कि अब तक मलबे से10 लोगों को निकालकर अस्पताल भेजा गया है। घ्रायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। विधायक संदीप शर्मा ने भी राहत कार्यों की जानकारी ली। शिक्षा एवं पंचायती राज विभाग के कैबिनेट मंत्री मदन दिलावर भी मौके पर पहुंचे। घायलों का हाल भी जाना।



शुक्रवार देर रात की गई गिफ्तारी

## नहीं मिली पप्पू यादव को जमानत, 2 दिन की न्यायिक हिरासत पर भेजा

### राहुल और प्रियंका उनके समर्थन में उतरे

एजेंसी ▶▶ पटना



पूर्णिया बिहार से निर्दलीय लोकसभा सांसद पप्पू यादव को आधी रात में गिरफ्तार किया गया था। कोर्ट ने उन्हें 2 दिन की न्यायिक हिरासत पर भेजा है। उनकी जमानत पर अब सोमवार को सुनवाई होगी। यादव को पटना पुलिस ने 31 साल पुराने मामले में गिरफ्तार किया था। यादव फिलहाल पटना मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती रहेंगे।

#### सरकार का रवैया खौफनाक दिख रहा





लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, पटना में नीट की आकांक्षी छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत और उसके बाद की पूरी कार्रवाई ने एक बार फिर सिस्टम की गहरी सड़ांध को उजागर कर दिया है। पीड़ित परिवार ने जब निष्पक्ष जांच और न्याय की मांग की, तो वही पुराना भाजपा-एनडी मॉडल सामने आ गया-केस को भटकाओ, परिजनों को प्रताड़ित करो और अपराधियों को सत्ता का संरक्षण दो। सरकार का रवैया उससे भी ज्यादा खौफनाक है। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने कहा कि हाथरस, उन्नाव से लेकर अंकिता भंडारी और पटना तक- जहां भी महिलाओं के साथ अत्याचार होता है, भाजपा की सरकारें पीड़िता को न्याय दिलाने की जगह आरोपियों के साथ खड़ी हो जाती हैं।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूरे, बोले संघ प्रमुख डॉ. भागवत

# न पावर चाहिए, न पॉपुलैरिटी.... दुनिया देख रही काम

### वर्ली स्थित नेहरू सेंटर में ऐतिहासिक कार्यक्रम आयोजित किया गया

एजेंसी ▶▶ वर्ली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के 100 वर्ष पूरे हो गए हैं। इसके उपलक्ष्य में शनिवार को मुंबई के वर्ली स्थित नेहरू सेंटर में एक भव्य और ऐतिहासिक कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस आयोजन का नाम 'मुंबई व्याख्यानमाला' है। इसमें देश के नामचीन लोगों के शामिल होने की सभावना है। शाम 4 बजे सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत मंच से संबोधन दिया। इस अवसर पर वे 'संघ यात्रा के 100 वर्ष- नए क्षितिज' विषय पर अपने विचार रखे। डॉ.भागवत ने कहा कि संघ का काम एक अनोखा काम हैं. पूरी दुनिया में ऐसा काम नहीं हैं। संघ को देखने के लिए देश विदेश से लोग आते हैं। संघ को पब्लिसिटी, पावर या पॉपुलैरिटी नहीं चाहिए।



#### संघ हमेशा देश की गतिविधियों के केंद्र में रहा

डॉ. भागवत ने कहा कि देश के गतिविधियों के केंद्र में संघ का नाम आता हैं, इसलिए वे देखने आते हैं। हमारी जवान पीढ़ी में ऐसा कुछ करने की इच्छा हैं। ये पद्यति आप हमको सीखा सकते है क्या? संघ को ऊपर से और दूर से देखेंगे तो भी गलतफहमी होती हैं। संघ के स्वयंसेवक रूट मार्च करते हैं, लेकिन संघ पैरामिलिटरी आर्गेनाइजेशन नहीं हैं।

**संघ राजनीतिक पार्टी नहीं**

संघ के स्वयंसेवक राजनीति में भी हैं, लेकिन संघ राजनीतिक पार्टी नहीं हैं। इसलिए संघ को जानना है, तो संघ को अंदर से आ कर देखना होगा। संघ का काम पूरे देश के लिए हैं। संघ किसी दूसरे संगठन के कंपटीशन में निकला नहीं हैं। संघ किसी के विरोध में नहीं है।

#### संघ पैरामिलिट्री संगठन या पॉलिटिकल पार्टी नहीं


डॉ. भागवत ने कहा कि आरएसएस तो कोई पैरामिलिट्री संगठन है और न ही कोई पॉलिटिकल पार्टी। संघ से जुड़े लोग भले ही पॉलिटिक्स में एक्टिव हों, लेकिन संगठन खुद पॉलिटिकल नहीं है। यह कोई रिएक्शनरी संगठन भी नहीं है। संघ किसी के खिलाफ नहीं है। संघ हर धर्म का सम्मान करता रहा है। सभी लोग अपने धर्म के पालन के लिए स्वतंत्र हैं। संघ के कार्यक्रम को आप यहां देख सकते हैं। इस कार्यक्रम में साधु-संत के साथ-साथ कई गणमान्य जुटे रहे।

नागौर से सामने आया अनोखा मामला

## ज्वेलरी शॉप से सोने की चेन ले उड़ा कबूतर, गले में डाला

एजेंसी ▶▶ नागौर

राजस्थान के नागौर जिले से सामने आया एक अनोखा और हैरान करने वाला मामला इन दिनों सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोर रहा है। यहां एक कबूतर ज्वेलरी शॉप से सोने की चेन चोंच में दबाकर उड़ गया और कुछ ही देर बाद उसे अपने गले में डालकर बैठा नजर आया। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। एक ओर देशभर में सोने-चांदी के भावों में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है, वहीं नागौर से सामने आए इस वीडियो ने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। 'सोने की चेन पहने कबूतर' की इस अनोखी तस्वीर ने न सिर्फ सर्राफा कारोबारियों बल्कि आम लोगों को भी चौंका दिया है। यह वायरल वीडियो नागौर जिले के डेगाना कस्बे का है। बाजार में स्थित एक ज्वेलरी शॉप पर रोज की तरह सोने के आभूषण तैयार किए जा रहे थे। दुकान के काउंटर पर कारीगर सोने की चेन पर काम कर रहे थे।



# मोदी ने मलेशिया में भारत की पिछले 10 साल की उपलब्धियों को गिनाया

एजेंसी ⏭ कुआलालंपुर

मलेशिया की यात्रा पर गए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुआलालंपुर में भारतीय प्रवासी समुदाय को संबोधित किया। इस दौरान में पीएम



मोदी ने गिनाया कि पिछले 10-11 साल में भारत कितना आगे बढ़ चुका है। इसमें उन्होंने तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की तरफ भारत के बढ़ने, डिफेंस एक्सपोर्ट में 30 गुना की बढ़ोतरी और हमारे देश के दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग बनने का जिक्र किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'जब 2015 में हम लोग मिले थे, तब मैंने आपसे भारत की संभावनाओं को लेकर बात की थी। अब मैं आपके सामने पिछले दशक में भारत की तरफ से हासिल की गई उपलब्धियां रखता हूं।

# प्रधानमंत्री मोदी ने 10 साल में परफॉर्मेंस का खाका रखा कहा- 30 गुना बढ़ा भारत का डिफेंस एक्सपोर्ट

*मलेशिया में भारतीय समुदाय के सामने नरेंद्र मोदी ने भारत की पिछले 10 साल में परफॉर्मेंस का खाका रखा। उन्होंने डिफेंस एक्सपोर्ट 30 गुना बढ़ने और भारत के दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल मैन्युफैक्चरर बनने की बात को गिनाया।*



पीएम मोदी ने भारतीय समुदाय से मुलाकात कर संवाद किया।



पीएम मोदी के स्वागत में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### भारत दुनिया का तीसरा स्टार्टअप हब

लेकिन अब हम विश्व का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल निर्माता देश हैं। पीएम मोदी ने आगे कहा कि 2014 से अब तक भारत के डिफेंस एक्सपोर्ट में लगभग 30 गुना बढ़ोतरी हुई है। भारत, दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप हब भी बन चुका है। हमने दुनिया का सबसे बड़ा डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर और दुनिया का सबसे बड़ा फिनटेक इकोसिस्टम बना लिया है।

### विकसित भारत बनाने में जुटे 1.4 अरब भारतीय

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बोले, '1.4 अरब भारतीय 2047 तक देश को विकसित भारत बनाना चाहते हैं। हम एक विकसित देश का निर्माण करने में लगे हैं? इस यात्रा में भारतीय प्रवासी एक अहम भागीदार हैं। चाहे आपने कुआलालंपुर में जन्म लिया हो या कोलकाता में, भारत आपके दिल में बसता है।'

### मलेशिया में ट्रेड डील्स का भी किया जिक्र

भारतीय प्रवासी समुदाय को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने ब्रिटेन, यूरोपियन यूनियन और अमेरिका समेत कई देशों के साथ भारत की हालिया ट्रेड डील्स का जिक्र किया तो वहां मोदी-मोदी के नारे लगने लगे। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि विश्वास भारत की सबसे मजबूत मुद्रा बन गया है।

## खबर संक्षेप

### आत्मघाती हमले के मामले में 3 गिरफ्तार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की पुलिस ने शुक्रवार को इस्लामाबाद की एक शिया मस्जिद पर हुए



आत्मघाती हमले के सिलसिले में खैबर पख्तूनख्वा के पेशावर में दो पुरुषों और एक महिला को गिरफ्तार किया है। पाकिस्तान की राजधानी में शुक्रवार की नमाज के दौरान शिया समुदाय की मस्जिद में आत्मघाती हमलावर द्वारा खुद को विस्फोट में उड़ा लेने से कम से कम 31 लोग मारे गए और 169 लोग घायल हो गए। यह हमला हाल के वर्षों में शिया समुदाय को निशाना बनाकर किए गए सबसे भीषण आतंकी हमलों में से एक है।

### ईरान और यूएस ने ओमान में वार्ता की

**मस्कट।** ईरान और अमेरिका ने ओमान में अप्रत्यक्ष वार्ता की। यह बातचीत तेहरान के परमाणु



कार्यक्रम पर चर्चा के तरीके को लेकर फिर शुरुआती बिंदु पर लौटती दिखी लेकिन पहली बार अमेरिका ने पश्चिम एशिया में अपने शीर्ष सैन्य कमांडर को भी इसमें शामिल किया। मस्कट में वार्ता के दौरान अमेरिकी सेंट्रल कमांड के प्रमुख नौसेना एडमिरल ब्रैड कूपर की मौजूदगी इस बात का संकेत है कि विमानवाहक पोत यूएसएस अब्राहम लिंकन और अन्य युद्धपोत अब ईरान के तट के पास अरब सागर में तैनात हैं।

### बांग्लादेश:पूर्व विदेश मंत्री ने चुनाव को पाखंड बताया

**ढाका।** बांग्लादेश के पूर्व विदेश मंत्री ए के अब्दुल मोमेन ने दावा किया है कि उनके देश में होने वाले



आगामी संसदीय चुनाव एक पाखंड है, उन्होंने यूएस से चुनाव प्रक्रिया को खारिज कर मान्यता देने से बचने की अपील की। मोमेन के अनुसार चूंकि ज्यादातर पार्टियों को चुनाव लड़ने से बैन किया गया है और कई लोगों को भागीदारी से रोका गया है, इसलिए इसे तरजीह नहीं दी जानी चाहिए। पूर्व विदेश मंत्री ने एक इंटरव्यू में आरोप लगाया कि 12 फरवरी को होने वाला चुनाव पहले से तय है।

## भारत पर अमेरिकी एक्स्ट्रा टैरिफ शनिवार से खत्म

# पीयूष गोयल बोले- अमेरिका में भारतीय कृषि उत्पादों पर जीरो ड्यूटी, किसानों-मछुआरों को बड़ा फायदा होगा

***किसानों के हित सरकार की पहली प्राथमिकता है***

*भारतीय निर्यातकों के लिए लगभग 27.18 लाख करोड़ के बाजार खोलेगा अमेरिका*

*5 साल में अमेरिका से 45 लाख 30 हजार करोड़ रुपए के उत्पाद खरीदेगा भारत*

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय वाणिज्यक मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के फ्रेमवर्क की घोषणा की तारीफ की। उन्होंने बताया कि भारतीय कृषि उत्पाद अमेरिका में जीरो टैरिफ पर निर्यात किए जाएंगे। जबकि अमेरिका के कृषि उत्पादों को भारत में कोई टैरिफ छूट नहीं दी गई है। पीयूष गोयल ने साफ किया कि इस समझौते में जेनेटिकली मॉडिफाइड (जीएम) फूड को भारत में प्रवेश की अनुमति नहीं मिली है।

उन्होंने कहा- यह समझौता भारतीय निर्यातकों के लिए 30 ट्रिलियन डॉलर (लगभग 27.18 लाख करोड़ रुपए) के बाजार को खोलेगा। इसके अलावा भारत ने अगले 5 साल में अमेरिका से 50 हजार करोड़ डॉलर (45 लाख 30 हजार करोड़ रुपए) के उत्पाद खरीदने पर सहमति जताई है। भारत और अमेरिका ने शुक्रवार को अंतरिम व्यापार समझौते (आईटीए) का फ्रेमवर्क जारी किया है। इसके तहत भारतीय सामान पर अमेरिका का टैक्स 50% घटाकर 18% कर दिया गया है। रूस से तेल खरीदने को लेकर भारत पर लगाया गया 25% अतिरिक्त टैक्स भी हटा लिया गया है।



### क्या भारत रूसी तेल खरीदना बंद कर देगा?

अमेरिका और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बार-बार यह कह रहे कि भारत अब रूस से तेल खरीदना बंद कर देगा। इस पर केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने सीधा जवाब दिया है। गोयल ने साफ कहा कि भारत रूसी तेल खरीदेगा या नहीं, इस बारे में विदेश मंत्रालय विशेष रूप से जानकारी देगा। जब उनसे पूछा गया कि क्या भारत रूसी तेल खरीदना बंद कर देगा, जैसा कि व्हाइट हाउस के एक बयान में भारत द्वारा खरीद पर लगाए गए अतिरिक्त टैरिफ को खत्म करने की घोषणा करते हुए कहा गया था, तो पीयूष गोयल ने कहा कि इस बारे भी विदेश मंत्रालय जानकारी देगा।

### समझौते में ये हैं सुरक्षित

गोयल ने कहा, यह समझौता किसानों के हितों की रक्षा करने और ग्रामीण आजीविका को बनाए रखने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिसमें मक्का, गेहूं, चावल, सोया, मुर्गी पालन, दूध, पनीर, एथनॉल (ईंधन), तंबाकू, कुछ सब्जियां, मांस आदि जैसे संवेदनशील कृषि और दुग्ध उत्पादों को पूर्ण रूप से संरक्षित किया गया है। भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते में प्याज, आलू, मटर, फलियां, मशरूम, तोरी, कुंदरू, भिंडी, कद्दू, लहसुन, खीरा, शिमला मिर्च, काबुली चना और शकरकंद को शामिल नहीं किया गया है। यानी ये उत्पाद बाहर से नहीं आएंगे। फलों की बात करें तो केला, आम, स्ट्रॉबेरी, संरक्षित चेरी, सूखा आलू बुखारा, सूखा सेब, इमली, सिंघाड़ा गिरी, सूखे फल, संतरा, मैंडरिन, चकोतरा, नींबू और अंगूर को भी डील में सुरक्षित रखा गया है।

### ट्रेड डील में अनाजों को संरक्षण

इस ट्रेड डील के तहत भारत में पैदा होने वाले प्रमुख कृषि उत्पादों को संरक्षित किया गया है। इनमें गेहूं कोपरा, स्यामक, कोदो, बाजरा, कांगनी, ओट्स, मैदा, ज्वार, जौ, चावल, मक्का, अमरंथ, रागी, छिल्का रहित अनाज और आटे वाले अनाज शामिल हैं।

### भारत को समझौते से मिलने वाले लाभ

- *अमेरिकी टैरिफ में कमी: भारतीय वस्तुओं पर अमेरिका के टैरिफ को 18 प्रतिशत तक घटाया गया है, जिससे भारतीय निर्यातकों को अमेरिकी बाजार में बेहतर पहुंच मिलेगी*
- *चुनिंदा उत्पादों पर जीरो टैरिफ: जेनेरिक दवाएं, रत्न और हीरे और विमान पार्ट्स पर पूरी तरह टैरिफ खत्म किया जाएगा, जिससे इन क्षेत्रों में प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी*
- *30 ट्रिलियन डॉलर के बाजार तक पहुंच: भारतीय एमएसएमई, किसान, मछुआरे, महिलाओं और युवा उद्यमियों के लिए अमेरिकी बाजार में प्रवेश।*
- *निर्यात क्षेत्रों में बढ़ावा: टेक्सटाइल, चमड़ा और फुटवियर, प्लास्टिक और रबर उत्पाद, ऑर्गेनिक केमिकल्स, होम डेकोर, हस्तशिल्प और कुछ मशीनरी में नए अवसर*
- *सेक्शन 232 छूट: विमान पार्ट्स पर अमेरिकी सेक्शन 232 के तहत छूट मिलेगी*
- *ऑटो पार्ट्स पर टैरिफ रेट कोटा: कुछ ऑटो कंपोनेंट्स के लिए अमेरिका में विशेष पहुंच मिलेगी*
- *जेनेरिक दवाओं पर बेहतर शर्तें: भारतीय जेनेरिक फार्मास्यूटिकल्स के लिए टैरिफ और नियामक नियमों में सुधार*

### दुग्ध उत्पादों को भी संरक्षण

*भारतीय दुग्ध उत्पादों को भी डील से अलग रखा गया है। इसमें दूध, क्रीम, योगहर्ट, बटर मिल्क, मक्खन, घी, चीज, बटर ऑइल, पनीर और अन्य उत्पाद शामिल हैं। मसालों की बात करें तो काली मिर्च, लौंग, सूखी हरी मिर्च, दालचीनी, धनिया, जीरा, हींग, अदरक, हल्दी, अजवाइन, मेथी, चक्रमर्द, सरसों, राई, भूसी और अन्य पाउडर मसालों को संरक्षित रखा गया है।*

## अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने कहा

# भारत-यूएस व्यापार समझौते का श्रेय पीएम मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप को जाता है



***पीएम मोदी ने प्रतिबद्धता के लिए राष्ट्रपति ट्रंप को धन्यवाद दिया***

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत और अमेरिका के बीच हुए व्यापार समझौते का फ्रेमवर्क सामने आ चुका है। इस पर विशेषज्ञों की प्रतिक्रियाएं भी सामने आने लगी हैं। इस बीच भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने फ्रेमवर्क की जानकारी साझा करते हुए दोनों देशों के बीच हुए समझौते का क्रेडिट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को दिया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी साझा करते हुए अमेरिकी राजदूत ने लिखा, एक नया दिन! इसे हासिल करने में उनके नेतृत्व और दृष्टिकोण के लिए सारा श्रेय राष्ट्रपति ट्रंप और प्रधानमंत्री मोदी को जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, हमने अपने दोनों महान देशों के बीच एक अंतरिम व्यापार समझौते के लिए एक रूपरेखा पर सहमति जताई है। मैं हमारे देशों के बीच मजबूत संबंधों के प्रति अपनी व्यक्तिगत प्रतिबद्धता के लिए राष्ट्रपति ट्रंप को धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा, यह रूपरेखा हमारी साझेदारी की बढ़ती गहराई, विश्वास और गतिशीलता को दिखाती है। यह भारत के मेहनती किसानों, उद्यमियों, एमएसएमई, स्टार्टअप इनोवेटर्स, मछुआरों और अन्य लोगों के लिए नए अवसर खोलकर 'मेक इन इंडिया' को मजबूत करती है। इससे महिलाओं और युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार पैदा होगा। भारत और अमेरिका इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं, और यह रूपरेखा हमारे बीच निवेश और टेक्नोलॉजी पार्टनरशिप को मजबूत करेगी। पीएम मोदी ने कहा कि व्यापार समझौते की रूपरेखा मजबूत और भरोसेमंद सप्लाई चेन को भी मजबूत करेगी व वैश्विक विकास में योगदान देगी। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे भारत 'विकसित राष्ट्र' बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

### आर्थिक सहयोग होंगे मजबूत


इससे पहले केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि यह व्यापार समझौता भारत-अमेरिका के आर्थिक सहयोग को मजबूत करेगा। यह हमारे लोगों और व्यवसायों के लिए स्थायी विकास के प्रति साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने 'एक्स' पोस्ट में लिखा, व्यापार समझौते की रूपरेखा के तहत अमेरिका भारतीय सामानों पर आपसी टैरिफ को घटाकर 18 प्रतिशत कर देगा, जिससे दुनिया की सबसे बड़ी इकॉनमी में टेक्सटाइल और कपड़ों, चमड़े और फुटवियर, प्लास्टिक और रबर प्रोडक्ट्स, ऑर्गेनिक केमिकल्स, होम डेकोर, कारीगरी वाले प्रोडक्ट्स और चुनिंदा मशीनरी जैसे अहम सेक्टर में बड़ा मार्केट मौका मिलेगा।

## 19 फरवरी को बैठक की संभावना

# वॉशिंगटन में होगी ट्रंप के बनाए 'बोर्ड ऑफ पीस' की पहली बैठक

एजेंसी ⏭ वॉशिंगटन

गाजा के पुनर्निर्माण हेतु फंड जुटाने की कोशिश के तहत वाशिंगटन में बोर्ड ऑफ पीस की बैठक आयोजित की जाएगी। अमेरिकी मीडिया आउटलेट एक्सियोस ने ये जानकारी दी है। एक अमेरिकी अधिकारी और बोर्ड का हिस्सा रहे चार देशों के राजनयिकों के हवाले से आउटलेट ने शुक्रवार को रिपोर्ट दी कि 19 फरवरी को बैठक की योजना है। इसका प्रमुख एजेंडा गाजा पुनर्निर्माण के लिए फंड जुटाना होगा। हालांकि इन्हीं लोगों ने ये भी कहा कि इस तारीख में



बदलाव संभव है। वहीं इजरायली मीडिया ने भी दो अरब देशों के राजनयिकों के हवाले से इसकी पुष्टि की है। राजनयिकों ने बताया कि अमेरिका ने शुक्रवार दोपहर को पैनल में शामिल 26 दूसरे देशों को न्योता भेजा। ऐसा एक्सियोस न्यूज साइट ने अपनी रिपोर्ट में बताया था। हालांकि अंदेशा जताया जा रहा है कि चूंकि यह तारीख रमजान के पवित्र महीने की शुरुआत के साथ पड़ेगी, मुस्लिम नेताओं के शामिल होने में दिक्कत आ सकती है।

## विस्थापितों को ले जा रहे वाहन को बनाया निशाना

# सूडान में आरएसएफ के हमले में 8 बच्चे समेत 24 की मौत

एजेंसी ⏭ खार्तूम

सूडान में पिछले तीन साल से जारी गृह युद्ध के चलते देश में मानवीय संकट और ज्यादा गहरा होता जा रहा है। सेना और रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) के बीच जारी संघर्ष ने देश की राजनीतिक पारदर्शिता को पूरी तरह से बदल कर रख दिया है। इसी बीच सूडान के नॉर्थ कोर्डोफान प्रांत के रहाद के पास शनिवार को एक ड्रोन हमले में कम से कम 24 लोग मारे गए, जिनमें आठ बच्चे भी शामिल हैं। यह हमला देश के कुख्यात पैरा-मिलिट्री समूह रैपिड सपोर्ट फोर्स



(आरएसएफ) ने किया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार मृतकों में दो शिशु भी शामिल हैं। हमला उस वाहन पर हुआ था जिसमें दुबेकिर इलाके से भागे हुए विस्थापित लोग जा रहे थे। डॉक्टर्स,अंतरराष्ट्रीय समुदाय और मानवाधिकार संगठनों से अपील की है कि वे सिविलियनों की सुरक्षा सुनिश्चित करें और आरएसएफ नेतृत्व को इन अपराधों के लिए सीधे जिम्मेदार ठहराएं।

## जेम्स वेब टेलीस्कोप का बड़ा धमाका

# खोजी गई ब्रह्मांड की सबसे पुरानी 28 करोड़ साल पुरानी आकाशगंगा

दूरबीन पृथ्वी से 15 लाख किमी दूर रहकर दे रही जानकारी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में एक ऐसी ऐतिहासिक खोज हुई है जिसने पूरी वैज्ञानिक दुनिया को अचंभित कर दिया है। नासा ने घोषणा की है कि जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप ने अब तक की सबसे पुरानी और सबसे दूर स्थित आकाशगंगा (गैलेक्सी) को ढूंढ निकाला है। इस आकाशगंगा को 'मोम-जेड 14' नाम दिया गया है। यह खोज हमें ब्रह्मांड के उस शुरुआती दौर की जानकारी दे रही है, जब पहले सितारे और आकाशगंगाएं आकार ले रही थीं।



यह खोजी गई आकाशगंगा 'बिग बैंग' के मात्र 28 करोड़ साल बाद की है। इसकी रोशनी को पृथ्वी तक पहुंचने में लगभग 1350 करोड़ साल का समय लगा है, जो इसे मानव इतिहास की सबसे दूरस्थ खोज बनाता है। जेम्स वेब टेलीस्कोप, जिसे अमेरिका, यूरोप और कनाडा की अंतरिक्ष एजेंसियों ने मिलकर बनाया है, दुनिया की सबसे शक्तिशाली दूरबीन है। 25 दिसंबर 2021 को लॉन्च हुई यह दूरबीन पृथ्वी से 15 लाख किलोमीटर दूर रहकर अंतरिक्ष के रहस्यों को सुलझा रही है। अपनी खास 'इंफ्रारेड तकनीक' के कारण यह टेलीस्कोप अंतरिक्ष के उन धूल भरे बादलों के पार भी देख सकता है, जहां पुरानी दूरबीनें नाकाम हो जाती थीं। यह मशहूर हबल टेलीस्कोप से करीब 100 गुना अधिक शक्तिशाली है। वैज्ञानिकों का मुख्य उद्देश्य इस टेलीस्कोप के जरिए न केवल ब्रह्मांड की शुरुआत का पता लगाना है।

## रूस-यूक्रेन युद्ध पर ट्रंप ने दिखाई सख्ती

# दोनों देशों को डेडलाइन की जारी, कहा खत्म करो जंग वर्ना मुश्किलें बढ़ेंगी

युद्ध समाप्त करने के लिए जून 2026 तक की समय सीमा तय

एजेंसी ⏭ कीव

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि अमेरिका ने यूक्रेन और रूस को युद्ध समाप्त करने के लिए जून 2026 तक की समयसीमा दी है। यह युद्ध लगभग चार साल से जारी है और अब अमेरिका इसे जल्द खत्म करने की दिशा में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। जेलेंस्की ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि यदि जून तक कोई समझौता नहीं होता है, तो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन दोनों पक्षों पर दबाव बढ़ा सकता है। उन्होंने कहा कि



अमेरिका चाहता है कि गर्मियों की शुरुआत तक युद्ध खत्म करने की दिशा में ठोस नतीजे सामने आएं। जेलेंस्की के अनुसार, अमेरिकी पक्ष का मानना है कि अब युद्ध को और लंबा खींचने से क्षेत्रीय और वैश्विक अस्थिरता बढ़ेगी। इसलिए वाशिंगटन चाहता है कि जून तक सभी घटनाओं, शर्तों और समझौतों की एक स्पष्ट रूपरेखा तैयार हो जाए। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि अमेरिका युद्ध समाप्त करने के लिए हर संभव प्रयास करेगा और इसके लिए कूटनीतिक, आर्थिक और रणनीतिक दबाव का इस्तेमाल किया जा सकता है। हालांकि, रूस की ओर से इस समयसीमा या प्रस्ताव पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। विश्लेषकों का मानना है कि अगर जून तक कोई समाधान नहीं निकलता है, तो संघर्ष और ज्यादा जटिल हो सकता है।

## बिना आवाज दुश्मन इलाके में दो किमी तक जासूसी कर सकता है

# देखने में छोटा पर विस्फोटक भरकर ले जाने में सक्षम 33 ग्राम का ड्रोन

**1** *यह ड्रोन सौ मीटर की ऊंचाई तक उड़ सकता है*

**2** *चार किमी तक मार करता है 40 एमएम एमजीएल*

एजेंसी ⏭ लखनऊ

यूं तो जनभवन (राजभवन) में शुक्रवार से फल, पुष्प और शाकभाजी की तीन दिवसीय प्रदर्शनी की शुरुआत हुई है लेकिन इस बार का सबसे खास आकर्षण है सेना की ओर से लगाई गई हथियारों की प्रदर्शनी। इसे देखने के लिए



पहले दिन ही खूब भीड़ उमड़ी। पहली बार लगी इस प्रदर्शनी में एक छोटा ड्रोन खासा चर्चा में हैं जिसका वजन महज 33 ग्राम का है।

यह दुश्मन के इलाके में दो किलोमीटर तक जाकर आसानी से रेकी कर उनकी लोकेशन, वहां मौजूद लोगों की संख्या और हथियारों के बारे में सटीक जानकारी देने में सक्षम है। स्टॉल पर मौजूद सेना के जवानों ने बताया कि यह ड्रोन सौ मीटर की ऊंचाई तक उड़ सकता है और इसमें बिल्कुल भी आवाज नहीं होती है जिसकी मदद से खासकर आतंकवादियों की लोकेशन लेने में मदद मिलती है। यह नार्वे मेड है। वहीं भारत में बना माइक्रो ड्रोन विद कनेस्टर भी यहां मौजूद है जिसकी खासियत है कि यह दुश्मन के इलाके में 400 ग्राम विस्फोटक ले जाने में सक्षम है और वहां पहुंचकर 20 मीटर की रेंज में सब कुछ तहस-नहस कर देता है। इसका 30 मिनट का बैटरी बैकअप है। इसके अलावा ब्लैक हॉरनेट ड्रोन, लॉग रेंज थर्मल कैमरा भी प्रदर्शनी में मौजूद हैं। इसे सैनिक खुद ले जा सकते हैं और ऑपरेट कर सकते हैं। यह मिसाइल दुश्मन के टैंकों को नेस्तनाबूत करने में सक्षम है। 40 एमएम आरएल रॉकेट लॉन्चर को देखने के लिए भी लोग उत्साहित दिखे।

### फायरिंग में भी सक्षम

*रोबोटिक म्यूल को देखने के लिए बच्चों में खास जिज्ञासा रही। यह बिल्कुल किसी कुत्ते की तरह तेजी से दौड़ता है। चार पैरों वाला यह स्वदेशी रोबोट माइनस 40 डिग्री से 55 डिग्री तापमान तक में काम कर सकता है और 15 किलोग्राम तक भार ले जाने में सक्षम है। यह पहाड़ियों और सीढ़ियों पर भी चढ़ सकता है। यह रोबोटिक म्यूल दुश्मन की पहचान कर फायरिंग करने में भी सक्षम है। इसे 10 किमी दूरी तक रिमोट से नियंत्रित किया जा सकता है।*



आवरण कथा / सरस्वती रमेश

कई सदी पहले कबीर ने कहा था, 'ढाई आखर प्रेम का पढ़े सो पंडित होय।' वास्तव में यह शब्द और इसमें निहित मनोभाव इतना गहन, इतना विराट है कि जिसकी थाह आज तक कोई नहीं लगा पाया। लेकिन जो भी इस सुंदरतम भाव को अपने मन में संजोता है, उसका जीवन आनंद से भर उठता है। इसकी पराकाष्ठा में वह स्वयं विलीन होकर भी सब कुछ प्राप्त करने की अनुभूति करने लगता है। यही वजह है कि व्यष्टि से जन्मा प्रेम समष्टि से एकाकार हो जाता है।

# जीवन का गहनतम सुंदरतम मनोभाव प्रेम

यह सही है कि बीते कई वर्षों से वैलेंटाइन-डे का क्रेज इतना बढ़ गया है कि इस वजह से पूरे फरवरी को प्रेम का महीना माना जाने लगा है। इसकी आहट के साथ ही बाजार, प्रेम के प्रतीकों से सज जाते हैं। उपहार और गुलाबों की भरमार हर ओर दिखाई पड़ने लगती है। सवाल है, क्या वास्तव में प्रेम का उपहार और बाजार से कोई लेना-देना होता है? सदियों पहले कबीर दास जी कह गए हैं-

प्रेम न बाड़ी उपजे, प्रेम न हाट बिकाई।
राजा परजा जेहि रुचे, सीस देहि ले जाई।।

वे कह गए हैं कि प्रेम का बाजार से कोई लेना-देना नहीं होता है। सच्चा प्रेम न तो खेत में और न ही भौतिक वस्तुओं से उपजता है। प्रेम तो आत्म बलिदान मांगता है। प्रेम एक सघन-गहन भावना है। इसकी खरीदी-बिक्री नहीं हो सकती। इसकी तो बस अनुभूति की जा सकती है, हृदय के गहनतम अंतःस्थल में। बाजार सिर्फ छलावा और दिखावा को पोषित करता है, प्रेम को नहीं।

## गहन-असीमित है प्रेम में निहित भाव

प्रेम की संकल्पना इतनी विस्तृत और गहन होती है कि इसे किसी भाषा में मुकम्मल रूप में व्यक्त कर पाना संभव ही नहीं है। ढाई अक्षर के प्रेम शब्द की व्याख्या करने बैठो तो समुद्र की सीमाएं कम पड़ जाएं, आकाश का विस्तार बौना जान पड़े। प्रेम का स्वरूप असीम है। प्रेम की संकल्पना जितनी सरल लगती है, उतनी गूढ़ भी है। गुरुदेव रवींद्र नाथ टैगोर, प्रेम को एक अबूझ रहस्य कहते थे, क्योंकि इसे समझने का कोई अबूझ जरिया नहीं है। इसे तो वही समझ सकता है, जिसने स्वयं प्रेम किया हो। प्रेम में आत्म का बलिदान किया हो। जैसे राधा ने किया, मीरा ने किया। राधा-कृष्ण के प्रेम के गूढ़ रहस्य की व्याख्या सबने अपने-अपने तरीके से की है। युगों पहले दोनों वृंदावन की गलियों में शरीर रूप में उपस्थित रहे, पर वास्तव में दोनों का प्रेम आलौकिक, अशरीरी रहा। इसमें ना मिलन की चाह थी, ना सदैव साथ रहने की कोई इच्छा। सिर्फ स्वीकार्य भाव। कृष्ण का राधा के प्रति। राधा का कृष्ण के प्रति। राधा जानती थीं कि श्रीकृष्ण अपने कर्तव्य से बंधे हुए हैं। इसीलिए उनका प्रेम कृष्ण के पथ का कभी रुकावट नहीं बना। उनका प्रेम तो आत्मा के देवालय में प्रज्वलित दीपक समान शाश्वत है। हर वक्त, हर परिस्थिति में दिपदिपा रहा है। श्रीकृष्ण के साथ रहते हुए भी और कृष्ण से दूर रहकर भी इसकी दीप्ति में कोई कमी नहीं आती। असल में प्रेम वही है, जिसमें कोई चाह ना हो। कोई शर्त ना हो। जहां चाहना और शर्तें आईं, वहीं प्रेम व्यापार हो गया। 'तुम मुझे प्रेम करो, क्योंकि मैं तुमको प्रेम करता हूं।' जहां यह भाव आता है, वहां प्रेम सौदा बन जाता है। उसका सौंदर्य मलिन हो जाता है। प्रेम तो प्रियतम की आत्मा का विस्तार है, जिसमें अंत में प्रियतमा को भी विलीन हो जाना है। जैसे गोपियां श्रीकृष्ण के प्रेम में विलीन हो गईं। जैसे हीर, रांझा के प्रेम में विलीन हो गई। *'रांझा-रांझा करदी वे, मैं आपे रांझा होई।'*

## प्रेम में चालाकी नहीं चलती

प्राचीन काल से भारतीय संस्कृति के कण-कण में प्रेम रचा बसा हुआ है। प्रेम को सबसे पवित्र भावना माना गया है। प्रेम के बल पर ईश्वर को भी जीता जा सकता है। लेकिन प्रेम में चालाकी का कोई स्थान नहीं। प्रेम, स्वार्थ, गणना और छल से परे एक पवित्र भाव है। जहां चालाकी आ जाती है,वहां विश्वास का क्षय होता है और प्रेम व्यापार बन जाता है। सच्चा प्रेम न तो लाभ देखता है, न ही हानि। वह निःस्वार्थ, निष्कपट और समर्पित होता है। चालाक व्यक्ति प्रेम को अपने हित के लिए साधन मानता है, जबकि प्रेम स्वयं में साध्य है। इसलिए प्रेम तभी शुद्ध, दीर्घकालिक और स्थायी रह सकता है, जब उसमें ईमानदारी, पारदर्शिता और सच्चाई हो। घनानंद कह गए हैं-

अति सूधो सनेह को मारग है,
जहां नेकु सयानप बांक नहीं।



## प्रेम से उपजते हैं जीवन मूल्य

प्रेम हमारे जीवन का सबसे उदात्त और शाश्वत मूल्य है। यह जीवन का मूल आधार है। मनुष्य को मनुष्य बनाए रखने के लिए कुछ जीवन मूल्यों की आवश्यकता होती है। ये जीवन मूल्य प्रेम से ही उपजते हैं। प्रेम कठिन परिस्थितियों में भी जीवित रहने की शक्ति देता है। जीवन के महानतम उद्देश्य भी प्रेम के अभाव में अधूरे व निरर्थक सिद्ध होते हैं। प्रेम वह रोशनी है, जो जीवन को अर्थ व दिशा प्रदान करता है। देखा जाए, तो सृष्टि के कण-कण में प्रेम समाहित है। सुबह की लालिमा, बारिश की रिमझिम बूंदें, बासंती हवाएं, फूलों में बसी सुगंध और नदियों के कल कल निर्मल प्रवाह के जरिए प्रकृति हर ओर प्रेम का संदेश प्रवाहित करती है। प्रेम वह शक्ति है, जिससे यह सृष्टि परिचालित होती है, जिसने अब तक मनुष्यता को बचा कर रखा है।

## कम न हो प्रेम की महत्ता

जीवन में प्रेम का महत्व एक गहन सत्य है। प्रेम का कोई स्थानापन्न नहीं है। पूरा ब्रह्मांड प्रेम की असीम ऊर्जा व अदृश्य डोर से बंधा हुआ है। लेकिन बीते कुछ दशक से प्रेम के मूलाधार में कुछ अशक्तता आई है। विश्वास, करुणा, बलिदान, समर्पण जैसे भावों में संकुचन दिखलाई पड़ा है। नित्यप्रति एकाकी होती व स्व में सिमटती जा रही दुनिया के लिए प्रेम के विस्तार को जानना, समझना आज और भी आवश्यक हो गया है। *

## विज्ञान की नजर में प्रेम



**प्रेम, दुनिया** की सबसे कोमल लेकिन सबसे शक्तिशाली भावना भी है। एक खूबसूरत पर जीवन का रूपांतरण करने वाला अहसास है प्रेम। इस अहसास को विज्ञान अपने नजरिए से व्याख्यायित करता है। विज्ञान कहता है कि हमारे हृदय में प्रेम की चिंगारी जलाने के लिए डोपामाइन हार्मोन जिम्मेदार है। जब हम किसी के प्रति अपनापन महसूस करते हैं, उससे गले मिलते हैं तो हमारे शरीर में ऑक्सीटोसिन नामक हार्मोन भी निकलता है। वहीं दिल की धड़कन बढ़ने पर एड्रेनेलिन नामक हार्मोन निकलता है। इन हार्मोंस के अधिक मात्रा में निकलने के कारण व्यक्ति को विपरीत लिंग के प्रति आकर्षण या अपनेपन की भावना महसूस होती है। यही हार्मोंस दिमाग में प्यार का अनुभव कराते हैं। हालांकि मनोवैज्ञानिक यह मानते हैं कि प्रेम को सिर्फ हार्मोन के जरिए समझना आसान नहीं है, क्योंकि प्रेम में जितनी इनकी भूमिका होती है, उतनी ही आपसी समझ, देखभाल, त्याग, भरोसा और भावनात्मक लगाव की भी भूमिका होती है। हार्मोन का काम तो कुछ देरी का होता है। लेकिन भावनाएं लंबे समय तक काम करती हैं और एक-दूसरे से जोड़कर रखती हैं। जिस तरह शरीर के लिए भोजन, पानी और गतिशीलता की जरूरत होती है, ठीक वैसे ही मस्तिष्क के लिए प्रेम की।

# शोर कम-समझ ज्यादा
# बदल रहे प्यार के मायने

भले ही एक वर्ग के लिए वैलेंटाइन-डे प्रेम के इजहार और उल्लास का पर्व है। लेकिन युवाओं में ही एक वर्ग ऐसा भी है, जो प्यार के इस उत्सव को भी सहजता से मनाता है। उनके लिए प्रेम, दिखावा नहीं साझेदारी और समझदारी का रिश्ता बन चुका है।

नया दौर
डॉ. अनिता राठौर



सुबह के 7 बजे हैं। एक छोटे से फ्लैट में दो लोग रोज की तरह अपने अपने लैपटॉप खोलकर दिन की शुरुआत करने लगते हैं। जबकि उस दिन 14 फरवरी है यानी, प्रेम का दिन, वैलेंटाइन-डे। लेकिन आस-पास न कहीं गुलाब है, न कोई मोमबत्ती है और न आपस में कोई फिल्मी डायलॉग बोले जाते हैं। हां, टेबल पर रखी दो कप चाय और एक-दूसरे की तरफ बढ़ा हुआ हल्का-सा मुस्कुराता चेहरा। आप भले न यकीन करें, लेकिन सच है कि परिपक्व सोच रखने वाले बहुत से युवा युगलों का प्यार, शांत-सजग-व्यावहारिक और भरोसे से भरा हुआ हो चुका है। आज का प्यार, दो दशक पहले जैसा नहीं रहा। यानी, एक वर्ग के लिए प्रेम ने अपना रूप बदला है। लेकिन गहराई नहीं खोई। प्रेम अब दिखावे से निकलकर समझदारी, व्यावहारिकता और लाइफस्टाइल के संग आ गया है। इसमें मानसिक सुरक्षा भी पहले से कहीं ज्यादा शामिल हो चुकी है।

## अब भावना नहीं साझेदारी

आज की समझदार पीढ़ी के पास प्यार को सिर्फ फीलिंग के रूप में देखने की न तो जरूरत है और न ही इतनी फुर्सत। उनके लिए प्यार, साझेदारी का नाम है। जीवन की जिम्मेदारियों का नाम है। मिलकर उठाई जाने वाली जिम्मेदारियां। इसलिए आज के कपल मिलकर करियर की योजना बनाते हैं। खर्च और बचत पर खुलकर बात करते हैं। घरेलू और बाहरी जिम्मेदारियों को ईमानदारी से बांटना स्वीकार करते हैं और मुश्किल समय में एक-दूसरे का सहारा बनते हैं। आज के समय में, 'तुम मुझसे कितना प्यार करते हो?' से ज्यादा यह अहम हो गया है, 'हम एक-दूसरे के लिए कितने भरोसेमंद हैं?'



## स्पष्टता है सबसे बड़ी खूबी

आज कपल्स के प्यार में जितनी स्पष्टता है, इतनी पहले कभी नहीं रही और यही आज के प्यार की सबसे बड़ी खूबी है। कपल अब यह कहने से नहीं डरते कि वो चाहते क्या हैं और साफ-साफ बताते हैं कि वो क्या नहीं चाहते? मसलन- उन्हें शादी करनी है या नहीं। बच्चे चाहिए या नहीं। एक-दूसरे के लिए कितना स्पेस चाहिए और सबसे बड़ी बात यह है कि वो किस तरह का जीवन जीना चाहते हैं? याद रखिए, यह स्पष्टता रिश्तों को तोड़ती नहीं है बल्कि ज्यादा मजबूत बनाती है, क्योंकि भ्रम पर टिके रिश्ते बहुत जल्दी थक जाते हैं और सच्चाई के सहारे आगे बढ़ने वाले रिश्ते दूर तक जाते हैं।

## अब प्यार का हिस्सा है मेंटल हेल्थ

आज के युवा इस बात को भली-भांति जानते हैं कि उनका मानसिक स्वास्थ्य भी उतना ही महत्वपूर्ण है, जितना कि शारीरिक। इसलिए अब पार्टनर्स एक-दूसरे की थकान को समझते हैं। एंग्जाइटी और तनाव पर बिना झिझक खुलकर बात करते हैं और जरूरत पड़ी तो प्रोफेशनल्स की मदद लेने से न झिझकते, न कतराते हैं।

आज के युवा एक-दूसरे से बड़ी सहजता से कहते हैं, आज मेरा मन ठीक नहीं है। क्योंकि वो जानते हैं कि उनके इस वाक्य को गलत शब्द और संदर्भ में नहीं लिया जाएगा। पुरानी पीढ़ी के लोग भले टेक्नोलॉजी को कितना कोसते हों, लेकिन युवाओं के लिए टेक्नोलॉजी अलगाव का नहीं जुड़ाव का माध्यम है। भले पुरानी पीढ़ी के लोग मानते हों कि मोबाइल और इंटरनेट रिश्तों का दुश्मन है। लेकिन आज के दौर में प्यार करने वाले युवा इस बात से कतई सहमत नहीं हैं। इसलिए वो वीडियो कॉल के साथ भी खाना खाते हैं। एक-दूसरे को वॉयस नोट्स भेजते हैं, उनकी प्लेलिस्ट साझा होती है और हां, ऑनलाइन कैलेंडर में डेट-नाइट भी फिक्स करते हैं। उनके लिए टेक्नोलॉजी केवल टाइम पास का जरिया नहीं दिलों की दूरी कम करने के नए रास्ते भी खोलती है।

## बराबरी है रिश्तों की बुनियाद

आज के प्रोफेशनल युवा यह मानते हैं कि रिश्ता मालिकाना हक नहीं बराबरी का संबंध है, इसलिए बिना झिझक और बिना किसी हैंगओवर के घरेलू काम दोनों मिलकर करते हैं। सारे फैसले मिलकर लेते हैं। एक-दूसरे के करियर को बराबर का सम्मान देते हैं। आज के युवाओं के बीच 70 के दशक की फिल्मों के यह डायलॉग शायद ही कहीं सुनने को मिलते हों, 'मैं तुम्हारे बिना कुछ नहीं हूं।' बल्कि इसकी जगह आज यह डायलॉग आम है, 'मैं तुम्हारे साथ और बेहतर बनता-बनती हूं।' आज के प्यार की मजबूती सेल्फ लव है, क्योंकि अब नई पीढ़ी को यह बात बहुत अच्छी तरह से समझ में आती है कि खुद से प्यार करना स्वार्थ नहीं, प्यार की समझ होना है। इसलिए आज के युवा अपने शौक के लिए समय निकालते हैं, अपने रिश्तों की सीमाएं तय करते हैं और हर वक्त उपलब्ध रहने की मजबूरी से दूर रहते हैं। क्योंकि जब कोई खुद संतुलित होता है, तभी किसी रिश्ते में स्वस्थ योगदान दे पाता है।



लब्बोलुआब यह कि आज वैलेंटाइन-डे केवल गिफ्ट्स एक्सचेंज का दिन नहीं रहा। यह समझदारी भरी बातचीत का दिन है, यह एक-दूसरे को ध्यान से सुनने का दिन है, यह भविष्य की योजनाएं साझा करने का दिन है और यह आभार जताने का भी दिन है। आज के युवा इस दिन साथ बैठकर एक-दूसरे के लिए प्यार और मनुहार के गीत नहीं गाते, अपने साझा लक्ष्य तय करते हैं। फाइनेंशियल प्लानिंग बनाते हैं, क्योंकि प्यार की नई भाषा और नई परिभाषा यही है। *

कविता
आरती आस्था

## प्रेमानुभूति

मुझे नहीं आता
करना प्रेम
बांधकर इसे सीमाओं में
सच कहूं तो
करने-कराने जैसी शय भी
लगी नहीं मुझे कभी प्रेम
प्रेम तो नाम है बिखरने का
खुद को बिखराने का
कितना भी बिखरो इसमें
बिखराओ भी चाहे जितना
करते रहते हैं हम
प्रेमानुभूति से
समृद्ध-संपन्न-संपूर्ण
खुद को ही।

व्यंग्य / अंशुमाली रस्तोगी

# इश्क की शमा जलाए रखिए

इधर कुछ दिनों से नेगेटिव होना-सोचना कतई छोड़ दिया है मैंने। ज्यादातर पॉजिटिव ही रहता हूं। देश-दुनिया की फिक्र उतनी ही करता हूं, जितना मेरा दिमाग इजाजत दे। मूड को कूल रखता हूं। दिल बहलाने के लिए, कभी-कभार, पूर्व प्रेमिका के खतों को पढ़ लिया करता हूं। उसके भेजे वैलेंटाइन-डे के काड्र्स आज भी मन में उमंग भर देते हैं। क्या जमाना था वो। तब न सोशल मीडिया की लत थी, न गैजेट्स का शोर। सुकून के साथ इश्क का इजहार भी हो जाता था और इनकार भी। न किसी के खत वायरल होते थे, न किसी की इज्जत खराब होती थी। हां, जिनके दिल टूटते थे, वे खुद से ही जोड़ भी लेते थे। वो छत और गली-मोहल्ले वाला इश्क रह-रहकर दिल को उसी खुशनुमा दौर में लिए जाता है। खैर, आज के दौर में तो वैलेंटाइन-डे सोशल मीडिया पर शुरू होकर यहीं खत्म हो जाता है। इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप पर इजहार हो जाता है और यहीं इनकार भी। अब स्क्रीनशॉट वायरल होते हैं। वर्चुअल लड़ाई-झगड़े होते हैं। फिर कब, कौन, कहां, किसके साथ डेट पर चल देता है, कुछ पता ही नहीं चलता। लंबे मगर खूबसूरत इश्क शायद ही निभाए या चल पाते हों अब।

बदलते दौर को देख मैंने भी अब खुद को लगभग बदल लिया है। एआई की शरण में हूं। उससे पूछ रहा हूं कि 'नई प्रेमिका संग वैलेंटाइन-डे कैसे मनाऊं?' एआई बता रहा है, 'पहले उसको व्हाट्सएप पर अच्छा-सा मैसेज लिखो। फोन पर रोमांटिक बातें करो। शाम का टाइम फिक्स कर साथ कॉफी पीना तय करो। हां, साथ एक बुके जरूर ले जाना। इतने से ही आपका दिन बन जाएगा।' प्रेमिका चूंकि नए जमाने की है। उसके नाज-नखरे कुछ अलग हैं। दिल पर तुरंत ले लेती है। अटेंशन पूरी चाहती है। इश्क को कविता की मानिंद लेती है। इसलिए ध्यान भी खास रखना पड़ता है। नया-नया मामला है। नहीं चाहता वैलेंटाइन-डे पर पानी फिर जाए।



साथी लोग समझाते हैं, इस उम्र में तुम्हें इश्क में नहीं पड़ना चाहिए। मैं उनसे पूछता हूं, 'क्यों? इश्क की कोई उम्र नहीं होती। जब दिल चाहे इश्क कीजिए। एक से कीजिए या अनेक से, यह निर्भर आपकी जिंदादिली पर। यों भी, इश्क करते रहने से उम्र बढ़ती ही है, कम नहीं होती। इश्क दिल-दिमाग को मजबूत बनाता है। इश्क में नमक भी होता है मिठास भी। वैलेंटाइन बाबा इस हकीकत को बहुत अच्छे से जानते-समझते थे।'

नेगेटिविटी का साथ छोड़ पॉजिटिव बनिए। जितना पॉजिटिव रहेंगे, उतना ही इश्क परवान चढ़ेगा। मैं पॉजिटिविटी का दामन थामे हुए हूं। तकनीक के साथ पॉजिटिव वैलेंटाइन मनाने में यकीन रखता हूं। माना कि इश्क करने के मायने-तरीके बदल चुके हैं अब, पर जज्बा तो साथ है न। काफी है। अकसर सोचता हूं, जिनकी प्रेमिकाएं नहीं होतीं, उनका जीवन कितना नीरस रहता होगा? न कोई रोमांस, न कोई उमंग, न कोई टशन। वैलेंटाइन-डे आए या चला जाए उनकी सेहत पर क्या फर्क!

पुनः कह रहा हूं, इश्क की शमा दिल में जलाए रखिए। शाम होने का इंतजार न कीजिए। जीवन जितना मिला है, इश्क के हवाले कर दिमाग को स्ट्रेस-फ्री रखिए। प्रेमिका के लिए शेर कहते रहिए। कविताएं लिखते रहिए। हर वैलेंटाइन साथ जुड़े रहिए। इश्क का रंग गाढ़ा होता रहेगा, यकीन मानिए। और हां, इश्क के साथ अक्ल कतई न लगाएं। अक्ल इश्क की नजाकत का मजा किरकिरा कर देती है।

बकौल अकबर इलाहाबादी साहब-
इश्क नाजुक-मिजाज है बेहद
अक्ल का बोझ उठा नहीं सकता। *

लघुकथा / डॉ. अलका जैन 'आराधना'

# सच्चा प्यार

शहर की भाग-दौड़ और वैलेंटाइन-डे के शोरगुल से दूर, माधव अपने बगीचे में लगे उन पौधों को निहार रहे थे, जो वसंत की दस्तक से खिलखिला उठे थे। तभी उनकी पत्नी सावित्री, रसोई से अदरक वाली चाय लेकर बरामदे में आईं और हल्की मुस्कान के साथ माधव को चाय का प्याला थमाते हुए वहीं बैठ गईं।



तभी घर के दरवाजे की घंटी बजी। उनका बेटा और बहू हाथ में फूलों का एक बड़ा गुलदस्ता और केक लेकर भीतर आए। उन्होंने उत्साह में कहा, 'हैप्पी वैलेंटाइन-डे मम्मी-पापा!' माधव और सावित्री ने एक-दूसरे की ओर देखा। उनकी आंखों में एक-दूसरे के प्रति अगाध सम्मान था। बहू ने उत्सुकता से पूछा, 'पापा जी, आप आज मम्मीजी को क्या गिफ्ट दे रहे हैं?'

माधव ने अलमारी के दराज से एक पुराना, पीला पड़ चुका लिफाफा निकाला और सावित्री के हाथों में पकड़ा दिया। जब सावित्री ने उसे खोला तो उसमें उन तमाम जगहों की सूचियां और प्यारी तस्वीरें थीं, जहां वे पिछले चालीस सालों में साथ घूमने गए थे। माधव ने गरिमापूर्ण स्वर में कहा, 'मेरा उपहार उन हसीन पलों से जुड़ी वो यादें हैं सावित्री, जो हमने एक-दूसरे के साथ बिताई थीं।' यह देख-सुनकर सावित्री की आंखों में खुशी के आंसू छलक आए। उनके बेटे-बहू को एहसास हो गया कि सच्चा प्यार क्या होता है! *

पत्रिका चर्चा / विज्ञान भूषण

# प्रेम कथा अनंता




जिस तरह से ईश्वर और उसकी कथा का कोई अंत नहीं है, उसी तरह प्रेम की कथा भी अनंत है। यही वजह है कि विश्व साहित्य में आरंभ से ही प्रेम पर असंख्य कविताएं और कहानियां लिखी जाती रही हैं, लेकिन यह सिलसिला आज भी अनवरत जारी है। हिंदी जगत की अनेक पत्रिकाएं भी प्रेम पर केंद्रित विशेषांक निकालती रही हैं। इसी क्रम में 'निकट-43' का ताजा अंक आत्मकथात्मक प्रेमकथा विशेषांक के रूप में प्रकाशित होकर आया है। इसकी सबसे बड़ी विशेषता तो यही है कि इसमें छपी सभी प्रेम कहानियां आत्मकथात्मक शैली में लिखी गई हैं। यही वजह है कि इसमें प्रकाशित कहानियों में प्रेम, रचनाकार के आत्म से संपृक्त, बहुत सांद्र रूप में प्रकट हुआ है। इसमें कुछ आलेखों, कविताओं, एक संस्मरण और तेरह प्रेम कहानियों के अलावा संपादक कृष्ण बिहारी की लंबी कहानी 'एक शिकायत विहीन प्रेमकथाः अनागत' भी मौजूद है। अधिकांश कहानियां हमें एंद्रिकता से बहुत दूर प्रेम के देखे-अनदेखे भावजगत की ऐसी यात्रा पर ले चलती हैं, जहां प्रेमी और प्रेमिका के भीतर कुछ पाने की लालसा नजर नहीं आती है। वे सिर्फ एक-दूसरे के संग होने, हासिल पलों के जीने को ही प्रेम का प्रतिफल मान लेते हैं। प्रियंवद और जया जादवानी की कहानियां प्रेम को अलग ही कोण से प्रकट करती हैं तो कृष्ण बिहारी की कहानी प्रेम का नया व्याकरण रचती है। इनके अलावा कल्पना मनोरमा, पंकज सुबीर, कविता विकास, लता शर्मा और पूनम मनु की कहानियां भी अपने भावभीने कथानक और मुलायमियत भरी अभिव्यक्ति से मन में ठहर जाती हैं। अन्य कहानियां भी बेहद पठनीय हैं। ये कहानियां साबित करती हैं कि हिंसा और युद्ध की विभीषिका से आक्रांत आज के विश्व में मनुष्यता को बचाए रखने की सामर्थ्य केवल प्रेम में ही है। *

**पत्रिकाः** निकट-43 (आत्मकथात्मक प्रेमकथा विशेषांक), **संपादकः** कृष्ण बिहारी, **मूल्यः** 50 रुपए




## टी20 विश्व कप मैच सुबह 11 बजे से

# उलटफेर में माहिर अफगानिस्तान का आज न्यूजीलैंड से मुकाबला

एजेंसी ▶▶| चेन्नई



उलटफेर करने में माहिर अफगानिस्तान जैसी खतरनाक टीम के खिलाफ न्यूजीलैंड को टी20 विश्व कप के ग्रुप डी के पहले मैच में रविवार को खेल के हर विभाग में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। टिम सीफर्ट और फिन एलेन के आने से शीर्षक्रम मजबूत लग रहा है लेकिन रचिन रविंद्र, मार्क चैपमैन और डेवोन कोंवे को बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

न्यूजीलैंड को अपने गेंदबाजों के भी फॉर्म में लौटने की उम्मीद होगी जो भारत के खिलाफ काफी महंगे साबित हुए थे। दूसरी ओर अफगानिस्तान काफी दमदार टी20 टीम है, जिसने पिछले सप्ताह वेस्टइंडीज का श्रृंखला में सूपड़ा साफ किया। उसके पास काफी मैच विनर खिलाड़ी है लेकिन सबसे बड़ा स्टार राशिद खान है। दुनिया भर में टी20 लीग खेलने वाले राशिद की गेंदें अब उतनी रहस्यमयी भले ही नहीं रह गई हों लेकिन वह बेहद खतरनाक गेंदबाज हैं। उनका साथ देने के लिए मुजीबुर रहमान और नूर अहमद होंगे। चेपॉक की पिच पर दोनों टीमों के स्पिनरों की भूमिका अहम होगी और चूंकि मैच 11 बजे शुरू हो रहा है तो ओस की भी उतनी भूमिका नहीं होगी।

# विश्व स्तर पर छाप छोड़ने का नेपाल को मौका इंग्लैंड से भिड़ंत, मैच दोपहर तीन बजे से

एजेंसी ▶▶| मुंबई



दो बार की चैंपियन इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक को उम्मीद है कि टी20 विश्व कप के पहले मैच में रविवार को उनकी टीम जब नेपाल से खेलेगी तो फोकस वेलिंगटन क्लब में हुई घटना की बजाय मैदान में प्रदर्शन पर रहेगा। इंग्लैंड ने विश्व कप की पुख्ता तैयारी की है और प्रबल दावेदारों में से एक है। इंग्लैंड को पता है कि उसे पहले ही मैच से अच्छा प्रदर्शन करना होगा। इंग्लैंड ने पिछले 17 वनडे में से 11 जीते हैं और पिछले साल दो ही गंवाए हैं। ओस के हालात में गेंदबाजी हालांकि चुनौती हो सकती है और ऐसे में अनुभवी आदिल रशीद काफी उपयोगी साबित होंगे। नेपाल के लिए यह विश्व स्तर पर अपनी छाप छोड़ने का एक और मौका है। पिछली बार वह दक्षिण अफ्रीका को हराने के करीब पहुंच गया था और दक्षिण अफ्रीका टीम सिर्फ एक रन से जीती थी। इसके अलावा बांग्लादेश को 106 रन पर आउट कर दिया था। नेपाल ने हाल ही में दो बार की चैंपियन वेस्टइंडीज को 2-1 से हराकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है।

## गलतियों से सबक लेकर बेहतर प्रदर्शन करना चाहेगी श्रीलंका

# खराब फॉर्म से जूझ रही श्रीलंका का आयरलैंड से होगा सामना

एजेंसी ▶▶| कोलंबो



खराब दौर से गुजर रही श्रीलंकाई टीम टी20 विश्व कप ग्रुप बी के अपने पहले मैच में रविवार को आयरलैंड से खेलेगी तो पिछली निराशाओं को भुलाकर अपने घरेलू दर्शकों को मुस्कुराने का मौका देने का इरादा होगा। भारत के साथ टूर्नामेंट की सह मेजबान श्रीलंका की तैयारी अच्छी नहीं रही है। उसे घरेलू टी20 श्रृंखला में इंग्लैंड ने 3-0 से हराया। अब श्रीलंका उन गलतियों से सबक लेकर बेहतर प्रदर्शन करना चाहेगा। दूसरी ओर आयरलैंड के प्रदर्शन का दारोमदार अनुभवी पॉल स्टर्लिंग , हैरी टेक्टर और जोश लिटिल पर रहेगा। आयरलैंड आठवीं बार टी20 विश्व कप खेल रहा है और 2009 के बाद से सारे टूर्नामेंट खेला है। उसने हाल ही में इटली और यूएई को हराया है और जीत की लय कायम रखना चाहेगा। अगर वह श्रीलंका को हरा देता है तो इस ग्रुप से सुपर आठ में पहुंचने का दावेदार हो सकता है।

## खबर संक्षेप



### चिदंबरम स्टेडियम की नई बेहतरीन आउटफील्ड

**चेन्नई।** मशहूर एमए चिदंबरम स्टेडियम में आठ महीने तक चले मरम्मत के काम के बाद बेहतरीन आउटफील्ड और पानी के निकास के लिए अच्छी 'ड्रेनेज' प्रणाली के साथ आईसीसी टी20 विश्व कप से पहले समय पर तैयार हो चुका है। इतने महीनों तक यहां जेसीबी, लिफ्टर और लोडर की तेज गड़गड़ाहट गूंजती रही। तमिलनाडु क्रिकेट संघ (टीएनसीए) ने विश्व कप नजदीक आने पर इतना समय लेने वाला काम करने का फैसला क्यों किया? यह पूछने पर इसके सचिव यू भगवानदास राव ने कहा, ' हमने पिछली बार यह आउटफील्ड शायद 2011 में बनाई थी इसलिए काफी समय हो गया था। इस पूरे काम में हमें जून (2025) से शुरू करके लगभग आठ महीने लगे। '

### 16 फरवरी से दिल्ली ओपन चैलेंजर मीट



**नई दिल्ली।** भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले एकल टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल डीएलटीए पर 16 से 22 फरवरी तक होने वाले दिल्ली ओपन एटीपी चैलेंजर टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे जबकि ब्रिटेन के जे क्लार्क भी इसमें भाग ले रहे हैं। एकल मुख्य ड्रॉ में भारत से सिर्फ नागल को सीधे प्रवेश मिला है। चैलेंजर सर्किट पर लगातार खेलने वाले नागल घरेलू हालात का फायदा उठाना चाहेंगे। प्रतिभाशाली मानस धामने और करण सिंह 15 फरवरी को एकल क्वालीफायर खेलेंगे। जापान के रेइ साकामातो , रियो नोगुची और कजाखस्तान के बेइबित झुकायेव भी इसमें भाग ले रहे हैं। डीएलटीए अध्यक्ष रोहित राजपाल ने कहा,' दिल्ली ओपन इस क्षेत्र में सबसे प्रतिस्पर्धी और पेशेवर ढंग से होने वाला चैलेंजर टूर्नामेंट है। इससे भारत को कई अच्छे खिलाड़ी मिले हैं। इससे डीएलटीए पर प्रशिक्षण लेने वाले युवा खिलाड़ियों को भी भविष्य के लिए प्रेरणा मिलेगी।'

### विश्व कप में अधिक टीम का खेलना अच्छा : राशिद



**चेन्नई।** अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने टी20 विश्व कप के मौजूदा चरण से 20 टीम के विस्तार का स्वागत करते हुए कहा कि इससे और अधिक देशों के खिलाड़ियों को वैश्विक मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिला है। आईसीसी टी20 विश्व कप का 2026 चरण टीम की संख्या के लिहाज से अब तक का सबसे बड़ा टूर्नामेंट है।

## टी20 विश्व कप : मोहम्मद सिराज रहे सफल बॉलर, 29 रन देकर चटकाए 3 विकेट

# टीम इंडिया का जीत के साथ आगाज, यूएसए को 29 रन से हराया, सूर्यकुमार ने खेली नाबाद पारी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

गत चैंपियन भारत ने कप्तान सूर्यकुमार यादव की दबाव में खेली गई 84 रन की नाबाद पारी के बाद मोहम्मद सिराज (29 रन देकर तीन विकेट) की अगुआई में अनुशासित गेंदबाजी से शनिवार को आईसीसी टी20 विश्व कप के शुरुआती मैच में अमेरिका को 29 रन से हराकर अपना अभियान शुरू किया। भारतीय टीम अब ग्रुप ए के अपने दूसरे मुकाबले में 12 फरवरी को नामीबिया से भिड़ेगी।

### यूएसए के शीर्ष क्रम के तीन बल्लेबाज फ्लॉप

मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए मैच में भारतीय टीम के दिए 162 रन के लक्ष्य को हासिल करने उतरी यूएसए के शीर्ष क्रम के तीनों बल्लेबाज फ्लॉप रहे। सलामी बल्लेबाज एंड्रियस गौस 6, सैतेजा मुक्कमल्ला 2, और कप्तान मोनांक पटेल बिना खाता खोले आउट हो गए। 13 पर 3 विकेट गंवा चुकी यूएसए को मिलिंद कुमार और संजय कृष्णमूर्ति ने संभाला और चौथे विकेट के लिए 58 रन की साझेदारी कर स्कोर को 71 तक ले गए। मिलिंद इसी स्कोर पर 34 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद 98 के स्कोर पर पांचवें विकेट के रूप में संजय कृष्णमूर्ति भी 37 रन बनाकर आउट हो गए।



### अभिषेक और शिवम डक पर आउट

इससे पहले भारतीय क्रिकेट टीम ने टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान सूर्यकुमार यादव के 49 गेंदों पर 4 छक्कों और 10 चौकों की मदद से नाबाद 84 रन की पारी की बदौलत 9 विकेट पर 161 रन बनाए थे। तिलक वर्मा ने 16 गेंद पर 25 और ईशान किशन ने 16 गेंद पर 20 रन की पारी खेली थी। अभिषेक शर्मा और शिवम दुबे खाता नहीं खोल सके थे। रिंकू सिंह 6, हार्दिक पांड्या 5 और अक्षर पटेल 14 रन बनाकर आउट हुए। यूएसए की तरफ से सौरभ नेत्रावल्कर सबसे महंगे गेंदबाज रहे। सौरभ ने 4 ओवर में 65 रन दिए। उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। शैडली वैन शाल्कविक सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 4 ओवर में 25 रन देकर 4 विकेट लिए। हरमीत सिंह ने 4 ओवर में 26 रन देकर 2 विकेट लिए। अली खान और मोहम्मद मोहसिन को 1-1 विकेट मिला।

### वर्ल्ड कप में सबसे अधिक फिफ्टी जड़ने वाले तीसरे बैटर बने सूर्यकुमार

विश्व कप में अमेरिका के खिलाफ अपने पहले मुकाबले में सूर्यकुमार यादव ने 49 गेंद में 10 चौके और चार छक्के से 84 रन की नाबाद पारी खेली। इसके साथ ही वह भारत के लिए टी20 वर्ल्ड कप में सबसे अधिक फिफ्टी जड़ने वाले तीसरे बैटर बन गए।

## स्कोर बोर्ड

| भारत पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| ईशान का मिलिंद बो वान शाल्कविक | 20 | 16 | 1 | 2 |
| अभिषेक शर्मा का कृष्णमूर्ति बो अली | 00 | 1 | 0 | 0 |
| वर्मा का पटेल बो वान शाल्कविक | 25 | 16 | 3 | 1 |
| सूर्यकुमार यादव नाबाद | 84 | 49 | 10 | 4 |
| दुबे का नेत्रवलकर बो वान शाल्कविक | 00 | 1 | 0 | 0 |
| रिंकू सिंह का मिलिंद बो मोहसिन | 06 | 14 | 0 | 0 |
| पंड्या का साईतेजा बो हरमीत | 05 | 6 | 1 | 0 |
| पटेल का मोहसिन बो हरमीत | 14 | 11 | 2 | 0 |
| अर्शदीप का मिलिंद बो वान शाल्कविक | 04 | 6 | 1 | 0 |
| वरुण चक्रवर्ती रन आउट | 00 | 0 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 03, कुल : 20 ओवर में नौ विकेट पर 161 रन
गेंदबाजी : सौरभ नेत्रवलकर 4-0-65-0, अली खान 2-0-13-1, शैडली वान शाल्कविक 4-0-25-4, मोहम्मद मोहसिन 4-0-16-1, शुभम रंजने 2-0-16-0, हरमीत सिंह 4-0-26-2

| अमेरिका पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| एंड्रीस गॉस का तिलक बो सिराज | 06 | 9 | 0 | 1 |
| मुक्कमल्ला का वरुण बो सिराज | 02 | 7 | 0 | 0 |
| मोनांक पटेल का दुबे बो अर्शदीप | 00 | 2 | 0 | 0 |
| मिलिंद स्ट ईशान किशन बो वरुण | 34 | 34 | 3 | 1 |
| कृष्णमूर्ति का रिंकू बो अक्षर | 37 | 31 | 1 | 2 |
| रंजने पगबाधा बो सिराज | 37 | 22 | 2 | 3 |
| हरमीत का सिराज बो अक्षर | 00 | 1 | 0 | 0 |
| मोहसिन का तिलक बो अर्शदीप | 08 | 9 | 1 | 0 |
| शाल्कविक नाबाद | 02 | 5 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 06, कुल : 20 ओवर में आठ विकेट पर 132 रन
गेंदबाजी : अर्शदीप सिंह 4-0-18-2, सिराज 4-0-29-3, चक्रवर्ती 4-0-24-1, पटेल 4-0-24-2, पंड्या 4-0-34-0

## अंडर-19 वर्ल्ड कप

# विजेता टीम को मिलेगा 7.5 करोड़ रुपए का कैश अवॉर्ड




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत ने शुक्रवार को इंग्लैंड के खिलाफ जीत दर्ज करते हुए अंडर-19 वर्ल्ड कप खिताब अपने नाम किया। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने विश्व कप विजेता टीम, टेक्निकल स्टाफ और सिलेक्शन कमिटी के लिए कुल 7.5 करोड़ रुपए के कैश अवॉर्ड की घोषणा की है।

बीसीसीआई के सेक्रेटरी देवजीत सैकिया ने शनिवार को बताया, "जिम्बाब्वे और नामीबिया में अंडर-19 मेंस क्रिकेट वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय टीम को 7.5 करोड़ रुपए का कैश अवॉर्ड दिया जाएगा। हम खिलाड़ियों, टेक्निकल स्टाफ और सिलेक्शन कमिटी के लिए इनाम की रकम के बंटवारे पर काम कर रहे हैं, लेकिन बीसीसीआई की ओर से उन्हें कुल 7.5 करोड़ रुपए का इनाम दिया जाएगा।"भारत के छठी बार अंडर-19 वर्ल्ड कप खिताब जीतने पर सैकिया ने ट्वीट में लिखा था, "यह शानदार कामयाबी एक मजबूत सिस्टम की ताकत का सबूत है, जो लंबे समय तक प्लेयर डेवलपमेंट, कॉम्पिटिटिव घरेलू स्ट्रक्चर, डेडिकेटेड टेक्निकल स्टाफ से सपोर्टेड क्वालिटी कोचिंग प्रोग्राम और एक मजबूत टैलेंट आइडेंटिफिकेशन प्रोसेस पर बना है। एज-ग्रुप क्रिकेट एक मुख्य प्राथमिकता बनी हुई है। बीसीसीआई भविष्य के लिए इन नींवों में इन्वेस्ट करना और उन्हें मजबूत करना जारी रखेगा। बहुत बढ़िया, लड़कों! आप पर देश को बहुत गर्व है।"

## बॉक्सैम एलीट इंटरनेशनल

# लवलीना का दमदार प्रदर्शन फाइनल में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶| ला नूसिया



ओलंपिक कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन और विश्व कप स्वर्ण विजेता सचिन सिवाच ने शानदार जीत दर्ज करते हुए 'बॉक्सैम एलीट इंटरनेशनल 2026' के फाइनल में जगह बना ली। इन दोनों के अलावा 10 अन्य भारतीय मुक्केबाज भी फाइनल में पहुंचे हैं। स्वर्ण पदक की दावेदारी में भारत की आठ महिलाएं और चार पुरुष मुक्केबाज शामिल है।

लवलीना ने 75 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में वेल्स की रोजी एक्लेस को 5-0 के सर्वसम्मत फैसले से हराकर दमदार प्रदर्शन किया। महिलाओं के 54 किग्रा वर्ग में भारत का स्वर्ण पदक पक्का हो गया है। एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता प्रीति पवार ने सेमीफाइनल में फ्रांस की आया हम्दी को 5-0 से हराया और अब फाइनल में उनका मुकाबला पूनम से होगा। पूनम ने इंग्लैंड की आइवी-जेन स्मिथ को 4-1 से मात दी। महिलाओं में फाइनल में पहुंचने वाली अन्य भारतीय मुक्केबाजों में मंजू रानी (48 किग्रा), नीतू घंघास (51 किग्रा), प्रिया (60 किग्रा), अरुंधति चौधरी (70 किग्रा) और नैना (80 किग्रा) शामिल हैं। सभी ने अपने-अपने सेमीफाइनल मुकाबले जीते।

### सचिन सिवाच का शानदार फॉर्म जारी

*पुरुष वर्ग में 60 किग्रा में सचिन सिवाच ने इंग्लैंड के जैक ड्रायडन को हराकर अपना शानदार फॉर्म जारी रखा। इसके अलावा दीपक (70 किग्रा), आकाश (75 किग्रा) और अंकुश (80 किग्रा) ने भी जीत दर्ज कर भारत के लिए फाइनल में जगह बनाई। दीपक ने सत्र के सबसे शानदार मुकाबलों में से एक में कजाकिस्तान के विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल्स के रजत पदक विजेता नुरबेक मुरसल को पहले ही दौर में आरएससी से हराया। आकाश और अंकुश ने कजाकिस्तान के मुक्केबाजों के खिलाफ कड़े मुकाबलों में जीत दर्ज कर स्वर्ण पदक मुकाबले में प्रवेश किया। इस बीच, प्रांजल यादव (65 किग्रा), काजल (65 किग्रा), सनामाचा चानू (75 किग्रा), मनकीरत कौर (80 किग्रा से अधिक), जादुमणि सिंह (55 किग्रा), मोहम्मद हुसामुद्दीन (60 किग्रा) और हितेश गुलिया (70 किग्रा) को सेमीफाइनल में हार के बाद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।*

# कप्तान सैंटनर को तेज गेंदबाजों पर भरोसा


**चेन्नई।** न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने कहा कि उन्हें अपनी तेज गेंदबाजी इकाई की विविधता पर भरोसा है कि वे टी20 विश्व कप के दौरान 'पावरप्ले' और 'डेथ ओवरों' में विपक्षी बल्लेबाजों को शांत रखेंगे, जिसमें गेंदबाज आमतौर पर रन लुटाते हैं। तेज गेंदबाजों से आक्रमण में मैट हेनरी, लॉकी फर्ग्यूसन, काइल जैमीसन और जैकब डफी के अलावा ऑलराउंडर जेम्स नीशाम भी शामिल हैं। सैंटनर ने कहा, 'मुझे लगता है कि जब आप भारत आते हैं तो आपको पिच से ज्यादा 'लेटरल मूवमेंट' नहीं दिखता। इसलिए मुझे लगता है कि स्विंग और उछाल अहम है। इसलिए अगर डफी गेंद को स्विंग करा सकते हैं तो वह बल्लेबाजों के लिए एक चुनौती हैं। हमारे सभी तेज गेंदबाज हमें अलग-अलग विकल्प देते हैं।'उन्होंने कहा, 'लॉकी के पास ज्यादा रफ्तार और स्विंग है। जैमीसन दोनों तरफ स्विंग करा सकते हैं। मैट हैनरी गेंद को अंदर ला सकते हैं। डफी स्विंग करा सकते हैं। इसलिए हमें चुनना है कि कौन हमारे लिए सबसे अच्छे होंगे। ' सैंटनर ने कहा कि भारत के खिलाफ हाल में हुई पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला हारने के बावजूद उनकी टीम को कुछ अच्छी बातें पता चली हैं।

## राष्ट्रीय भारोत्तोलन चैंपियनशिप

# राजा ने जीता स्वर्ण, जेरेमी को कांस्य

एजेंसी ▶▶| मोदीनगर





तमिलनाडु के एम राजा ने राष्ट्रीय भारोत्तोलन चैंपियनशिप में पुरुषों के 65 किग्रा वर्ग में राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन जेरेमी लालरिननुंगा सहित मजबूत प्रतिस्पर्धियों को पछाड़ते हुए स्वर्ण पदक जीता। राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता 26 वर्षीय राजा ने कुल 302 किग्रा (130 किग्रा स्नैच में, 172 किग्रा क्लीन एंड जर्क में) वजन उठाकर पहला स्थान हासिल किया। सेना खेल नियंत्रण बोर्ड के चारु पेसी ने 296 किग्रा (129 किग्रा और 167 किग्रा) के कुल वजन के साथ रजत पदक हासिल किया।

### जेरेमी का प्रदर्शन फीका

मिजोरम के जेरेमी का प्रदर्शन फीका रहा। 2018 युवा ओलंपिक चैंपियन कुल तीन प्रयासों में असफल रहे, जिसमें दो स्नैच में रहे। उन्हें 295 किग्रा (133 किग्रा और 167 किग्रा) के कुल वजन के साथ कांस्य पदक पर संतोष करना पड़ा। राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप के पूर्व स्वर्ण पदक विजेता शुभम टोडकर का अभियान निराशाजनक रहा। वह 263 किग्रा (118 किग्रा और 145 किग्रा) के कुल वजन के साथ सातवें स्थान पर रहे। सेना के भारोत्तोलक अरुमुगापांडियन महाराजन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए युवा और जूनियर दोनों वर्गों में स्वर्ण पदक अपने नाम किए। उन्होंने 282 किग्रा के कुल वजन से दोनों वर्गों में शीर्ष स्थान हासिल किया।

## डेविस कप क्वालीफायर : कैश और ग्लासपूल का शानदार प्रदर्शन

# ब्रिटेन ने नॉर्वे को हराया, दूसरे राउंड में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶| ओस्लो

ग्रेट ब्रिटेन ने नॉर्वे को 3-0 से हराकर डेविस कप क्वालीफायर के दूसरे राउंड में जगह बना ली है। यह जीत जूलियन कैश और लॉयड ग्लासपूल के डबल्स मैच में 6-2, 2-6, 7-6(5) की जीत की बदौलत मिली। ग्रेट ब्रिटेन अब डेविस कप क्वालीफायर के दूसरे राउंड में इक्वाडोर या ऑस्ट्रेलिया में से किसी एक का सामना करेगा। इस मुकाबले को जीतने वाली टीम नवंबर में फाइनल 8 में पहुंचेगी। डेविस कप क्वालीफायर के दूसरे राउंड के मुकाबले सितंबर में आयोजित होंगे। लियोन स्मिथ की टीम ने न्यूनतम मैचों में जीत दर्ज करते हुए कमजोर नजर आ रही नॉर्वेजियन टीम को मात दी। बुधवार को विश्व नंबर 12 कैस्पर रूड के हटने के बाद नॉर्वे साफतौर पर अंडरडॉग था। खेल के शीर्ष रैंकिंग डबल्स जोड़ी कैश और ग्लासपूल को भी नॉर्वे की जोड़ी निकोलाई बुडकोव क्येर और विक्टर दुरासोविच ने निर्णायक टाईब्रेक तक कड़ी चुनौती दी।



### ड्रेपर ने की कोर्ट में लंबे समय बाद वापसी

जैक ड्रेपर ने मैच कोर्ट में लंबे समय बाद वापसी की,। ड्रेपर ने उस खिलाड़ी की झलक दिखाई, जो पिछले साल करियर की सबसे ऊंची वर्ल्ड नंबर 4 रैंकिंग पर पहुंचा था, उन्होंने विक्टर डुरासोविक को सिर्फ 61 मिनट में 6-2, 6-2 से हरा दिया। इसके बाद कैम नॉरी ने दूसरे सेट में 1-4 से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए 19 वर्षीय निकोलाई बुडकोव कजेर को 6-4, 6-4 से हराया।

### ब्रिटिश खिलाड़ियों ने दिखाई काबिलियत

ब्रिटिश खिलाड़ियों ने 6-2, 2-6, 7-6(5) की जीत के साथ ग्रेट ब्रिटेन की जीत पूरी की। जैकब फर्नले फाइनल में बुडकोव कजेर के खिलाफ खेलने आए और एटीपी नेक्स्ट जेन सेमी-फाइनलिस्ट के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया। फर्नले ने ब्रिटिश टीम के लिए जीत पर मुहर लगाते हुए 3-6, 6-3, 10-7 से मुकाबला अपने नाम किया।

### वतनुकी ने दिलाई जापान को बढ़त

डेविस कप के दूसरे मुकाबलों में, जापान और ऑस्ट्रिया के बीच दो दिवसीय मुकाबले की शुरुआत हुई। योसुके वतनुकी ने सेबेस्टियन ओफनर को 6-3, 6-4 से हराकर जापान को बढ़त दिलाई, लेकिन इसके बाद यूरीज रोडियोनोव ने शिंटारो मोचिजुकी को 6-4, 7-5 से मात देकर ऑस्ट्रिया के लिए स्कोर बराबर कर दिया।




## खबर संक्षेप

### 58 परीक्षा केंद्रों को वितरित की गई परीक्षा सामग्री

■ संबंधित थाना क्षेत्रों में परीक्षा तक सुरक्षित रखे जाएंगे पेपर

**भोपाल।** माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं और 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं के लिए बोर्ड परीक्षा से जुड़ी गोपनीय सामग्री का वितरण कार्य शनिवार को पूरा हो गया है। दूसरे दिन 58 परीक्षा केंद्रों को कड़ी सुरक्षा और निगरानी के बीच परीक्षा सामग्री वितरित की गई। प्रश्नपत्र संबंधित थाना क्षेत्रों में सुरक्षित रखे जाएंगे, जिन्हें परीक्षा के दिन केंद्र अध्यक्ष थाने से लेकर परीक्षा केंद्र तक पहुंचाएंगे। बता दें कि कक्षा 12वीं की परीक्षा 10 फरवरी से प्रारंभ होगी। कक्षा 10वीं की परीक्षा 17 फरवरी से शुरू की जाएगी। प्रदेश में 16 लाख से अधिक विद्यार्थी शामिल होंगे। भोपाल में 104 परीक्षा केंद्र हैं। इसमें 16 संवेदनशील और अतिसंवेदनशील केंद्र हैं।

### गायत्री नगर में गंदे पानी सप्लाई की शिकायत

**भोपाल।** शहर की गायत्री नगर कॉलोनी में गंदा पानी सप्लाई होने का मामला प्रकाश में आया है। लोगों का कहना है कि शुरुआती कुछ देर तक गंदा पानी घरों में आता है। गंदे पानी का वीडियो बनाकर रहवासियों ने निगम के अफसरों को भी भेजा। रहवासियों ने पानी की गुणवत्ता ठीक करने और सीवेज की समस्या के निराकरण की मांग भी की है। महापौर मालती राय ने उक्त मामले को लेकर अधिकारियों को व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं।

# ऑनलाइन जॉब के दौरान युवती से दोस्ती, चेन्नई से आए युवक ने होटल में किया दुष्कर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोहेफिजा पुलिस ने तलैया में रहने वाली एक युवती की शिकायत पर चेन्नई में रहने वाले युवक पर दुष्कर्म का मामला दर्ज किया है। युवती का आरोप है कि वह आनलाइन जॉब करती है।

ऑनलाइन जॉब करने वाले चेन्नई के सुरेश जैन से उनकी मोबाइल पर चेटिंग हुई और दोस्ती हो गई। वह चेन्नई से मिलने भोपाल पहुंचा और होटल में नशीला पदार्थ मिलाकर उससे जबरन शारीरिक संबंध बना लिए। इस दौरान फोटो और वीडियो बनाकर वह युवती को वायरल करने की धमकी दे रहा था। पुलिस ने युवती की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार 25 साल की युवती तलैया इलाके में रहती है और ऑनलाइन जॉब करती है। पांच महीने पहले ऑनलाइन जॉब के दौरान उसकी दोस्ती सुरेश जैन से हो गई। सुरेश जैन चेन्नई में रहता है और वह भी ऑनलाइन जॉब करता है। दोनों की मोबाइल पर चेटिंग होने लगी थी। आरोपी ने युवती से मिलने की इच्छा जाहिर की और उससे मिलने गत 17 अगस्त को भोपाल आ गया। कोहेफिजा के एक होटल में उसने कमरा बुक किया। युवती सुरेश जैन के कहने पर उससे मिलने होटल के कमरे में पहुंची थी। वहां सुरेश जैन ने उसे कोल्ड्रिंक में कोई नशीला पदार्थ पिला दिया। नशीला पदार्थ पीने से युवती बेसुध हो गई। इसका फायदा उठाकर आरोपी ने उससे शारीरिक संबंध बनाए और उसके कुछ फोटो वीडियो बना लिए। फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर वह तीन बार युवती से दुष्कर्म कर चुका है। अब भी आरोपी उस पर मिलने का दबाव बना रहा था।

### इस्लामिक आइडियल फांउडेशन का सालाना जलसा आज

**भोपाल।** इस्लामिक आईडियल फाउंडेशन के जामिया इस्लामिया रूहुल हुदा के सालाना जलसे का आयोजन रविवार को शाहजहांनाबाद स्थित कम्युनिटी हाल में रखा गया है। जिसमें तजवीद-उल-कुरआन, दीनियात, मोमिनह और आलिमह कोर्स ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों के छात्रों को सनद बांटी जाएगी। इस मौके पर छात्रों के क्विज काम्पटीन का आयोजन भी किया गया है। संस्थान द्वारा देशभर में ऑनलाइन और ऑनलाइन कोर्स चलाए जा रहे हैं, जिसमें महिलाओं सहित बुजुर्ग भी भागीदारी निभा रहे हैं। इस्लामिक क्विज प्रतियोगिता में युवाओं और बच्चों में दीन की बुनियादी जानकारी को रोचक और सरल तरीके से बताया जाएगा। आयोजक मुफ्ती सैय्यद दानिश नदवी ने बताया कि जलसे में देश के नामचीन उलेमा-ए-किराम जिसमे मौलाना अहमद सईद नदवी, मौलाना काजी सैयद मुश्ताक नदवी, मौलाना तसव्वुर हुसैन सहित अन्य राज्यों से आए उलेमा शामिल होंगे।

### पुलिस कमिश्नर ने ट्रैफिक का लिया जायजा, दिए निर्देश

# रॉयल मार्केट में कोतवाली शाहजहांनाबाद और कोहेफिजा पुलिस संभालेंगी ट्रैफिक व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पुलिस कमिश्नर संजय कुमार ने ट्रैफिक व्यवस्था को दुरूस्त करने रॉयल मार्केट का भ्रमण किया और दिशा निर्देश दिए। वे औचक निरीक्षण करने रॉयल मार्केट पहुंचे थे। कमिश्नर ने अन्य विभागों से समन्वय स्थापित करते हुए रॉयल मार्केट चौराहा पर लगे ट्राफिक सिंग्नल को व्यवस्थित कराए जाने के लिए निर्देशित किया। साथ ही अतिरिक्त पुलिस आयुक्त भोपाल अवधेश गोस्वामी और पुलिस उपायुक्त जोन थ्री, भोपाल अभिनव चौकसे ने यातायात व्यवस्था को लेकर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। जिसके तारतम्य में 7 फरवरी को अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोन-थ्री शालिनी दीक्षित और सहायक पुलिस आयुक्त अनुभाग शाहजहांनाबाद अनिल वाजपेयी के मार्ग दर्शन मे थाना प्रभारी थाना शाहजहांनाबाद निरीक्षक उमेश पाल सिंह चौहान, थाना प्रभारी कोतवाली


फाइल फोटो

काशीराम कुशवाह, थाना प्रभारी कोहेफिजा कृष्णगोपाल शुक्ला ने पुराने शहर के अति व्यस्ततम रोड और प्रदेश के सबसे बड़े हमीदिया अस्पताल के पास आने-जाने वाले लोगों के मार्ग को सरल व सुगम करने रॉयल मार्केट पर बैरीगेट्स लगवाए। व्यवस्था को सुचारू रूप से संपादित रखने के लिए पुलिस बल तैनात किया।

### ऑटो चालक ने तीन साथियों के साथ मिलकर मार्केटिंग सुपरवाइजर को पीटा, पर्स मोबाइल झपटा

**भोपाल।** शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र स्थित बड़ा कब्रिस्तान के पास आटो चालक ने अपने तीन साथियों के साथ मिलकर मार्केटिंग सुपरवाइजर से मारपीट करते हुए मोबाइल और पर्स छीन लिया। घटना शुक्रवार शनिवार रात करीब डेढ़ बजे के आसपास की बताई जा रही है। पुलिस ने लूट का मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार शांति होम्स न्यू जेल रोड करोंद निवासी जितेन्द्र कुमार शाक्य (33) एवर्ट कंपनी में मार्केटिंग सुपरवाइजर का काम करते हैं। शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात करीब डेढ़ बजे वह ऑटो से भोपाल रेलवे स्टेशन से करोंद जा रहे थे। उसी दौरान ऑटो वाला उन्हें बड़ा बाग कब्रिस्तान की ओर ले गया। जितेन्द्र ने उससे कहा कि करोंद तो इस तरफ हैं, तो तू मुझे इधर क्यों लाया है। इस पर ऑटो वाला बोला कि मुझे इधर थोड़ा काम है। उसी दौरान ऑटो में चालक के पास बैठा युवक पीछे आकर बैठ गया। फरियादी जितेन्द्र कुछ समझ पाता, इससे पहले ही दो युवक बड़ा बाग कब्रिस्तान से आए और जितेन्द्र को पकड़ लिया। वे उसकी तलाशी लेने लगे। विरोध करने पर उन लोगों ने हाथ-मुक्कों से मारपीट कर दी और जेब में रखा पर्स और हाथ में रखा मोबाइल छीन लिया। बदमाशों ने जितेन्द्र के साथ मारपीट करने के बाद कब्रिस्तान के पास सडक पर पटक दिया और भागते हुए बोले कि यदि तूने हमारी रिपोर्ट की तो जान से खत्म कर देंगे। जितेंद्र का कहना है कि पर्स मे एटीएम कार्ड और 5500 रुपए की नगदी थी।

### सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के पिपरिया बफर क्षेत्र में में महिला की बेरहमी से हत्या अर्धनग्न हालत में मिला शव

**भोपाल।** नर्मदापुरम जिले के सतपुड़ा टाइगर रिजर्व अंतर्गत पिपरिया बफर क्षेत्र में एक महिला की बेरहमी से हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। जंगल में महिला का शव अर्धनग्न अवस्था में मिला है। मृतका का सिर बुरी तरह कुचला हुआ था और उसे कपड़े से ढंक दिया गया था, जबकि कमर से नीचे का हिस्सा खुला मिला। घटना को देखते हुए पुलिस ने दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका जताई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृत महिला की उम्र लगभग 30 से 35 वर्ष के बीच बताई जा रही है। शव की पहचान फिलहाल नहीं हो सकी है। यह मामला पिपरिया स्टेशन रोड थाना क्षेत्र का है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी आदित्य सेन पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। शनिवार दोपहर सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के पिपरिया बफर जोन में फॉरेस्ट गार्ड बारेलाल कुचरे गश्त पर निकले हुए थे। इसी दौरान डोकड़ीखेड़ा बांध के पास जंगल से तेज बदबू आने पर उन्हें संदेह हुआ। सड़क से करीब 150 मीटर अंदर जंगल किनारे जाकर देखने पर एक महिला का शव पड़ा मिला। पुलिस के अनुसार शव करीब दो दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। महिला के सिर और चेहरे पर गंभीर चोटों के निशान पाए गए हैं, जिससे हत्या की पुष्टि होती है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है और आसपास के क्षेत्रों में लापता महिलाओं की जानकारी जुटाई जा रही है। फिलहाल पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है, जिसके बाद मौत के कारणों और दुष्कर्म की पुष्टि हो सकेगी। पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है।

### बदल-बदल कर लगेगी दारोगा व अन्य कर्मचारियों की ड्यूटी

# सफाई के लिए निगम प्रशासन का नया बदलाव

■ मुख्य बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर रात में सफाई व्यवस्था होगी मजबूत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम द्वारा शहर के मुख्य बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर रात के समय की जाने वाली सफाई व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए नया बदलाव किया है। इसके तहत अब संबंधित वार्ड के दारोगा की बदल-बदलकर डयूटी लगाई जाएगी। इसी तरह सफाई कर्मचारियों की टाइमिंग का भी ध्यान रखा जाएगा ताकि एक एरिया में एक ही अमले पर काम का दबाव ज्यादा न पडे। निगम आयुक्त ने उक्त व्यवस्था को बेहतर करने के निर्देश दिए हैं। शहर में नए व पुराने शहर के बाजारों में रात में संबंधित जोन के एएचओ और दरोगा की मौजूदगी में सफाई करवाई जाती है। यह काम बाजारों में दुकानें बंद होने के बाद होता है। मैजिक वाहन भी अमले के साथ होते हैं। कुछ वार्ड ऐसे हैं जहां रात के समय सफाई अमले की डयूटी नहीं रहती। ऐसे जोन में आने वाले वार्डों के दारोगा को बदलकर दूसरे की डयूटी लगाई जाएगी। इसी तरह अन्य वार्डों की टीम को इस काम में लगाया जाएगा।

#### *शहर को सुंदर बनाने होगी वॉल पेंटिंग*

*निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने शहर को सुंदर बनाने के लिए वाल पेटिंग कराने के लिए जगह चिन्हित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। इसके लिए उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि वाल पेंटिंग के लिए जगह चिन्हित करें और उसकी सूची सौंपें ताकि यह काम जल्द से जल्द करवाया जा सके।*

### एनआरआई में बजट एनालिसिस का आयोजन, विशेषज्ञों ने रखे



**भोपाल।** एनआरआई इंस्टीट्यूट ऑफ इन्फॉर्मेशन साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी के प्रबंधन विभाग द्वारा बजट एनालिसिस- 2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ता के रूप में मप्र वित्त निगम के रिटायर्ड जनरल मैनेजर राम गिरीश द्विवेदी तथा वरिष्ठ आयकर एवं जीएसटी सलाहकार एडवोकेट सानिध्य पस्तोर द्वारा एमबीए एवं बीबीए के विद्यार्थियों को बजट के विशेष बिन्दुओं की जानकारी दी गई।कार्यक्रम में एनआरआई ग्रुप के चेयरमैन डी. सुबोध सिंह, चेयरपर्सन जयश्री सिंह, ग्रुप डायरेक्टर डॉ. जगदीश राठी, संस्थान के प्राचार्य डॉ. पूरन गौर, अकादमिक डीन डॉ. वंदना खरे एवं प्रबंधन विभाग के प्राचार्य डॉ. अभय शंकर मिश्रा के साथ सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## स्थानीय खेल समाचार

### एयर पिस्टल 10 मीटर में 583/600 का स्कोर

# आरजीपीवी को मिला इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता में गोल्ड


शूटर पुष्पेंद्र सिंह भदौरिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता है।

ग्वालियर के अंतरराष्ट्रीय शूटर मास्टर पुष्पेंद्र सिंह भदौरिया ने मेरठ में आयोजित 27 जनवरी से 4 फरवरी तक ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी शूटिंग चैंपियनशिप में पुष्पेंद्र सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एयर पिस्टल 10 मीटर में 583/600 का स्कोर हासिल कर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता में देशभर से यूनिवर्सिटी स्टेट क्वालीफाई शूटरों और इंटरनेशनल ओलंपियन शूटर्स ने भाग लिया। आरजीपीवी के डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. केटी चतुर्वेदी ने पुष्पेंद्र को इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी हैं।

### नर्मदापुरम ने भोपाल डिवीज़न को 186 रन से हराया

**भोपाल।** एमपीसीए द्वारा आयोजित एम. वाय. मेमोरियल ट्रॉफी सीनियर बॉयज इंटर डिविजनल क्रिकेट टूर्नामेंट नर्मदापुरम के एमपीसीए मैदान पर (चार दिवसीय) नर्मदापुरम डिवीजन और भोपाल डिवीजन के मध्य मैच के चौथे दिन नर्मदा पुरम डिवीजन ने दूसरी पारी में 72.2 ओवरों में 253 रन बनाए, जिसमें हिमांशु शिंदे 27 रन पर आउट और आर्यन देशमुख ने 41 रन बनाए । भोपाल डिविजन से पृथ्वीराज तोमर और पवन निर्वानी ने 3-3 विकेट लिए । इस तरह नर्मदा पुरम ने भोपाल को 317 रन का लक्ष्य दिया । भोपाल डिवीजन ने अपनी दूसरी पारी खेलते हुए 45.3 ओवरों में 130 रन ही बना सकी, जिसमें प्रारब्ध मिश्रा ने 65 रन बनाए। नर्मदा पुरम डिवीजन से रित्विक दीवान ने 7 और हिमांशु शिंदे ने 2 विकेट लिए। इस तरह नर्मदा पुरम डिवीजन ने भोपाल डिविजन को 186 रनों से हराया।

### भोपाल ट्राफी टेनिस बॉल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट 1100 क्वाटर्स भोपाल

# सागर फैन्स क्लब ने जीती भोपाल ट्राफी

» *एमसीसी मैदान पर 28 जनवरी से चल रहे टूर्नामेंट का हुआ समापन*

» *मैन ऑफ द मैच रहे अन्नू तामोट, मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार अनस को*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एमसीसी मैदान 1100 क्वाटर्स पर खेले जा रहे 28 जनवरी से खेले जा रहे भोपाल ट्राफी टेनिस बॉल नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट का आज फायनल मैच खेला गया। फायनल मैच मीरान्स नदीम इलेवन और सागर फैन्स के बीच खेला गया।

मीरान्स नदीम इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में घनश्याम के 58 रन की मदद से 113 रन बनाए। सागर फैन्स क्लब क्लब ने अन्नू तामोट



ट्रॉफी के साथ विजेता टीम।

के 61 रन की मदद से 113 रन के लक्ष्य को आसानी से 9 ओवर में 3 विकेट गंवाकर प्राप्त कर लिया। मैन ऑफ द मैच सागर फैन्स क्लब के अन्नू तामोट को दिया गया। मैन ऑफ द सीरिज पुरस्कार जेएनयू के अनस को दिया गया। बेस्ट बेट्समेन मीरान्स नदीम इलेवन के घनश्याम, बेस्ट बॉलर सागर फैन्स क्लब के इमरान और बेस्ट फिल्डर एमजी डबराल के आयुष नेगी को दिया गया। फायनल मैच के दौरान पूर्व मंत्री पी.सी. शर्मा, संचालक राजीव गांधी कॉलेज साजिद अली, भाजपा महामंत्री राहुल कोठारी, गुडडू चौहान और पार्षद अरविन्द वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### *राज्य स्तरीय बॉल बेडमिंटन पुरुष-महिला प्रतियोगिता का समापन*


विजेता टीमें।

# भोपाल संभाग ने दोनों वर्गों में राज्य स्तरीय बॉल बैडमिंटन खेल प्रतियोगिता में किया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

म.प्र. उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय हमीदिया महाविद्यालय भोपाल द्वारा आयोजित प्रथम राज्य स्तरीय बॉल बैडमिंटन (पुरूष/महिला) प्रतियोगिता के दूसरे दिन कार्यक्रम का शुभारंभ अर्थशास्त्र विभाग के प्रोफेसर डॉ. शरद तिवारी ने किया। आयोजन सचिव डॉ. वंदना श्रीवास्तव क्रीड़ा अधिकारी के नेतृत्व में आयोजित इस प्रतियोगिता में 2 दिन के खेल में सेमिफाइनल पहुंचने वाली 4 टीमों में महिला वर्ग में भोपाल, जबलपुर, उज्जैन एवं रीवा संभाग और पुरूष वर्ग में भोपाल, ग्वालियर, सागर एवं जबलपुर संभाग रहे।

महिला फाइनल मैच भोपाल और जबलपुर के बीच खेला गया, जिसमें भोपाल टीम विजेता रही। पुरुष फाइनल मैच भोपाल और जबलपुर के बीच खेला गया, जिसमें भोपाल टीम विजेता रही। महिला मैच के फाइनल में भोपाल ने जबलपुर को 35-24, 35-17 से हराकर ट्रॉफी में कब्जा किया, साथ ही पुरूष मैच के फाईनल में भोपाल ने जबलपुर को 35-19, 35-28 से हराकर दोनों वर्गों में ट्रॉफी पर कब्जा किया। ऑल इंण्डिया इंटर यूनिवर्सिटी बॉल


मैच खेलते खिलाड़ी।

बैडमिंटन खेल प्रतियोगिता 11 से 15 फरवरी अन्ना यूनिवर्सिटी तमिलनाडू में आयोजित की जाएगी। बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल से चयनित महिला खिलाड़ियों का चयन होने पर प्राचार्य एवं संघ के पदाधिकारियों ने सभी को शुभकामनाएं प्रेषित की। समापन समारोह में महाविद्यालय के प्राचार्य, नौशाद अली म.प्र. बॉल बैडमिंटन संघ के महासचिव, महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकगण, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### मंत्री सारंग ने किया राष्ट्रीय होम्योपैथिक सम्मेलन का शुभारंभ

# खिलाड़ियों के लिए होम्योपैथी उपचार एक भरोसेमंद विकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

होम्योपैथी आज वैज्ञानिक सोच, सुरक्षित उपचार और जन-स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपनी मजबूत पहचान बना चुकी है। यह पद्धति विशेष रूप से खिलाड़ियों की फिटनेस, चोटों की शीघ्र रिकवरी, स्टैमिना वृद्धि एवं मानसिक संतुलन बनाए रखने में प्रभावी सिद्ध हो रही है। युवा खिलाड़ियों के लिए होम्योपैथी एक भरोसेमंद एवं दीर्घकालिक उपचार विकल्प बनकर उभर रही है। यह बात सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने हेल्दी वर्ल्ड विजन फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय होम्योपैथिक सम्मेलन 2026 के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कही।

दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन पं. खुशीलाल शर्मा, आयुष ऑडिटोरियम, भोपाल में संपन्न होगा, जिसमें देशभर से आए प्रख्यात होम्योपैथिक चिकित्सकों, शिक्षाविदों, शोधकतार्ओं एवं विद्यार्थि सहभागिता


समारोह के दौरान पत्रिका होमियो विजन का विमोचन करते मंत्री सारंग व अतिथि।

करेंगे। सम्मेलन के दौरान होमियो विजन 3.0 पत्रिका तथा डॉ. अमित नायक एवं डॉ. पूजा नायक द्वारा लिखित पुस्तक द चैलेंजर का विमोचन किया गया। हेल्दी वर्ल्ड विजन फाउंडेशन की उपाध्यक्ष डॉ पूजा नायक बताया कि होम्योपैथी न केवल उपचार, बल्कि रोग-निवारण एवं जीवनशैली सुधार में भी अहम भूमिका निभा रही है। यह सम्मेलन होम्योपैथी के प्रचार-प्रसार, वैज्ञानिक दृष्टिकोण को सशक्त करने तथा युवा चिकित्सकों को प्रेरित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ।


समारोह में मंत्री सारंग को स्मृति चिन्ह भेंट करते आयोजक।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930